शनिवार, 4 जुलाई 2026

**मौसम**

तापमान 26 – 32
आर्द्रता 91%
सूर्योदय: 04:56 सूर्यास्त: 18:25

Epaper.samagya.in

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, आषाढ़ कृष्णपक्ष चतुर्थी, वि.स. 2083, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



मध्यम वर्ग भारत की वृद्धि का इंजन, 500 शहर बनेंगे नए आर्थिक केंद्र: सीतारमण पृष्ठ 6

सुविचार : दुनिया का सारा प्रेम भी व्यर्थ है जब समझ का पूर्ण अभाव हो।

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

लोकसभा अध्यक्ष ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया उद्घाटन, नए विधायकों को सीखने और नवाचार पर दिया जोर

# समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के लिए काम करें : ओम बिरला

कहा... 'चर्चा रचनात्मक और समाधान केंद्रित होनी चाहिए'




**कोलकाता, समाज्ञा :** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को कहा कि लोकतांत्रिक विमर्श केवल आलोचना तक सीमित नहीं रहना चाहिए बल्कि यह रचनात्मक और व्यावहारिक समाधान पर केंद्रित होना चाहिए। कोलकाता के राजारहाट न्यूटाउन स्थित विश्व बांग्ला कन्वेंशन सेंटर में विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए आयोजित प्रबोधन कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए बिरला ने कहा कि लोकतंत्र में सहमति और असहमति स्वाभाविक हैं लेकिन मतभेदों को हमेशा तर्कसंगत, गरिमापूर्ण और सम्मानजनक बहस के माध्यम से व्यक्त किया जाना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विधायी चर्चा का केंद्र केवल आलोचना नहीं बल्कि समाधान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि रचनात्मक बहस एक जीवंत लोकतंत्र की पहचान है। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि आलोचना विधायी कार्यप्रणाली का एक आवश्यक हिस्सा है लेकिन हर चर्चा में जनता की समस्याओं के व्यावहारिक समाधान भी प्रस्तुत किए जाने चाहिए। सार्थक लोकतांत्रिक विमर्श को आलोचना से आगे बढ़कर रचनात्मक और लागू किए जा सकने वाले समाधानों पर समान रूप से ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर चर्चा, कानून और नीति का मार्गदर्शन जनकल्याण से होना चाहिए और उसका उद्देश्य नागरिकों की चुनौतियों के व्यावहारिक समाधान तलाशना होना चाहिए। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को अपना हस्तक्षेप तथ्यों, शोध और तर्कपूर्ण विचारों के आधार पर करना चाहिए, ताकि लोकतांत्रिक विमर्श की गुणवत्ता समृद्ध हो सके। उन्होंने कहा कि विधानमंडल ऐसे संस्थान बने रहने चाहिए जहां विचारों में प्रतिस्पर्धा हो, लेकिन लोकतांत्रिक मूल्यों की हमेशा विजय हो। बिरला ने कहा कि निर्वाचित प्रतिनिधि जनता की आकांक्षाओं के संरक्षक होते हैं और उन्हें कानून निर्माण, रचनात्मक बहस तथा सुशासन में सक्रिय योगदान देना चाहिए, साथ ही पश्चिम बंगाल की समृद्ध लोकतांत्रिक और सांस्कृतिक विरासत को भी संरक्षित रखना चाहिए। बिरला ने नवनिर्वाचित सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि जनता ने उन पर अपार विश्वास जताया है और उनसे जवाबदेह, संवेदनशील और दूरदर्शी नेतृत्व की अपेक्षा की है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विधायक की अपने निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने की जिम्मेदारी है लेकिन साथ ही नीति निर्माण और विधायी प्रक्रिया में सार्थक भागीदारी के माध्यम से पूरे राज्य के विकास में योगदान देना भी उनकी जिम्मेदारी है। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान पश्चिम बंगाल विधानसभा में बड़ी संख्या में पहली बार निर्वाचित होकर आए सदस्य और युवा विधायक हैं तथा यह राज्य में नए विचारों, नवाचार और जनकेंद्रित शासन को बढ़ावा देने का एक ऐतिहासिक अवसर है। उन्होंने सार्वजनिक जीवन में युवाओं और महिलाओं की बढ़ती भागीदारी की भी सराहना की। बिरला ने सदस्यों को सलाह दी कि वे विधानसभा के भीतर अधिक से अधिक समय बिताएं, चाहे उनके बोलने का अवसर निर्धारित हो या नहीं।

## सभी दलों के विधायकों को साथ लेकर काम कर रही सरकार : शुभेंदु अधिकारी

कहा... 'विपक्षी विधायकों को मिलेगा समान सम्मान और लोकतांत्रिक अधिकार'

मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में भाजपा नीत सरकार नेता प्रतिपक्ष सहित सभी विधायकों को साथ लेकर प्रशासन में बदलाव लाने और लोगों के कल्याण के लिए काम करने की कोशिश कर रही है। विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए आयोजित प्रबोधन कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि पहले प्रशासन के अलावा विधानसभा भी सत्तारूढ़ पार्टी के दफ्तर से मिलने वाले निर्देशों के अनुसार काम करती थी। उन्होंने कहा कि पहले सांसदों या विधायकों का कोई सम्मान नहीं होता था। प्रखंड विकास अधिकारी (बीडीओ) और जिलाधिकारी उन्हें कार्यक्रमों में बुलाते तक नहीं थे। मुझे भी प्रशासनिक बैठकों के लिए कोई निमंत्रण नहीं भेजा जाता था। मुझे विधानसभा से पांच बार निलंबित किया गया। विधानसभा के सभी महत्वपूर्ण सत्र में मुझे निलंबित कर दिया गया था। मुख्यमंत्री ने ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पिछली तृणमूल कांग्रेस सरकार का नाम लिए बिना कहा कि प्रशासन के अलावा, विधानसभा भी सत्तारूढ़ पार्टी के दफ़्तर से मिलने वाले निर्देशों के आधार पर काम करती थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह प्रशासन के सभी क्षेत्रों में बदलाव लाने की कोशिश कर रहे हैं और साथ ही सांसदों और विधायकों को ज़्यादा जिम्मेदारियां भी सौंप रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब सभी विधायक और सांसद, चाहे वे किसी भी दल से हों, प्रशासन की ओर से आयोजित सभी कार्यक्रमों और बैठकों के लिए आमंत्रण प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं दलगत भेदभाव से ऊपर उठकर सभी विधायकों को साथ लेकर चल रहा हूं। हम नेता प्रतिपक्ष के साथ भी मिलकर काम कर रहे हैं।

## आदित्य एल1 ने सूर्य पर 'आयरन फ्लोरेसेंस' की घटना दर्ज की

**नयी दिल्ली :** सूर्य का अध्ययन करने वाले भारत के पहले अंतरिक्ष आधारित मिशन 'आदित्य-एल1' ने सौर ज्वालाओं के दौरान वहां 'आयरन फ्लोरेसेंस' की एक अनोखी घटना दर्ज की है। यह जानकारी एक नए अध्ययन में सामने आई। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि यह आयरन फ्लोरेसेंस (लौह प्रतिदीप्ति) की घटना एक विशाल सौर ज्वाला के दौरान होती है, जो सूर्य के ऊपरी वायुमंडल (कोरोना) को अत्यधिक उच्च तापमान तक गर्म कर देती है, जिससे उच्च-ऊर्जा एक्स-रे की भारी मात्रा में तरंगें उत्सर्जित होती हैं। इनमें से ज्यादातर एक्स-रे किरण अंतरिक्ष की ओर बाहर निकल जाती हैं, लेकिन उनका एक हिस्सा नीचे की ओर भी जाता है और सूर्य की ठंडी तथा अधिक घनी सतह परत, जिसे 'फोटोस्फीयर' कहा जाता है, से टकराता है। आदित्य-एल1 के 'सोलर लो एनर्जी एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर' (एसओएलईएक्सएस) में इस घटना का पता लगाने की क्षमता है। 'सोलर फिजिक्स' पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में कहा गया है कि 'आयरन फ्लोरेसेंस' की देखी गई चमक इस बात पर काफी निर्भर करती है कि सौर ज्वाला 'सन डिस्क' (सौर सतह) के किस स्थान पर उत्पन्न होती है।

# दुनियाभर से लोग अपने युवाओं को प्रशिक्षित करने के लिए आरएसएस की मदद चाहते हैं : भागवत



**नागपुर :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि दुनियाभर से लोग संघ के कार्यों को देखने आ रहे हैं और पूछ रहे हैं कि क्या संगठन उनके संबंधित देशों के युवाओं को प्रशिक्षित करने का तरीका उन्हें सिखा सकता है। भागवत ने यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इस धारणा को भी खारिज करने का प्रयास किया कि संघ उन सभी संगठनों को पर्दे के पीछे से नियंत्रित या संचालित करता है, जिनमें उसके स्वयंसेवक जुड़े हुए हैं वह यूट्यूब वीडियो ''डॉ. हेडगेवार: आधुनिक युग के शालिवाहन'' के सार्वजनिक प्रसारण के मौके पर आयोजित एक सभा को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम के दौरान भागवत ने संघ के शताब्दी समारोह के तहत आरएसएस के प्रचारकों के जीवन पर आधारित 100 वीडियो भी जारी किए। 'प्रचारक' आरएसएस के पूर्णकालिक स्वयंसेवक होते हैं, जो संगठन के विस्तार के लिए कार्य करते हैं। भागवत ने कहा कि आरएसएस और उसके स्वयंसेवकों की सर्वोच्च प्राथमिकता ऐसा व्यक्तित्व निर्माण करना है, जो समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सेवा करने में सक्षम हों। उन्होंने कहा, ''एक आदर्श इंसान कैसे बनाया जाए... इसकी इतनी प्रभावी पद्धति दुनिया में कहीं उपलब्ध नहीं है। पहले मैं इसकी चर्चा करता था, लेकिन अब यह बात सभी को दिखाई देने लगी है, क्योंकि देश और विदेश से लोग आते हैं और आरएसएस के कार्यों को देखते हैं।'' उन्होंने कहा, ''और एक बात हर कोई कहता है... पांचों महाद्वीपों से लोग आए और सभी ने यही कहा। जो भी यहां आता है, वह पूछता है-क्या आप लोग हमें ऐसा प्रशिक्षण देंगे, ताकि हम अपने देश के युवाओं को भी इसी प्रकार का प्रशिक्षण दे सकें।'' भागवत ने कहा, ''आरएसएस केवल गतिविधियों तक ही सीमित नहीं है। गतिविधियां तो (एक स्वयंसेवक का) दूसरा गुण हैं।''उन्होंने कहा, ''पहला गुण आरएसएस के जीवन-मूल्यों के अनुरूप जीवन जीना है। लोग अक्सर गलतफहमी में यह मान लेते हैं कि अनेक संगठनों में संघ के स्वयंसेवक विभिन्न गतिविधियां चला रहे हैं, इसलिए आरएसएस ही उन सभी को संचालित करता है या उन्हें केंद्रीय स्तर से अथवा पर्दे के पीछे से नियंत्रित करता है। लोग ऐसा मानते हैं, लेकिन वास्तविकता यह नहीं है।'' उन्होंने कहा कि आरएसएस का मिशन केवल व्यक्तित्व निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि राष्ट्र को विजयी बनाना और ''धर्म'' की रक्षा करने की शक्ति को सुरक्षित बनाए रखना भी है। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि जो लोग हिंदू राष्ट्र का हिस्सा हैं, उन्हें देश के धर्म की रक्षा करनी चाहिए और स्वयं भी उसका पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा, ''हमें पूरे विश्व को धर्म का संदेश देना है। धर्म की रक्षा में उसे बाहरी आक्रमणों से सुरक्षित रखना शामिल है। उसका संरक्षण भी उसकी रक्षा ही है और धर्म की रक्षा उसका पालन करने से ही होती है और ऐसा करके हम अपने राष्ट्र को बहुत गौरवशाली और ताकतवर बनाएंगे।'' भागवत ने कहा कि दुनिया अब भारत से सही मार्ग दिखाने की अपेक्षा करती है, लेकिन यह तभी संभव होगा, जब भारत गौरवशाली और शक्तिशाली बनेगा।

# सिंधु जल संधि पर भारत का रुख अडिग, यह अभी स्थगित है: विदेश मंत्रालय



**नयी दिल्ली :** सिंधु जल संधि पर भारत का रुख अडिग है और पाकिस्तान द्वारा सीमा पार आतंकवाद को निरंतर समर्थन दिए जाने के जवाब में यह संधि फिलहाल स्थगित है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। भारत ने 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ दंडात्मक उपायों के तहत 2025 में इस संधि को निलंबित कर दिया था। पहलगाम हमले में 26 लोगों की मौत हो गयी थी। इस्लामाबाद में इस संधि पर हाल ही में आयोजित एक संगोष्ठी के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अपनी साप्ताहिक प्रेस वार्ता में कहा, सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) पर, मैं वही दोहराऊंगा जो हमने पहले भी कहा है। सिंधु जल संधि पर भारत का रुख अडिग है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान द्वारा सीमा पार आतंकवाद को निरंतर समर्थन दिए जाने के जवाब में सिंधु जल संधि फिलहाल स्थगित है। उन्होंने कहा, पाकिस्तान को सीमा पार आतंकवाद को दिए जाने वाले अपने समर्थन को विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय रूप से त्यागना होगा। विश्व बैंक की मध्यस्थता में हुई यह संधि, 1960 से ही भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु नदी और उसकी सहायक नदियों के पानी के वितरण और उपयोग को नियंत्रित करती आ रही है। मंगलवार को इस्लामाबाद में आयोजित संगोष्ठी में, उपप्रधानमंत्री इसहाक डार ने कहा कि पाकिस्तान सिंधु जल संधि को रद्द करने के भारत के फैसले को खारिज करता है और यह संधि 'वैध, बाध्यकारी और प्रभावी' बनी हुई है। उन्होंने कहा था, कोई भी पक्ष एकतरफा रूप से ऐसी संधि के तहत अपने दायित्वों को निलंबित या समाप्त नहीं कर सकता है, जिसमें ऐसा कोई प्रावधान ही न हो।

# सरकार का दावा, पेट्रोल में एथनॉल मिलाने का कार्यक्रम वैज्ञानिक अध्ययन पर आधारित

**नयी दिल्ली :** सरकार ने देश के ई20 एथनॉल कार्यक्रम को लेकर सोशल मीडिया पर फैल रही विभिन्न भ्रामक जानकारियों को शुक्रवार को स्पष्टीकरण जारी किया। सरकार ने कहा कि 20 प्रतिशत एथनॉल मिले पेट्रोल को लेकर गलत जानकारियां फैलाई जा रही हैं, जो पूरी तरह से गलत हैं। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 10 बिंदुओं में स्पष्ट किया कि यह कार्यक्रम वैज्ञानिक अध्ययन, वैश्विक अनुभव और नियामकीय सुरक्षा उपायों पर आधारित है। इस कार्यक्रम के तहत पेट्रोल में 20 प्रतिशत तक एथनॉल मिलाया जाता है। मंत्रालय ने उन दावों को खारिज कर दिया कि एक लीटर एथनॉल बनाने में 10,000 लीटर पानी खर्च होता है और कहा कि एथनॉल बनाने के लिए सिर्फ़ वही अतिरिक्त चावल इस्तेमाल किया जाता है जो देश की खाद्य सुरक्षा ज़रूरतों को पूरा करने के बाद बचता है। मंत्रालय ने कहा कि एथनॉल उत्पादन में प्रति लीटर मात्र करीब तीन-पांच लीटर प्रसंस्कृत पानी का उपयोग होता है और अब 'जीरो लिक्विड डिस्चार्ज' प्रणाली का उपयोग कर पानी का पुनर्चक्रण किया जाता हैं। सरकार ने यह भी बताया कि अब एथनॉल उत्पादन में इस्तेमाल होने वाले कच्चे माल में मुख्य रूप से मक्का का उपयोग बढ़ा है। मक्का उत्पादन में धान की तुलना में कम पानी की जरूरत होती है और इसे प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। वाहनों पर प्रभाव को लेकर मंत्रालय ने कहा कि भारतीय वाहन अनुसंधान संघ (एआरएआई) ने लगभग 40,000 किलोमीटर (कारों पर) और 20,000 किलोमीटर (दो-पहिया वाहनों) पर परीक्षण किए, जिसमें वाहन के प्रदर्शन या ईंधन दक्षता पर कोई बड़ा नकारात्मक असर नहीं पाया गया। केवल माइलेज में कुछ हद तक बदलाव देखा गया। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया कि अमेरिका, ब्राज़ील, कनाडा, जापान और कई यूरोपीय देशों में लंबे समय से एथनॉल मिश्रित ईंधन का उपयोग हो रहा है।

# अमरनाथ यात्रा के पहले दिन करीब 12 हजार श्रद्धालुओं ने पवित्र शिवलिंग के दर्शन किये

उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ने अमरनाथ यात्रियों को शुभकामनाएं दीं



**श्रीनगर :** अमरनाथ की 57 दिवसीय सालाना तीर्थ यात्रा के पहले दिन 12 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने गुफा मंदिर में प्राकृतिक रूप से बर्फ से बने शिवलिंग के दर्शन किए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अमरनाथ यात्रा तड़के शुरू हुई। यह यात्रा एक ही समय पर दो रास्तों अनंतनाग ज़िले में पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबे नुनवान-पहलगाम रास्ते से और गांदरबल जिले में छोटे लेकिन ज़्यादा खड़ी चढ़ाई वाले 14 किलोमीटर लंबे बालटाल रास्ते से शुरू हुई। अधिकारियों ने बताया कि दक्षिण कश्मीर हिमालय में 3,800 मीटर ऊंचे गुफा मंदिर में लगभग 12,100 तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए। इन तीर्थयात्रियों में लगभग 9,350 पुरुष, 2,250 महिलाएं, 200 से ज़्यादा बच्चे, 70 साधु, नौ तृतीय लिंग के और 260 से अधिक सुरक्षाकर्मी शामिल थे। उन्होंने बताया कि दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग में पहलगाम के नुनवान आधार शिविर और मध्य कश्मीर के गांदरबल में सोनमर्ग इलाके के बालटाल आधार शिविर से पुरुषों, महिलाओं और साधुओं समेत तीर्थयात्रियों के जत्थे सुबह-सुबह रवाना हुए। अधिकारियों ने बताया कि यह यात्रा 28 अगस्त श्रावण पूर्णिमा को 'छड़ी मुबारक' के पवित्र गुफा तक पहुंचने के साथ समाप्त होगी।

# मोदी 6-11 जुलाई तक इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की यात्रा करेंगे

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 6 से 11 जुलाई तक तीन देशों इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की यात्रा करेंगे। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एमईए ने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य इन तीनों देशों के साथ भारत के संबंधों को और प्रगाढ़ करना है। यात्रा के पहले चरण में प्रधानमंत्री इंडोनेशिया जाएंगे। इसके बाद वह ऑस्ट्रेलिया की यात्रा करेंगे, जहां उनके प्रमुख कार्यक्रम मेलबर्न में आयोजित होंगे। वह अपनी यात्रा के अंतिम चरण में न्यूजीलैंड जाएंगे। विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व) रुद्रेन्द्र टंडन ने संवाददाताओं से कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की न्यूजीलैंड यात्रा विशेष महत्व की होगी, क्योंकि यह लगभग 40 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा होगी। इससे पहले दिन में न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने घोषणा की कि प्रधानमंत्री मोदी अगले सप्ताह न्यूजीलैंड की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा करेंगे। लक्सन ने सोशल मीडिया पर कहा, ''मुझे यह घोषणा करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगले सप्ताह न्यूजीलैंड की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा करेंगे।'' हालांकि, उन्होंने यात्रा की तारीख का खुलासा नहीं किया। उन्होंने भारत को दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक बताते हुए कहा कि न्यूजीलैंड की आर्थिक समृद्धि के लिए भारत अत्यंत महत्वपूर्ण है। लक्सन ने कहा, ''अप्रैल में हस्ताक्षरित न्यूजीलैंड-भारत मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के माध्यम से हम दोनों देशों के संबंधों को अगले स्तर पर ले जा रहे हैं। इससे न्यूजीलैंड में अधिक रोजगार, निर्यात में वृद्धि और मजबूत आर्थिक वृद्धि सुनिश्चित होगी।'' उन्होंने कहा कि यह समझौता नए अवसरों के द्वार खोलेगा और न्यूजीलैंड की वस्तुओं एवं सेवाओं के लिए 1.4 अरब लोगों के बाजार तक पहुंच उपलब्ध कराएगा। उन्होंने कहा कि इससे ''न्यूजीलैंड के समुदायों में अधिक धन आएगा, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और मजदूरी में वृद्धि होगी।''

# गुजरात एटीएस ने आतंकी संगठन 'जैश-ए-मोहम्मद' के आठ 'सदस्यों' को गिरफ्तार किया



**अहमदाबाद :** गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से संबंध रखने के आरोप में गुजरात के विभिन्न जिलों और मध्य प्रदेश से आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें से दो आरोपियों की उम्र 18 और 19 वर्ष है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपी गुजरात में एक सक्रिय आतंकी नेटवर्क स्थापित करने की दिशा में काम कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि सात आरोपियों को गुजरात से और एक को मध्य प्रदेश से गिरफ्तार किया गया। एटीएस के एक अधिकारी ने बताया, ''आठों आरोपियों को बृहस्पतिवार को गुजरात के विभिन्न जिलों और मध्य प्रदेश से गिरफ्तार किया गया। वे प्रतिबंधित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के सदस्य हैं और गुजरात में एक सक्रिय आतंकी नेटवर्क खड़ा करने के लिए उसकी ओर से सक्रिय रूप से काम कर रहे थे।'' एटीएस ने गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान बनासकांठा के निवासी अहमद अब्दुल्ला गाजीवाला (19), मुदस्सिर अब्दुल्ला गाजीवाला (22) और इब्राहिम मोहम्मद हुसैन घाघा (30) निवासी बनासकांठा तथा जकारिया दुरानी मोहम्मद अम्मार घाघा (21), मुफ्ती फौजान इस्माइल दौवा (40) और मोहम्मद अमीन शेरा (21) निवासी पाटन जिला; नवसारी जिले के निवासी मोहम्मद अब्दुल रहमान सावदी (22); और बिलाल दुरानी मोहम्मद अम्मार घाघा (18) निवासी मध्य प्रदेश के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि आठों आरोपियों के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) तथा भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## फ्रांस में भीषण गर्मी के दौरान मृतकों की संख्या 29 प्रतिशत बढ़ी: स्वास्थ्य एजेंसी

**पेरिस :** फ्रांस में पिछले महीने पड़ी रिकॉर्ड तोड़ गर्मी के समय सबसे गर्म सप्ताह के दौरान मौतों की संख्या में लगभग एक-तिहाई की बढ़ोतरी हुई। सार्वजनिक स्वास्थ्य प्राधिकरण 'पब्लिक हेल्थ फ्रांस' ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। प्राधिकरण ने बताया कि इस दौरान पिछले सप्ताह की तुलना में कम से कम 2,000 ज्यादा मौतें दर्ज की गईं। प्राधिकरण के नए आंकड़ों के अनुसार मृतकों की संख्या उसके पिछले रविवार के शुरुआती अनुमान से दो-गुनी हो गई है। उस समय प्राधिकरण ने कम से कम 1,000 अतिरिक्त मौतों का अनुमान लगाया था। वह अनुमान केवल भीषण और जानलेवा गर्मी वाले तीन सबसे गर्म दिनों पर आधारित था। पेरिस में अंतिम संस्कार सेवाओं से जुड़े लोगों ने कहा है कि उन्हें दफनाने या अंतिम संस्कार से पहले शवों को रखने के लिए जगह ढूंढ़ने में परेशानी हो रही है। कुछ शवगृह पूरी तरह भर चुके हैं और वहां शव लेने से इनकार किया जा रहा है। प्राधिकरण की ओर से जारी मौतों के ताजा आंकड़े 22 जून से 28 जून के सप्ताह के हैं। इसी दौरान फ्रांस के इतिहास में सबसे अधिक गर्मी पड़ी और देश के कई शहरों व कस्बों में दिन और रात के तापमान के पुराने रिकॉर्ड टूट गए।



# पहले हितधारकों की चिंताओं को दूर कीजिए

खाड़ी युद्ध के चलते उपजे ईंधन संकट ने भारत समेत पूरी दुनिया को सबक दिए हैं कि देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिये नये विकल्प तलाशे जाएं। भारत जैसे देश के लिये तो यह बड़ी चुनौती है क्योंकि हम पूरी तरह कच्चे तेल व गैस के लिये विदेशी संसाधनों पर ही निर्भर हैं। जिससे संकटपूर्ण स्थितियों में न केवल महंगाई बढ़ती है बल्कि हमारी दुर्लभ विदेशी मुद्रा भी दांव पर लगती है। ऐसे ही संकट से जूझने के लिये देश ने इथेनॉल के विकल्प पर गंभीरता से विचार किया। देश में पहले ही सामान्य पेट्रोल में बीस फीसदी इथेनॉल मिलाया जा रहा है। देश में विदेशी मुद्रा की बचत व आत्मनिर्भरता की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है। हाल ही में फ्लेक्स-फ्यूल गाड़ियों के लिये ज्यादा इथेनॉल वाले ई-85 फ्यूल उपलब्ध कराया गया। लेकिन अभी भी उपभोक्ताओं और ऑटोमोटिव इंडस्ट्री के बीच कई मुद्दों को लेकर चिंताएं बनी हुई हैं। दरअसल,ये वाहन ई-85 यानी 85 फीसदी इथेनॉल और 15 फीसदी पेट्रोल तथा ई-100 यानी शुद्ध इथेनॉल वाले मिश्रण पर चलने के लिये डिजाइन किये गए हैं। जबकि पेट्रोल से चलने वाली सामान्य गाड़ियां ई-20 यानी बीस फीसदी इथेनॉल और 80 फीसदी पेट्रोल के अनुकूल होती हैं। दरअसल, चुनिंदा आउटलेट्स पर ई-85 उपलब्ध कराने का निर्णय आयातित कच्चे तेल पर निर्भरता कम करने के मकसद से लिया गया है। यह एक हकीकत है कि आज भी देश का नब्बे फीसदी कच्चा तेल आयातित किया जा रहा है। दुनियाभर में गाहे-बगाहे पैदा होने वाले भू-राजनीतिक संकटों ने बार-बार देश के ऊर्जा इकोसिस्टम की खामियों को ही उजागर किया है। इसमें दो राय नहीं है कि फ्लेक्स-फ्यूल गाड़ियों के लिये इथेनॉल को मुख्य ईंधन के रूप से बढ़ावा देने का मकसद ऊर्जा जरूरतों में आत्मनिर्भरता हासिल करने की दिशा में बढ़ना है। वहीं दूसरी ओर इसके उपयोग से हम ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में भी कमी ला सकते हैं।

निश्चय ही वाहनों में इथेनॉल को बढ़ावा देना देश में आयातित कच्चे तेल के दबाव को कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। लेकिन इस बदलाव को सिरे चढ़ाने के लिए बहुत सोच-समझकर आगे बढ़ना चाहिए, जिससे लोगों की आशंकाएं दूर हो सकें। जरूरत लोगों का भरोसा हासिल करने की है। भारत में इथेनॉल मिले तेल के उपयोग ने इससे होने वाले तमाम फायदों को साबित किया है। इससे काफी विदेशी मुद्रा की बचत भी हुई है। साथ ही देश में इथेनॉल का सशक्त उद्योग विकसित हुआ है। यदि बाजार में इथेनॉल पर लोगों का भरोसा बढ़ता है और इसकी मांग बढ़ती है तो इससे किसानों को कमाई के नये अवसर मिल सकते हैं। इथेनॉल की ज्यादा मांग होने पर गन्ने और मक्का का बाजार विस्तार लेगा। वहीं दूसरी ओर ई-85 की कीमत पारंपरिक पेट्रोल के मुकाबले कम रखने के फैसले से, उन उपभोक्ताओं को फायदा हो सकता है, जिनके पास इसके अनुकूल गाड़ियां है। भले ही इस फ्यूल की ईंधन दक्षता कम हो, लेकिन यह कदम देश की अर्थव्यवस्था को संबल देगा। बहरहाल, इस उम्मीद के साथ ही, हमें हकीकत का भी ध्यान रखना है। दरअसल, ऑटोमोबाइल बनाने वाली कंपनियों ने इंजन की क्षमता, जंग लगने, ईंधन सिस्टम पर प्रभाव और इसकी दीर्घकालिक क्षमता को लेकर चिंताएं जतायी हैं। निस्संदेह, इन मुद्दों को सीधे खारिज करने के बजाय इन पर गंभीर रूप से मंथन करना चाहिए। अगर इन मुद्दों का निराकरण नहीं होता है तो भ्रम व संशय की स्थिति बनी रहेगी। जिसे अविलंब दूर करने की भी जरूरत है। इस वैकल्पिक ईंधन की सहज उपलब्धता के साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर व गाड़ियों को इसके अनुरूप बनाना, वैकल्पिक ईंधन की गुणवत्ता के मानकों का निर्धारण तथा इससे जुड़े तकनीकी प्रशिक्षण में सुधार किया जाना चाहिए। इस तथ्य को नकारा नहीं जा सकता कि बॉयोफ्यूल इतनी जल्दी फॉसिल फ्यूल का विकल्प नहीं बन सकता। इस बाबत पर्याप्त तैयारी, पारदर्शिता और सभी हितधारकों का सहयोग लेना जरूरी है। इस मामले में जल्दबाजी करने से बचा जाना चाहिए। यदि हम सजगता व सतर्कता से आगे बढ़ते हैं तो ई-85 एक सफल मॉडल बन सकता है। अन्यथा हम एक अच्छा मौका चूक सकते हैं।

# नागरिकों और व्यवसायों को सहूलियत - डिजिटल इंडिया की 11 वर्षों की विरासत



श्री एस. कृष्णन

सिर्फ एक दशक पहले तक उत्तर प्रदेश के दूरदराज के किसी गांव में किसान को सब्सिडी हासिल करने या उपज बढ़ाने के बारे में सलाह लेने के लिए कागजों के ढेर में सिर खपाना पड़ता था। उस जमाने में कतार में खड़ा होना रिवाज जैसा था। लेकिन आज वह किसान किसी दलाल के बिना ही फसल के बारे में सहायता पा सकता है और सब्सिडी भी सीधे उसके बैंक खाते में जमा हो जाती है।

मौजूदा समय में किसी भी गली से गुजरते हुए आप एक खामोश क्रांति को महसूस कर सकते हैं। एक ऐसी क्रांति जिसने जीने की सहूलियत को बुनियादी तौर पर बदल दिया है। पहले किसी फल बेचने वाले या तिपहिया चालक को लेनदेन नकद में करनी पड़ती थी। लेकिन अब वह गर्व से अपनी ठेली या ऑटोरिक्शा से झूलते क्यूआर कोड की ओर इशारा कर देता है।

102.86 करोड़ नागरिकों के डिजिटल जुड़ाव ने भारत को सशक्त बनाया है। देश में 99.56 करोड़ ब्रॉडबैंड ग्राहकों के विशाल समुदाय से इसे मदद मिली है। मोबाइल डाटा की 8 से 10 रुपए प्रति जीबी की कीमत बेहद किफायती है। लिहाजा, प्रति व्यक्ति मासिक डाटा खपत 24.01 जीबी के असाधारण स्तर पर पहुंच चुकी है। इस डिजिटल बुनियाद ने नागरिकों और सरकार के बीच रिश्ते को पूरी तरह से बदल दिया है। यह रिश्ता विश्वास, पारदर्शिता और डिजिटल स्वायत्तता पर टिका हुआ है।

**फासले को मिटाने वाला सेतु**

इस क्रांति का पहला कदम पहुंच का लोकतांत्रीकरण तथा एक ऐसा मजबूत और स्वदेशी डिजिटल पहचान फ्रेमवर्क बनाना था जो प्रौद्योगिकी में आत्मनिर्भरता की गारंटी करे। 'भारतनेट' कार्यक्रम को बड़े पैमाने पर लागू किया गया और इसने लगभग 2.2 लाख ग्राम पंचायतों को तेज रफ्तार ब्रॉडबैंड से जोड़ दिया। इस तरह, इसने सुनिश्चित किया कि आर्थिक अवसरों की राह में भौगोलिक स्थितियां अवरोध नहीं बनें।

144 करोड़ से ज्यादा आधार पहचानों के सृजन के साथ अवसंरचना की छलांग ने 'जनधन', 'आधार' और 'मोबाइल' (जैम) की तिकड़ी को ईंधन प्रदान किया। सरकार संप्रभु डिजिटल पहचान फ्रेमवर्क का इस्तेमाल करते हुए प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के जरिए नागरिकों को 51.5 लाख करोड़ रुपए सफलतापूर्वक हस्तांतरित कर चुकी है। इस प्रणाली ने धन की बर्बादी और बिचौलिए की जरूरत को प्रभावी ढंग से खत्म कर दिया है। इसने करोड़ों परिवारों के हाथों में वित्तीय स्वायत्तता सौंप कर उनकी जिंदगी की सहूलियत में नाटकीय सुधार किया है।

**डीपीआई: रोजमर्रा की जिंदगी और उद्यम का कायाकल्प**

बुनियाद तैयार हो जाने के बाद भारत की डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई) ने समस्याएं सुलझाने के लिए हल तैयार कर नागरिकों की रोजमर्रा की जिंदगी बदल दी है। 'डिजिलॉकर' जैसे प्लेटफॉर्मों ने नागरिकों और व्यवसायों के लिए प्रक्रियाओं को बेहद सुचारू बना दिया है। 'डिजिलॉकर' के पंजीकृत उपयोगकर्ताओं की संख्या 70 करोड़ से ज्यादा है और उनके 900 करोड़ से ज्यादा दस्तावेज इस प्लेटफॉर्म पर हैं। इसने कागजी कार्रवाइयों को खत्म कर केवाईसी प्रक्रियाओं और दस्तावेज सत्यापन को फौरन पूरा करना संभव बनाया है। इससे उद्यमों के लिए खर्च और समय में काफी कटौती हुई है। बैंकों, दूरसंचार सेवा प्रदाताओं और वित्तप्रौद्योगिकी संस्थानों को ग्राहकों का सत्यापन करने में कई दिनों के बजाय अब सिर्फ कुछ पल ही लगते हैं।

सरकार ने 'गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस' (जेम) के ज़रिए 19.51 लाख करोड़ रुपये से ज़्यादा की खरीद की है। यह छोटे मैन्युफैक्चरर या पहली बार काम करने वाले विक्रेता के लिए, बिचौलियों के बिना सरकारी अनुबंध हासिल करने में बेहतर व्यावसायिक अवसर प्रदान करता है।

दूरदराज से सार्वजनिक सेवाओं का लाभ उठाने के लिए, 'उमंग' एप्लिकेशन ने केंद्र और राज्य सरकार की सेवाओं को सीधे नागरिकों की पहुँच में ला दिया है। यह ऐप अब 11.6 करोड़ से अधिक पंजीकृत उपयोगकर्ताओं को सेवाएँ दे रहा है, जिसके ज़रिए 2,572 सरकारी सेवाओं का लाभ उठाया जा सकता है और इससे अब तक 797.84 करोड़ से अधिक लेनदेन किए जा चुके हैं।

इस पूरे इकोसिस्टम की सबसे अहम चीज़ 'यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस' (यूपीआई) है। सड़क के किनारे ठेली लगाने वाले फल विक्रेता को सहूलियत देने वाला क्यूआर कोड एक संप्रभु भुगतान प्रणाली है जिस पर रोजाना 75 करोड़ लेनदेन होते हैं। आज, दुनिया भर में होने वाले कुल तुरंत किये जाने वाले डिजिटल भुगतानों में से लगभग आधे अकेले भारत में होते हैं और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भी यूपीआई को दुनिया की सबसे बड़ी तुरंत भुगतान प्रणाली के रूप में मान्यता दी है।

यह उन 24 देशों के लिए बेहद ज़रूरी हो गया है, जिनके साथ भारत ने अपने डिजिटल गवर्नेंस प्लेटफ़ॉर्म को अपनाने और उसी तरह की भुगतान प्रणाली तैयार करने के लिए औपचारिक रूप से समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके अलावा, यूपीआई अब संयुक्त अरब अमीरात (यूएइ), सिंगापुर और फ्रांस सहित 9 देशों में काम कर रहा है।

प्रौद्योगिकी को एक 'जन-हित की चीज़ मानने की यह सोच सीधे तौर पर स्वास्थ्य के क्षेत्र में समानता और लोगों के जीवन को आसान बनाने से जुड़ी है। ई-संजीवनी प्लेटफ़ॉर्म के ज़रिए, भारत ने 48 करोड़ से ज़्यादा मुफ़्त टेली-परामर्श की सुविधाएँ दी हैं, जिससे दूर-दराज़ और कम सुविधा वाले इलाकों के मरीज़ भी विशेषज्ञ डॉक्टरों से सलाह ले सकते हैं।

इसी तरह, दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान एक स्वदेशी प्लेटफॉर्म द्वारा संचालित किया गया था। 'कोविन' के माध्यम से 220 करोड़ से अधिक कोविड-19 वैक्सीन की खुराक दी गई और उनका पारदर्शी रूप से ट्रैक रखा गया। इसने एक ऐसा मजबूत डिजिटल ढांचा तैयार किया जिसका अध्ययन दुनिया भर की स्वास्थ्य प्रणालियों ने किया।

**भविष्य पर निगाह**

डिजिटल इंडिया के 11वें वर्ष के समापन के साथ, यह मिशन अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों की ओर मजबूती से अग्रसर है, इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि इनका उपयोग भारत और विकासशील देशों की चुनौतियों को हल करने के लिए सार्वजनिक हित के रूप में किया जाए।

सालों तक, कंप्यूटिंग पावर की भारी लागत ने छोटे शहरों के प्रतिभावान युवा नवोन्मेषकों को उन्नत प्रौद्योगिकी से दूर रखा। 'इंडियाएआई' मिशन के तहत, भारत स्टार्टअप्स के लिए व्यापार करने की सुगमता को बढ़ाने के लिए इस बाधा को व्यवस्थित रूप से दूर कर रहा है। सरकार ने सभी की पहुँच को आसान बनाने के लिए एक विशाल, साझा कंप्यूटिंग सुविधा स्थापित की है। देश के घरेलू स्टार्टअप्स और छात्रों को महज 65 रुपये प्रति घंटे की दर से विश्व स्तरीय कंप्यूटिंग क्षमता प्रदान करके, इसका उद्देश्य जमीनी स्तर पर नवोन्मेष को बढ़ावा देना है। हमारा लक्ष्य अपने प्रतिभाशाली कार्यबल के दम पर भारत को दुनिया की 'एआई एप्लीकेशन का केंद्र बनाना है, जो देश-विदेश के सभी क्षेत्रों में सेवा वितरण को बेहतर बना सके और उद्यमों की उत्पादकता को बढ़ा सके।

इसके साथ ही, भारत अपने हार्डवेयर के भविष्य को भी सुरक्षित कर रहा है। 'सेमीकॉन इंडिया कार्यक्रम' के तहत, देश भर में 1.65 लाख करोड़ रुपये के निवेश वाली 12 सेमीकंडक्टर निर्माण और पैकेजिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी जा चुकी है। इसी गति को आगे बढ़ाते हुए, केंद्रीय बजट 2026-27 में 'इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन' (आइएसएम) 2.0 की घोषणा की गई है। यह नया चरण केवल निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि सेमीकंडक्टर उपकरणों और सामग्रियों पर ध्यान केंद्रित करने, पूर्ण भारतीय बौद्धिक संपदा को डिजाइन करने और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने पर केंद्रित है। इस योजना के तहत 24 सेमीकंडक्टर डिज़ाइन स्टार्टअप्स को मंजूरी मिलने के साथ, भारत तेजी से अपनी क्षमता निर्माण को गहन प्रौद्योगिकी कौशल में बदल रहा है। यह एक जीवंत घरेलू फैबलेस इकोसिस्टम को बढ़ावा दे रहा है, जो आधुनिक दुनिया को चलाने वाली चिप्स को डिजाइन करता है।

इस पहल की असली विरासत उस देश की सोच में है जो अब नवोन्मेष, बिना रुकावट व्यावसायिक संचालन और शासन को अपनी उंगलियों पर पाना चाहता है। यह सुनिश्चित करके कि प्रौद्योगिकी सबको साथ लाने, आसानी से उपलब्ध होने और संप्रभु ताकत का ज़रिया बने, 'डिजिटल इंडिया' चुपचाप उस 'विकसित भारत' की नींव रख रहा है जिसका सपना हमने 2047 के लिए देखा है।

(लेखक इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव हैं।)

# नारी शक्ति: वादों से लेकर कर दिखाने तक : ब्रिक्स में भारत का योगदान



श्रीमती अन्नपूर्णा देवी

भारत ने 1 जनवरी 2026 को लचीलेपन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण की थीम के तहत ब्रिक्स की अध्यक्षता संभाली। महिलाओं से जुड़े मामलों में हमारा योगदान बेहद खास रहा है। हम सिर्फ़ कोई नारा या तारीफ़ के लिए सफल कहानियों का संग्रह पेश नहीं कर रहे हैं। हम एक ऐसा कामकाजी ढांचा लेकर आए हैं, जो करोड़ों महिलाओं तक पहुँचा है। यह ढांचा सिर्फ भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि यहां से शुरू होकर जहाँ भी जाता है, वहाँ आगे और विकसित होने के लिए तैयार रहता है।

यही भारत की खास बात है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक से ज़्यादा समय से भारत ने महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास को एक राष्ट्रीय मिशन के तौर पर अपनाया है और इस काम को इतने बड़े पैमाने पर किया है, जिसकी बराबरी बेहद कम देश कर सकते हैं। 2023 में अपनी ज़20 अध्यक्षता के दौरान, भारत ने वैश्विक सोच को महिलाओं के विकास से बदलकर महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास की ओर मोड़ने में मदद की। यह महज़ शब्दों का बदलाव नहीं था, बल्कि सोच का भी बदलाव था। महिलाओं को सिर्फ़ लाभार्थी के तौर पर देखने के बजाय, उन्हें नेतृत्वकारी भूमिका में देखना। कोच्चि में हम इसी बदलाव से जुड़ा सवाल उठा रहे हैं: एक बार वादा करने के बाद, उसे बड़े पैमाने पर, आख़िरी गाँव की आख़िरी महिला तक कैसे पहुँचाया जाए? भारत ने पिछले दस सालों में सिर्फ़ सैद्धांतिक तौर पर नहीं, बल्कि असल में इस सवाल का जवाब दिया है।

भारत के लिए यह सोच नई नहीं, बल्कि बहुत पुरानी है। विकास की भाषा के आने से काफी पहले ही, हमारी संस्कृति ने नारी को शक्ति, ज्ञान और समृद्धि का स्रोत माना था। ये तीनों ही वे आधार हैं, जिन पर कोई भी समाज तरक्की करता है और उन्हें देवी दुर्गा, सरस्वती और लक्ष्मी के रूप में पूजा जाता रहा है। दैवीय शक्ति को ही 'शक्ति' कहा जाता है और संस्कृत के एक प्रसिद्ध श्लोक के अनुसार, जहाँ महिलाओं का सम्मान होता है, वहाँ देवता भी प्रसन्न होते हैं। यह सम्मान सिर्फ़ दिखावे के लिए नहीं था: लोपामुद्रा और घोषा जैसी महिला ऋषियों ने ऋग्वेद के मंत्रों की रचना की और गार्गी और मैत्रेयी जैसी दार्शनिकों ने उपनिषदों के प्रसिद्ध वाद विवादों में अपनी बात मज़बूती से रखी। इसलिए, भारत के लिए महिलाओं के नेतृत्व वाला विकास, किसी और से लिया हुआ विचार नहीं है, बल्कि एक प्राचीन विचार का ही आधुनिक रूप है।

शुरुआत फ़ैसला लेने की प्रक्रिया से करते हैं। भारत की पंचायती राज संस्थाओं में चुने गए प्रतिनिधियों में से लगभग आधी महिलाएँ हैं, जो दुनिया में चुनी हुई महिला नेताओं के सबसे बड़े समूहों में से एक है। इसके अलावा नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटें आरक्षित करता है। महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास का अंत सिर्फ़ प्रतिनिधित्व तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यहां से इसकी शुरुआत होती है। ऐसा मॉडल, जो महिलाओं को सेवाएँ तो देता है, लेकिन उन सेवाओं को तय करने वाले फ़ैसलों में उन्हें शामिल नहीं करता, वह असल में महिलाओं के नेतृत्व वाला मॉडल नहीं है।

भारत में सेवा पहुँचाने का ढाँचा तीन हिस्सों पर टिका है, जो एक साथ मिलकर ही काम करते हैं। पहला हिस्सा है पहुँच: डिजिटल जन अवसंरचना, फ़ायदों को सीधे महिलाओं के हाथों तक पहुँचाती है। आधार से जुड़े ट्रांसफ़र उन बिचौलियों की भूमिका को खत्म कर रहे हैं, जो पहले मदद पहुँचने से पहले ही उसे दूसरी तरफ़ मोड़ देते थे। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना इस पहुँच का व्यावहारिक उदाहरण है। 4.26 करोड़ से ज़्यादा माताओं को मातृत्व लाभ के तौर पर 20,060 करोड़ रुपये से ज़्यादा की राशि सीधे उनके आधार से जुड़े खातों के ज़रिए मिली है। दूसरा हिस्सा है संस्थाएँ: डीएवाई-एनआरएलएम के तहत, 10.05 करोड़ से ज़्यादा ग्रामीण महिलाओं को 90.90 लाख से ज़्यादा स्वयं-सहायता समूहों में संगठित किया गया है, जो दुनिया में महिलाओं के नेतृत्व वाली सामुदायिक संस्थाओं का सबसे बड़ा नेटवर्क है। तीसरा हिस्सा है गतिशीलता-यानी मूल्य श्रृंखला में हमेशा सबसे नीचे बने रहने के बजाय ऊपर की ओर बढ़ने का एक सोच-समझकर चुना गया रास्ता। भारत अब 65,949 एसएचजी महिलाओं को बिज़नेस कॉरेस्पोंडेंट एजेंट यानी बीसी सखी के तौर पर तैनात कर रहा है, जो दूर-दराज़ के इलाकों में जमा, क्रेडिट, धनराशि भेजने और पेंशन सेवाएँ पहुँचाती हैं। जो महिला कभी किसी लाभ के लिए कतार में लगती थी, अब वही महिला उस लाभ को दूसरों तक पहुँचाती है।

कुल मिलाकर ये सब मिलकर भागीदारी को आमदनी और मालिकाना हक में बदलते हैं। लखपति दीदी पहल के तहत, जून 2025 तक 1.48 करोड़ स्वयं सहायता समूह महिलाओं की सालाना कमाई कम से कम 1 लाख रुपए तक पहुँच गई थी और जनवरी 2026 में शुरू किए गए उद्यमिता पर केंद्रित एक राष्ट्रीय अभियान का मकसद 50,000 सामुदायिक संसाधन व्यक्ति के ज़रिए 50 लाख अतिरिक्त महिलाओं को प्रशिक्षण देना है। तरक्की का यही रास्ता औपचारिक कारोबार में भी दिखता है: पीएमएमवाई के तहत दिए गए ऋण में से 69 प्रतिशत और 'स्टैंड-अप इंडिया' के लाभार्थियों में से 84 प्रतिशत महिलाएँ हैं। डीपीआईआईटी द्वारा मान्यता प्राप्त 2.12 लाख स्टार्टअप्स में से 1.02 लाख से ज़्यादा स्टार्टअप्स में कम से कम एक महिला निदेशक या हिस्सेदार है और इनमें से कई स्टार्टअप बड़े शहरों के बजाय छोटे शहरों में हैं। हम ब्रिक्स को ये ब्रांड नाम नहीं, बल्कि उनके पीछे की कहानी पेश करते हैं: पहले पहुँच, फिर संस्थाएँ और फिर लाभार्थी से उद्यमी बनने का एक व्यवस्थित मार्ग।

आँकड़े भी इस बदलाव को दिखाते हैं। भारत में महिलाओं की कामकाजी आबादी में भागीदारी 2017-18 में 23.3 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 में 41.7 प्रतिशत हो गई है और इसी दौरान महिलाओं में बेरोज़गारी दर 5.6 प्रतिशत से घटकर 3.2 प्रतिशत हो गई है। अब पहले से कहीं ज़्यादा महिलाएँ कार्यबल का हिस्सा हैं, इसलिए हमारा फोकस अब अगले चरण पर है, उनके काम की गुणवत्ता और आमदनी को और बेहतर बनाना।

इस साल महिलाओं से जुड़े कामों के लिए चार प्राथमिकता वाले क्षेत्र तय किए गए हैं और इनमें से एक सीधे हमारे अनुभव से जुड़ा है: जलवायु कार्यवाही, खाद्य सुरक्षा और पोषण में महिलाओं की भूमिका। इस बारे में साक्ष्य भी साफ नतीजे बयां करते हैं: जब फैसले लेने की प्रक्रिया में महिलाएं शामिल होती हैं, तो पोषण बेहतर मिलता है और समुदाय चुनौतियों का बेहतर ढंग से सामना कर पाते हैं। यह कोई काल्पनिक बात नहीं है। झारखंड में महिला किसानों को ऐसी बीजों की किस्मों की जानकारी है, जो सूखे के दौरान भी बची रहती हैं। राजस्थान में महिला पशुपालकों को उन रास्तों की भी जानकारी है, जिनसे सूखे के समय मवेशियों को सुरक्षित ले जाया जा सकता है। भारत का काम ऐसे संस्थान बनाना रहा है, जो इस जानकारी और अनुभव का इस्तेमाल करें, न कि इसे नज़रअंदाज़ करें। मिशन पोषण 2.0 आंगनवाड़ी नेटवर्क के ज़रिए चलाया जाता है, जिसमें महिलाएं काम करती हैं और वे ही लोगों तक सेवा पहुंचाने की भरोसेमंद कड़ी होती हैं। जलवायु के अनुसार ढलने का काम भी इसी तरह होता है, चाहे वह लद्दाख में महिलाओं द्वारा बनाए गए ऊंचे इलाकों में पानी जमा करने के ढांचे हों या ओडिशा के तट पर वनस्पति के घने इलाकों को बचाने वाली समितियां। महिलाएं अब सिर्फ़ अनुकूलन की तकनीक का इस्तेमाल करने वाली नहीं रह गई हैं, बल्कि वे खुद इसे आगे बढ़ा भी रही हैं: नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को खेती में इस्तेमाल होने वाले ड्रोन उड़ाने का प्रशिक्षण दिया जाता है। यह ज़्यादा कौशल और ज़्यादा आमदनी वाले काम की ओर एक सोच-समझकर उठाया गया कदम है।

एक खास बात जो पूरी तरह से भारत की वास्तविक विशेषता बन गई है। एक ज़िला एक उत्पाद पहल के तहत अब 761 ज़िलों में 1,102 उत्पाद शामिल हैं। महिला समूह हथकरघा, जीआई टैग वाले शिल्प और क्षेत्रीय खाद्य पदार्थों जैसे स्थानीय विशेष उत्पादों को ब्रांडेड और तेज़ी से निर्यात होने वाले उत्पादों में बदल रहे हैं। सरकार भी

न उत्पादों के लिए बाज़ार तक पहुँचने का रास्ता बना रही है: अवसर योजना के तहत हवाई अड्डों पर महिलाओं के लिए आरक्षित रिटेल जगह और 'वोकल फ़ॉर लोकल' के तहत महिला-संचालित उद्यमों के लिए जेम पर एक खास स्थान। असल मायनों में यह टिकाऊ व्यवस्था है, जिसके तहत स्थानीय सामग्री, स्थानीय कौशल और स्थानीय आपूर्ति श्रृंखला, जो समुदाय के भीतर ही अपना मूल्य बनाए रखती हैं और ये विकास का ऐसा रूप भी है, जिसके लिए किसी महिला को बाज़ार तक पहुँचने के लिए अपना ज़िला छोड़ने की ज़रूरत नहीं पड़ती।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, महिलाओं के नेतृत्व वाला विकास सरकार द्वारा की गई महज़ कोई घोषणा नहीं है, बल्कि यह एक ऐसी व्यवस्था है, जिसे एक-एक हिस्से को जोड़कर तब तक बनाया और संचालित किया जाता है, जब तक कि यह उस आखिरी महिला तक न पहुँच जाए, जिसके लिए इसे बनाया गया था। जुलाई में कोच्चि में होने वाली मंत्रियों की बैठक में, भारत इस मॉडल को एक योगदान के तौर पर पेश करेगा, न कि किसी ऐसे उपाय के तौर पर, जिसे दूसरों को भी अपनाना ही हो। इसका मकसद यह है कि दूसरे इससे सीख सकें और इसे अपनी परिस्थितियों के अनुसार ढाल सकें। यही व्यवस्था और इसके सफल होने के सबूत, भारत ब्रिक्स के सामने रख रहा है। यह आदान-प्रदान दोनों तरफ से होता है: भारत कोच्चि में अपने ब्रिक्स सहयोगियों के बेहतरीन तौर-तरीकों से सीखने और अपने अनुभव साझा करने के लिए तैयार है।

(लेखिका भारत सरकार में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री हैं)

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 4 जुलाई, शनिवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, आषाढ़ कृष्णपक्ष चतुर्थी, 12:37 तक, नक्षत्र : धनिष्ठा, 13:32 तक, योग : प्रीति, 16:57 तक, सूर्योदय: 04:56, सूर्यास्त: 18:25, चन्द्रोदय : 22:06, चन्द्रास्त: 09:07, शक सम्वतः 1948 पराभव, सूर्य राशि : मिथुन, चन्द्र राशि : कुम्भ, राहू काल : 08:58 से 10:38

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए तरक्की और नई उपलब्धियों के संकेत लेकर आया है। आपकी मेहनत आखिरकार रंग दिखाने लगी है और रुके हुए कामों में भी गति आती नजर आएगी।

**वृष :** आज का दिन आपके चेहरे पर मुस्कान और मन में उत्साह लेकर आने वाला है। आप हर काम सोच-समझकर करेंगे और यही समझदारी आपको सफलता दिलाएगी।

**मिथुन :** आज आपको छोटी-सी लापरवाही से भी बचना होगा, क्योंकि यही सावधानी आपको बड़ी परेशानी से बचा सकती है। वाहन चलाते समय विशेष सावधानी रखें।

**कर्क :** आज खुशियां आपके दरवाजे पर दस्तक दे सकती हैं। परिवार के साथ बिताया गया समय आपके मन को सुकून देगा और पुरानी चिंताएं धीरे-धीरे दूर होती जाएंगी।

**सिंह :** आज आपके साहस और आत्मविश्वास की चमक दूर तक दिखाई देगी। लोग आपकी क्षमता को पहचानेंगे, लेकिन काम निकालने के लिए थोड़ा नरम व्यवहार अपनाना भी जरूरी होगा।

**कन्या :** आज भाग्य आपके प्रयासों का साथ देने के लिए तैयार दिखाई दे रहा है। कार्यक्षेत्र में किसी सहकर्मी के साथ हल्की नोकझोंक हो सकती है, लेकिन स्थिति जल्दी ही सामान्य हो जाएगी।

**तुला :** आज आपको फिजूलखर्ची और दिखावे से दूरी बनाकर रखने की आवश्यकता है। संतान के भविष्य और शिक्षा को लेकर आप किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह ले सकते हैं।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए किसी खुशखबरी से कम नहीं रहेगा। कोई महत्वपूर्ण काम पूरा हो सकता है और उसकी खुशी में आप अपने प्रियजनों के साथ उत्सव का माहौल भी बना सकते हैं।

**धनु :** आज आर्थिक मामलों में सुखद संकेत मिल रहे हैं। आय के नए स्रोत खुल सकते हैं और व्यापार में भी प्रगति के अवसर दिखाई दे रहे हैं।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए कई सकारात्मक परिणाम लेकर आया है। हालांकि जीवनसाथी के साथ किसी छोटी बात को लेकर मतभेद हो सकता है, लेकिन समझदारी से स्थिति संभल जाएगी।

**कुम्भ :** आज का दिन सेवा, सहयोग और अच्छे कर्मों के नाम रहेगा। किसी जरूरतमंद की मदद करके आपको आत्मिक संतोष मिलेगा। घर में मेहमानों की चहल-पहल से माहौल खुशनुमा रहेगा।

**मीन :** आज आपको अपने खर्चों पर थोड़ा नियंत्रण रखने की जरूरत होगी, क्योंकि बढ़ते खर्च आपकी चिंताओं को बढ़ा सकते हैं। संतान की ओर से कोई गर्व करने वाली खबर मिल सकती है।

## वर्ग पहेली नं. 3482

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | ■ | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 |
| | ■ | ■ | 7 | | | 8 | ■ | 9 | |
| 10 | | 11 | | ■ | 12 | | 13 | ■ | |
| | ■ | | ■ | 14 | | ■ | 15 | | |
| ■ | 16 | | | | ■ | 17 | | ■ | ■ |
| 18 | | | ■ | 19 | 20 | ■ | 21 | | 22 |
| | ■ | | ■ | 23 | | | | ■ | |
| 24 | 25 | ■ | 26 | ■ | | ■ | ■ | 27 | |
| 28 | | ■ | 29 | | | | | ■ | |

*ऊपर से नीचे:-* 1) वर्षा होना, 2) अविराम, 3) बुलावा; गुहार, 5) निर्धारित, 6) फहराना, 8) दीपक, 11) मृत्यु, 13) गीला, 14) अभद्र; अमंगल, 16) वर्ष, 18) झक-झक; वाक्कलह; विवाद, 20) सप्ताहान्त, 22) सहानुभूति, 25) पानी का सोता; तीखा छोर, 26) लंबाई का एक पुराना नाप *(36 इंच लंबा)*. *(उत्तर: अगले अंक में)*

*बायें से दायें:-* 1) मगजपट्टी; फ़ालतू बात, 4) ताँबा और जस्ता का मिश्र धातु, 7) प्रारब्धवादी; नियतिवादी, 9) वह नहीं, 10) एक पांडव, 12) जीवन, 14) जी; चित्त, 15) नियुक्त करना *(नौकर)*, 16) सचेत, 17) हिम्मत, 18) घड़ा, 19) अप्सरा, 21) नष्ट, 23) विस्तार-पूर्वक, 24) अमृत, 27) स्थगित, 28) पानी, 29) लूटपाट; बलपूर्वक.

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | त | ब | ल | ■ | आ | तं | क | वा | द |
| मा | ■ | ■ | ल | गा | म | ■ | री | स | ■ |
| ल | घु | शं | का | ■ | र | स | ■ | र | बी |
| ■ | से | ■ | र | म | ण | ■ | दा | ■ | मा |
| ज | ड़ | ■ | ना | ग | ■ | अ | व | ता | र |
| म | ना | ना | ■ | ज़ | मा | न | त | ■ | ■ |
| ना | ■ | जा | ल | ■ | ल | व | ■ | ह | फ़्ता |
| ■ | ■ | य | ती | म | ■ | र | ई | सी | ■ |
| म | ह | ज़ | ■ | स | म्म | त | ■ | ना | श्ता |

## सुडोकू-पहेली-3447

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | 8 | 7 | | 6 |
| | | | 9 | 6 | | | 3 | 1 |
| 7 | 4 | 6 | | | | | | 9 |
| | 1 | | | 2 | 9 | | | 8 |
| 2 | 7 | | | 1 | | | 4 | 3 |
| | 8 | 4 | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | | 9 | | |
| 9 | | 1 | 7 | | 4 | 3 | | |
| | | | 1 | | | 8 | 6 | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3446 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 3 | 8 | 2 | 4 | 7 | 9 | 1 |
| 7 | 9 | 8 | 1 | 3 | 5 | 6 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 3 | 8 |
| 9 | 8 | 7 | 4 | 5 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 2 | 4 | 6 | 3 | 7 | 1 | 8 | 5 | 9 |
| 3 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 4 | 2 | 7 |
| 5 | 6 | 2 | 7 | 9 | 3 | 1 | 8 | 4 |
| 8 | 3 | 4 | 2 | 1 | 6 | 9 | 7 | 5 |
| 1 | 7 | 9 | 5 | 4 | 8 | 2 | 6 | 3 |

# राज्य सरकार कानूनी पैनल में करेगी बड़ा बदलाव, मुख्यमंत्री ने दिए प्रभावी पैरवी के निर्देश

❑ **महंगे बाहरी वकीलों पर निर्भरता कम करने का लक्ष्य**

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व वाली सरकार राज्य के सरकारी अधिवक्ताओं और लोक अभियोजकों के पैनल में व्यापक बदलाव की तैयारी कर रही है। सरकार का उद्देश्य बाहरी वरिष्ठ अधिवक्ताओं पर निर्भरता कम करना और सरकारी मामलों की प्रभावी पैरवी के लिए अपने कानूनी तंत्र को मजबूत बनाना है, जिससे सरकारी खजाने पर पड़ने वाले अतिरिक्त वित्तीय बोझ को भी कम किया जा सके। सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री ने



राज्य सरकार के वर्तमान सरकारी अधिवक्ताओं और लोक अभियोजकों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि कलकत्ता उच्च न्यायालय और अधीनस्थ न्यायालयों में सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिवक्ता मामलों की अधिक प्रभावी और तथ्यपूर्ण पैरवी करें, ताकि भविष्य में महंगे बाहरी वरिष्ठ अधिवक्ताओं की सेवाएं लेने की आवश्यकता कम हो।

बैठक में मुख्यमंत्री ने मौजूदा कानूनी पैनल की कमजोरियों की पहचान करने और आवश्यकता पड़ने पर उसमें व्यापक बदलाव करने की प्रक्रिया शुरू करने का भी सुझाव दिया। उनका मानना है कि राज्य के अपने अधिवक्ताओं की क्षमता बढ़ाकर सरकार कानूनी मामलों में बेहतर परिणाम हासिल कर सकती है। बैठक में मौजूद एक लोक अभियोजक के अनुसार, मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती ममता बनर्जी सरकार के कार्यकाल में सरकारी मामलों में लगातार बाहरी वरिष्ठ अधिवक्ताओं को नियुक्त करना एक सामान्य प्रक्रिया बन गई थी, क्योंकि राज्य सरकार के पैनल के अधिवक्ताओं की पैरवी वाले कई मामलों में सरकार को अदालतों में लगातार पराजय का सामना करना पड़ा।

मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से कलकत्ता उच्च न्यायालय में राज्य सरकार का पक्ष रखने वाले अधिवक्ताओं के पैनल को और मजबूत बनाने पर जोर दिया। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि कई बार सरकारी अधिवक्ताओं और लोक अभियोजकों को मामलों की सुनवाई के दौरान पुलिस तथा विभिन्न सरकारी विभागों से आवश्यक दस्तावेज और सूचनाएं समय पर नहीं मिल पाती हैं, जिससे प्रभावी पैरवी प्रभावित होती है। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि सभी सरकारी विभागों को आवश्यक निर्देश जारी किए जाएंगे, ताकि सरकारी अधिवक्ताओं को समय पर दस्तावेज और अन्य जरूरी जानकारी उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी विभाग से सहयोग नहीं मिलता है तो संबंधित अधिवक्ता सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

# कुणाल घोष ने विधायकों के प्रशिक्षण शिविर का किया बहिष्कार

❑ **लोकसभा और विधानसभा स्पीकर पर उठाए सवाल, कहा... 'विरोध जताना मेरा अधिकार'**

**कोलकाता, समाज्ञा :** न्यू टाउन स्थित कन्वेंशन सेंटर में आयोजित विधायकों के दो दिवसीय प्रशिक्षण के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान शुक्रवार को नाटकीय घटनाक्रम देखने को मिला। कोलकाता के बेलेघाटा से तृणमूल कांग्रेस विधायक कुणाल घोष ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्य विधानसभा अध्यक्ष रथींद्र बोस पर गंभीर आरोप लगाते हुए प्रशिक्षण शिविर का बहिष्कार किया। कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के बाद कुणाल घोष अचानक कार्यक्रम हॉल से बाहर निकल गए। बाहर पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने हमला बोला। कुणाल ने कहा कि लोकसभा स्पीकर ओम बिरला संसद में तृणमूल को तोड़ने के खेल में सक्रिय हैं। जो सांसद दूसरी पार्टियों में शामिल हो



गए हैं, उन्हें बर्खास्त करने के बजाय वे उनके साथ ग्रुप फोटो खिंचवा रहे हैं। वहीं, विधानसभा स्पीकर रथींद्र नाथ बोस ने उन 'गद्दारों' को मंजूरी दे दी है। कुणाल ने साफ शब्दों में कहा कि जो खुद संसदीय शिष्टाचार का पालन नहीं कर रहे, उनसे वे राजनीति के नियम नहीं सीखेंगे। कुणाल घोष ने स्पष्ट किया कि उन्होंने प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने का निर्णय अपनी जिम्मेदारी के तहत लिया था, लेकिन विरोध जताना उनका अधिकार है। भविष्य में संसदीय बारीकियां सीखने के लिए उन्होंने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी को अपना मार्गदर्शक बताया।

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा हावड़ा मंडल के तहत **बोलपुर स्टेशन** पर सामान्य पे एंड यूज शौचालय के परिचालन और रखरखाव के लिए नया ठेका प्रदान करने हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। संदर्भित ई-नीलामी रेलवे बोर्ड के वर्ष 2022 के फ्रेट मार्केटिंग सर्कुलर नं. 11 एवं वर्ष 2022 के कमर्शियल सर्कुलर नं. 14 के अनुसार संचालित है। अधिक जानकारी एवं ई-नीलामी में भागीदारी के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल** के जरिए देखें।

**ऑक्शन कैटलॉग सं.: पीएनयू-एचडब्ल्यूएच-20-2026**

**लॉट सं./कैटेगरी और स्टेशन:** पीएनयू-एचडब्ल्यूएच-बीएचपी-टीओआई-55-24-1, बोलपुर (बीएचपी)। **नीलामी की तिथि और समय :** दिनांक 15.07.2026 को 13.30 बजे।

HWH-189/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## अब ऋतब्रत गुट ने टीएमसी मुख्यालय पर किया कब्जा, ताला लगाकर ले गए चाबी

❑ **पार्टी कार्यालय की दीवार पर पार्टी के नए चेयरमैन के नाम वाला प्लेकार्ड लगाया**

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद तृणमूल कांग्रेस के भीतर की रार अब सिर्फ बयानों तक सीमित नहीं रही, बल्कि पार्टी के भौतिक ठिकानों पर 'कब्जे' की शक्ल अख्तियार कर चुकी है। शुक्रवार को कोलकाता के मेट्रोपालिटन स्थित तृणमूल के मुख्य कार्यालय पर ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाले विद्रोही गुट ने अपना अधिकार जमा लिया। इस हाई-प्रोफाइल 'कब्जे' के दौरान उनके साथ फिरहाद हकीम, संदीपन साहा, जावेद खान और अखरुज्जमां जैसे कद्दावर विधायकों का पूरा काफिला मौजूद था। उन्होंने वहां एक बैठक की। उन्होंने दावा किया कि उनका गुट ही 'असली' तृणमूल कांग्रेस का प्रतिनिधित्व करता है। गुट के नेताओं



ने कहा कि उन्होंने इस जगह के मालिकों के साथ जरूरी समझौता पूरा कर लिया है और अब से वे इसी कार्यालय से काम करेंगे। अखरुज्जमां ने पत्रकारों से कहा कि हम तृणमूल कांग्रेस हैं और यह कार्यालय तृणमूल कांग्रेस का है।

पार्टी और इस कार्यालय के बीच एक भावनात्मक जुड़ाव है। दिलचस्प बात यह है कि कार्यालय के भीतर ममता बनर्जी की तस्वीरों और कटआउट्स को छुआ तक नहीं गया है। ऋतब्रत गुट ने एक सोची-समझी रणनीति के तहत साफ किया है कि वे 'दीदी' को अपना मार्गदर्शक (परामर्शदाता) मानते हैं, लेकिन वे ममता-अभिषेक की जोड़ी के बिना ही आगे बढ़ेंगे। बता दें कि 'मेट्रोपॉलिटन' इलाके में स्थित यह कार्यालय वर्ष 2022 से पार्टी का अस्थायी मुख्यालय रहा है। ईएम बाईपास पर स्थित पार्टी के पुराने कार्यालय में नवीनीकरण का कार्य होने के कारण टीएमसी ने कार्यालय यहां स्थानांतरित किया था।

❑ **पुलिस और सरकार की मिलीभगत से हो रहा है यह सब: कुणाल**

दूसरी तरफ, कालीघाट स्थित ममता खेमे में इस घटना से भारी आक्रोश है। ममता खेमे के विधायक कुणाल घोष ने सरकार और पुलिस पर सीधा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि यह कब्जा पूरी तरह राज्य प्रशासन की मिलीभगत से हुआ है और एक निष्कासित नेता भाजपा की 'बी टीम' बनकर यह गंदा खेल खेल रहा है।

## सरकार ने 108 पुलिस निरीक्षकों का किया तबादला

**कोलकाता, समाज्ञा :** शुभेंदु अधिकारी सरकार ने राज्य पुलिस महकमे में एक बहुत बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। सरकार ने एक ही झटके में राज्य के 100 से अधिक थानों के इंस्पेक्टर और थानों के प्रभारियों (आईसी) के तबादले का आधिकारिक नोटिस जारी कर दिया है। इसके साथ ही राज्य की शीर्ष खुफिया एजेंसी, अपराध जांच विभाग (सीआईडी) के निरीक्षकों के पदों पर भी बड़े पैमाने पर बदलाव किए गए हैं। हालांकि, इस भारी-भरकम सूची में कोलकाता पुलिस के तहत आने वाले किसी भी थाने के प्रभारी (ओसी) या इंस्पेक्टर के पद पर कोई बदलाव नहीं किया गया है। उत्तर बंगाल से लेकर दक्षिण बंगाल तक, शायद ही कोई ऐसा जिला बचा है जहां के थानों में यह बदलाव न हुआ हो। आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक, कुल 108 पुलिस अधिकारियों को इधर से उधर किया गया है। इनमें पूर्व मेदिनीपुर, पश्चिम मेदिनीपुर, हुगली (ग्रामीण), दक्षिण दिनाजपुर, पूर्व बर्दवान, नदिया, मुर्शिदाबाद और बीरभूम सहित कई संवेदनशील जिले शामिल हैं।

हालांकि, पुलिस सूत्रों ने इसे रूटीन ट्रांसफर बताया है, लेकिन राजनीतिक गलियारों में इसे सरकार द्वारा कानून-व्यवस्था पर अपनी पकड़ मजबूत करने के रूप में देखा जा रहा है।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: ईएलएस/एचडब्ल्यूएच/10/563/ईएमयू (खुली निविदा) दो पैकेट प्रणाली के सेवा अनुबंध में ई-निविदा प्रणाली हेतु, दिनांक: 30.06.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (ईएमयू), पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, नई डीआरएम बिल्डिंग, चतुर्थ तल, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा प्रणाली के तहत निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** परिणाम आधारित 730 दिनों (02 वर्ष) के लिए पूरे दिन (24 घंटे) कारशेड हावड़ा में ईएमयू रेकों की अंदरूनी शुष्क सफाई और बाहरी गीली सफाई। **निविदा मूल्य:** रु.2,97,27,284.44, **बयाना राशि (ईएमडी):** रु.2,98,600/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु.0.00, **समापन अवधि:** 730 दिन। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** 30.06.2026 को 17.24 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** 07.07.2026, **अंतिम तिथि:** दिनांक 21.07.2026 को 12.00 बजे। **बोली प्रणाली:** दो पैकेट। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

HWH-190/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## सरकार ने जमीन के डिजिटल रिकॉर्ड और भूखंड की जानकारी के लिए ऑनलाइन शुल्क किया माफ

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार ने खतियान और भूखंड की जानकारी समेत जमीन के रिकॉर्ड की डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित ऑनलाइन कॉपी पाने के लिए सभी आवेदन और प्रमाणीकरण शुल्क माफ कर दिए हैं। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस बारे में भूमि और भूमि सुधार तथा शरणार्थी राहत एवं पुनर्वास विभाग ने दो जुलाई को एक अधिसूचना जारी की। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर इस फैसले की घोषणा करते हुए, मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि नागरिकों को मिलने वाली सेवाएं पारदर्शी, परेशानी-मुक्त और आसानी से उपलब्ध हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हमने खतियान और भूखंड की जानकारी हासिल करने के लिए पिछली सरकार द्वारा लिए जाने वाले आवेदन शुल्क (पूछताछ शुल्क) को औपचारिक रूप से माफ कर दिया है। उन्होंने कहा कि अब से, लोग अपने खतियान और भूखंड की जानकारी की डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित प्रतियां पूरी तरह से मुफ्त में ऑनलाइन डाउनलोड कर सकेंगे।

# पोस्ता हमला मामला: चार गिरफ्तार, व्यापारी संगठनों की बैठक के बाद बाजार फिर से खुला

### व्यापारियों ने एकजुट होकर की सख्त कार्रवाई और सुरक्षा की मांग

**मधु सिंह**

कोलकाता, समाज्ञा : पोस्ता बाजार मर्चेंट एसोसिएशन (पीबीएमए) के महासचिव विश्वनाथ अग्रवाल पर हुए हमले के बाद स्थिति लगातार गर्म बनी हुई है। घटना के विरोध में विभिन्न व्यापारी संगठन एकजुट हो गए हैं और आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई तथा कठोर सजा की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए अब तक एक महिला सहित कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्तियों में पोस्ता बाजार मर्चेंट एसोसिएशन का सदस्य चंदन चक्रवर्ती भी शामिल है। पुलिस अन्य आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए जांच जारी रखे हुए है।

गौरतलब है कि गुरुवार को पीबीएमए कार्यालय में बैठक के दौरान 50 से 60 लोगों की भीड़ ने महासचिव विश्वनाथ अग्रवाल पर हमला किया था। आरोप है कि इस दौरान उनके साथ मारपीट की गई और अंडे फेंके गए, जिससे पूरे



व्यापारिक क्षेत्र में तनाव फैल गया। घटना के बाद व्यापारियों ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया था और बाजार को अनिश्चितकाल के लिए बंद करने का निर्णय लिया गया था। हालांकि, शुक्रवार को विभिन्न व्यापारी संगठनों की संयुक्त बैठक में आम जनता और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति को ध्यान में रखते हुए पोस्ता बाजार को फिर से खोलने का निर्णय लिया गया।

बैठक में विभिन्न संगठनों ने घटना की कड़ी निंदा की। सीएआईटी की प्रतिनिधि सिद्धि जैन ने इसे बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि यदि दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो राज्यव्यापी आंदोलन किया जाएगा। वहीं, पोस्ता बाजार मर्चेंट एसोसिएशन अध्यक्ष सीतानाथ घोष ने सभी आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग दोहराई। कोट्टी के देवेंद्र बोथरा ने भी इस घटना की कड़ी निंदा की।

सीडबल्यूबीटीए के अध्यक्ष सुशील पोद्दार ने प्रशासन की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि राज्य के लगभग 15 लाख व्यापारी इस समय पीबीएमए और विश्वनाथ अग्रवाल के साथ एकजुट हैं।

पीबीएमए के महासचिव विश्वनाथ अग्रवाल ने पुलिस की कार्रवाई पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि आम जनता को परेशानी से बचाने के लिए बाजार फिर से खोलने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि आगे की रणनीति आगामी बैठक में तय की जाएगी।

❑ **पीबीएमए का जारी किया आधिकारिक बयान**

पोस्ता बाजार मर्चेंट एसोसिएशन (पीबीएमए ने अपनी ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा कि आम जनता को आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति में किसी प्रकार की बाधा न आए, इसे ध्यान में रखते हुए बाजार को दोबारा खोलने का निर्णय लिया गया है। एसोसिएशन ने इस दौरान समर्थन और एकजुटता दिखाने वाले सभी व्यापारी संगठनों के प्रति आभार व्यक्त किया। इनमें सीएआईटी, कलकत्ता टिम्बर मर्चेंट एसोसिएशन, श्री बिष्णु दाल मिल्स एसोसिएशन, राजा कटरा व्यवसायी समिति सहित अन्य व्यापारिक संगठन शामिल हैं।

## विधानसभा में यूसीसी विधेयक अगस्त में पारित होगा : वरिष्ठ अधिकारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक अगले माह पारित होगा। यह जानकारी शुक्रवार को राज्य सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दी। अधिकारी ने कहा कि अगस्त देश के लिए कई महत्वपूर्ण घटनाओं का महीना है। अगस्त माह में ही 'भारत छोड़ो' आंदोलन शुरू हुआ था। भारत को आज़ादी भी अगस्त में ही मिली थी। खुदीराम बोस इसी महीने शहीद हुए थे। इस साल अगस्त में एक और महत्वपूर्ण घटना होगी। हम विधानसभा में यूसीसी विधेयक पारित करेंगे।

### काकोली घोष ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

## 21 जुलाई गोलीकांड की फाइल दोबारा खोलने सहित छह मांग

**कोलकाता, समाज्ञा :** वर्ष 1993 के 21 जुलाई को धर्मतला में युवा कांग्रेस की रैली के दौरान हुई पुलिस गोलीबारी की घटना में 33 वर्ष बाद भी न्याय नहीं मिलने का आरोप लगाते हुए सांसद काकोली घोष दस्तिदार ने मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी को छह सूत्रीय मांगपत्र भेजा है। हाल ही में, एनसीपीआई में शामिल हुईं काकली घोष ने पत्र के माध्यम से मामले में त्वरित कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने अपनी प्रमुख मांगों में 21 जुलाई गोलीकांड की फाइल दोबारा खोलकर निष्पक्ष जांच शुरू करने, तत्कालीन ज्योति बसु सरकार के कार्यकाल में चिह्नित दोषी व्यक्तियों, पुलिस अधिकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों के विरुद्ध उपयुक्त धाराओं में आरोपपत्र दाखिल करने तथा जांच आयोग की मूल रिपोर्ट और निष्कर्षों को सार्वजनिक करने की मांग की है। काकोली घोष ने यह भी कहा है कि जिन अधिकारियों को दोषी पाए जाने के बावजूद बाद में पदोन्नति दी गई, उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई शुरू की जाए। आवश्यकता पड़ने पर किसी अंतरराष्ट्रीय संस्था की सहायता लेकर निर्धारित समय सीमा के भीतर फोरेंसिक पुनर्जांच कराई जाए। इसके अलावा, चटर्जी आयोग की सिफारिशों के अनुरूप शहीदों और प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा तथा पुनर्वास सुनिश्चित करने की भी मांग की गई है। पत्र के अंत में काकोली घोष दस्तिदार ने चेतावनी भरे स्वर में कहा है कि यदि इस बार भी पीड़ितों को न्याय नहीं मिला, तो लोगों के मन में यह धारणा और मजबूत होगी कि तत्कालीन तृणमूल कांग्रेस सरकार ने ज्योति बसु और वाम मोर्चा शासनकाल के कथित दोषियों को बचाने के लिए समझौता किया था। उन्होंने कहा कि ऐसा होना 21 जुलाई के शहीदों की स्मृति के साथ गंभीर विश्वासघात होगा।

## अदालत की अवमानना मामले में ममता और अभिषेक बनर्जी से हाई कोर्ट ने मांगा हलफनामा

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की अध्यक्ष ममता बनर्जी और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी को अवमानना से जुड़ी एकयाचिका के मामले में हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। इस याचिका में आरोप लगाया गया है कि 21 जुलाई, 2025 को आयोजित पार्टी की 'शहीद दिवस' रैली के दौरान मुख्य सड़कों को बाधित करने के मामले में अदालत के निर्देशों का उल्लंघन किया गया। याचिकाकर्ता ने मई 2018 में उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए आदेश की अवमानना का आरोप लगाया है। उस आदेश में निर्देश दिया गया था कि मुख्य सड़कों पर सार्वजनिक सभाओं या जमावड़े के कारण सड़क पूरी तरह से बाधित नहीं होनी चाहिए। न्यायमूर्ति अरिजीत बनर्जी की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी को निर्देश दिया कि वे अवमाननायाचिका में लगाए गए आरोपों पर अपना पक्ष रखते हुए अगले चार हफ्तों के भीतर हलफनामा दाखिल करें। अदालत ने याचिकाकर्ता को निर्देश दिया कि वह तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के दलील के जवाब में अगले दो सप्ताह के भीतर हलफनामा दाखिल करे। न्यायमूर्ति अपूर्व सिन्हा रे की सदस्यता वाली खंड पीठ ने निर्देश दिया कि मामले की अगली सुनवाई 17 अगस्त को होगी।

**सियालदह मंडल के तहत पुल रखरखाव कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

सियालदह मंडल के दमदम जंक्शन-डानकुनी अनुभाग में वराह नगर रोड एवं डानकुनी स्टेशनों के बीच पुल सं. 5 सीसीआर की रीगर्डरिंग के लिए, इस अनुभाग में अप सीसीआर लाइन के (किमी. 4/31-4/33 पर) तथा डाउन सीसीआर लाइन के (किमी. 4/32-4/34 पर) **दिनांक 05.07.2026 (रविवार) को 10 घंटे के लिए 01.00 बजे से 11.00 बजे तक ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक** आवश्यक होगा। फलस्वरूप, नीचे उल्लेखित ट्रेनें निम्नानुसार नियंत्रित की जाएंगी:

**दिनांक 05.07.2026 (रविवार) को ट्रेनों का निरस्तीकरण**

• **सियालदह-डानकुनी: अप** - 32211, 32213, 32215, 32217, 32219, 32221, 32223, 32227/**डाउन** - 32212, 32214, 32216, 32218, 32220, 32222, 32224, 32228. • **सियालदह-कल्याणी सीमांत : अप**-31313, 31319/**डाउन**-31316, 31320. • **सियालदह-नैहाटी: अप**-31415/**डाउन**-31414, 31418. • **विधाननगर रोड-नैहाटी: अप**-31471. • **सियालदह-हाबरा: अप**-33653/**डाउन**-33654. • **नैहाटी-बैण्डेल: अप**-37527, 37531, 37533/**डाउन**-37528, 37532, 37534.

**मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन**

• **परिवर्तित मार्ग दमदम जंक्शन-नैहाटी होकर पर चलेगी: (1) 13173 अप सियालदह-अगरतला कंचनजंघा एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 05.07.2026) **बेलघरिया** स्टेशन में ठहरेगी। **(2) 12317 अप कोलकाता-अमृतसर आकाल तख्त एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 05.07.2026)
• **परिवर्तित मार्ग नैहाटी-दमदम जंक्शन होकर: (1) 12344 डाउन हल्दीबाड़ी-सियालदह दार्जिलिंग मेल** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 04.07.2026), **(2) 13148 डाउन बामनहाट-सियालदह उत्तरबंग एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 04.07.2026) **बेलघरिया** स्टेशन में ठहरेगी। **(3) 12378 डाउन न्यू अलीपुरद्वार-सियालदह पदातिक एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 04.07.2026), **(4) 13150 डाउन अलीपुरद्वार-सियालदह कंचनकन्या एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 04.07.2026) **बैण्डेल** एवं **बेलघरिया** स्टेशनों में ठहरेगी। **(5) 13168 डाउन आगरा कैण्ट.-कोलकाता एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 04.07.2026), **(6) 12314 डाउन नई दिल्ली-सियालदह राजधानी एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 04.07.2026)।
• **परिवर्तित बर्द्धमान-नैहाटी होकर चलेगी: 22202 डाउन पुरी-सियालदह दुरंतो एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 04.07.2026)।
• दमदम जंक्शन-डानकुनी अनुभाग में **ब्लॉक से पहले अंतिम ट्रेन: 32249 अप सियालदह-डानकुनी लोकल** एवं **32252 डाउन डानकुनी-सियालदह लोकल** तथा • **ब्लॉक के उपरांत पहली ट्रेन: 32231 अप सियालदह-डानकुनी लोकल** एवं **32232 डाउन डानकुनी-सियालदह लोकल**। असुविधा के लिए खेद है।

**मंडल रेल प्रबंधक, सियालदह**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**निविदा सूचना सं.: पीसीएमएम/जीईएनएल/टीपी/2026/26, दिनांक 02.07.2026;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, मुख्यालय (पांचवीं मंजिल), नया प्रशासनिक भवन, 11, गार्डनरीच रोड, कोलकाता-700043 द्वारा "ई" प्रोक्योरमेंट प्रणाली के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, जिसे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है। सभी निविदाएं 14.00 बजे बंद कर दी जाएंगी।

| क्र. | निविदा सं. | बंद होने की तिथि | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | ईएमडी (रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 60260006ए | 22.07.2026 | पीएससी स्लीपर आदि के साथ प्रयोग हेतु एबीएन-66 इंसुलेटिंग लाइनर | 600000 अदद | 6,35,760/- |
| 2 | 38263898 | 15.07.2026 | स्लैक एडजस्टर टाइप आईआरएसए-600 सम्पूर्ण | 1850 अदद | 3,28,280/- |
| 3 | 38263894 | 07.08.2026 | नट, स्प्रिंग वाशर एवं 4 मिमी व्यास स्प्लिट पिन के साथ की बोल्ट | 880000 अदद | 5,39,620/- |
| 4 | 38263932 | 05.08.2026 | बीओएक्सएनएचएल वैगन हेतु नया डोरवे स्टिफनिंग क्रॉस बार | 20500 अदद | 13,54,650/- |
| 5 | 38261545 | 10.08.2026 | ब्रेक शू आदि के लिए मॉडिफाइड की | 149600 अदद | 1,49,190/- |
| 6 | 38263883 | 17.08.2026 | 7/8" (22.22 मिमी) व्यास के जिंक प्लेटेड/गल्वनाइज्ड लॉक बोल्ट आदि | 57750 अदद | 1,16,910/- |
| 7 | 38261554 | 10.08.2026 | कैसनब 22एचएस बोगी के बोलस्टर हेतु इनर स्प्रिंग | 14430 अदद | 3,17,010/- |
| 8 | 77260012 | 25.07.2026 | क्षय रोधी ईपोक्सी पेंट आदि के लिए मदों का सेट | 2275 सेट | 1,55,710/- |
| 9 | 77261745 | 28.07.2026 | अल्काइड मॉडिफाइड सिंथेटिक इनामेल यूवी रेसिस्टेंट | 57950 लीटर | 1,14,060/- |
| 10 | 77261751 | 30.07.2026 | साधारण उद्देश्य आदि हेतु पेंट अल्यूमीनियम | 42158 लीटर | 1,09,240/- |
| 11 | 77263024 | 06.08.2026 | जेंटियन ब्लू (आरएएल 5010) पेंट इत्यादि | 96980 लीटर | 1,82,890/- |
| 12 | 77263042 | 04.08.2026 | पेंट, काला, इनामेल, सिंथेटिक एक्सटीरियर इत्यादि | 93880 लीटर | 1,19,640/- |
| 13 | 33261534 | 29.07.2026 | बोगी फ्रेम असेम्बली इत्यादि | 24 अदद | 1,40,680/- |
| 14 | 33263044 | 24.08.2026 | सेकेंडरी स्प्रिंग जेनेरेटर कार इत्यादि | 250 अदद | 3,07,930/- |
| 15 | 33263049 | 31.07.2026 | सेकेंडरी लैटेरल डम्पर इत्यादि | 1170 अदद | 1,29,920/- |
| 16 | 31265013 | 24.07.2026 | ट्रैक्शन मोटर के साथ पीनियन इत्यादि | 05 अदद | 3,58,950/- |
| 17 | 85261839ए | 10.08.2026 | टेपर रोलर बीयरिंग का सेट। | 210 सेट | 1,81,270/- |
| 18 | 81260019 | 27.07.2026 | आर-407 रेफ्रिजरेंट गैस | 8782 किग्रा | 1,50,680/- |
| 19 | 60260021 | 23.07.2026 | 60 किग्रा यूआईसी रेल (1 मीटर लंबी) आदि के लिए फिश प्लेट | 34000 अदद | 15,85,550/- |
| 20 | 81261879 | 20.07.2026 | रेड डाई पेनेट्रेंट किट | 23830 सेट | 3,04,810/- |
| 21 | आईएफ 265113बी | 17.07.2026 | एक सेट सीटी 16 स्लाइस स्कैनिंग सिस्टम (कंप्यूटेड टोमोग्राफी) इत्यादि की आपूर्ति एवं स्थापना | 01 सेट | 3,90,000/- |
| 22 | 46263094बी | 11.08.2026 | मोटर प्रोटेक्शन सर्किट ब्रेकर रेटिंग 1.6-2.5 एम्पियर्स इत्यादि | 3172 अदद | 1,14,090/- |
| 23 | 47255020ए | 18.08.2026 | स्वचालित सप्लाई चेंज ओवर कलर लाइट सिग्नलिंग पैनल इत्यादि की आपूर्ति, स्थापना, जांच एवं चालू करना | 74 अदद | 1,97,480/- |
| 24 | 33263124 | 31.08.2026 | परिपूर्ण फूट स्टेप इत्यादि | 3300 अदद | 3,16,040/- |
| 25 | 33263081 | 27.08.2026 | सेकेंडरी सस्पेंशन फिएट इत्यादि के लिए पैड | 2100 अदद | 4,20,770/- |
| 26 | 43263016 | 03.08.2026 | वोल्टेज फेज कंट्रोल (एमएमआर-मेजरिंग एवं मोनिटरिंग रिले) इत्यादि | 2422 अदद | 2,92,640/- |
| 27 | 90263113 | 22.07.2026 | स्लिप फ्री फिनिश स्टेनलेस स्टील शीट इत्यादि | 62544 किग्रा | 2,98,160/- |
| 28 | 90263067ए | 03.08.2026 | एमएस वायर (सामान्य इंजी. उद्देश्य के लिए) इत्यादि | 81815 किग्रा | 1,25,380/- |
| 29 | 5626आरजीसी_रिले_क्यूएनएन1 | 27.07.2026 | रिले क्यूएनएन1 इत्यादि की आपूर्ति हेतु चालू अनुबंध/मूल्य समझौता | 3500 अदद | 4,43,100/- |
| 30 | 5626आरजीसी_रिले_क्यूएन1 | 03.08.2026 | रिले क्यूएन1 इत्यादि की आपूर्ति हेतु चालू अनुबंध/मूल्य समझौता | 14000 अदद | 15,54,510/- |
| 31 | 60260002 | 10.08.2026 | कंक्रीट स्लीपर इत्यादि पर ईआरसी एमके-III फ्लैट टो के साथ प्रयोग हेतु मेटल लाइनर का निर्माण व आपूर्ति | 800000 अदद | 3,46,400/- |

इच्छुक निविदादातागण निविदाओं के सम्पूर्ण विवरण/ब्यौरा/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं तथा अपनी बोलियाँ ऑनलाइन जमा करें। किसी भी परिस्थिति में इन मदों के लिए मैनुअल निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी। **वि.द्र.:** प्रत्याशित बोलीदातागण अन्य सभी निविदाओं में भाग लेने तथा तदुपरांत प्रकाशित किसी भी शुद्धिपत्र के लिए नियमित रूप से **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। **(PR-412)**

**NAME CHANGE**

I, Beerappa, father of Army No.17014918K, rank Cfn, Name: Santosh Banti residing at Village: Terdal, P.O.:Terdal, Distt:Bagalkot, Karnataka-587315, do hereby solemnly affirm and declare that I have changed my name and date of birth to Bhirappa Laxman Banti DOB 01st January 1955. Beerappa.DOB 07th July 1964.and Bhirappa Laxman Banti.DOB 01st January 1955 pertain to one and same person before vide Notary Aliporei Judges Court dated 1 Jul 2026.

I, Rukamavva, mother of Army No.17014918K, rank Cfn, Name: Santosh Banti residing at Village: Terdal, P.O.:Terdal, Distt:Bagalkot, Karnataka-587315, do hereby solemnly affirm and declare that I have changed my name and date of birth to Rukamavva Bhirappa Banti. DOB 11th February 1972. Rukamavva.DOB 01st January 1969.and Rukamavva Bhirappa Banti.DOB 11 February 1972 pertain to one and same person before vide Notary Aliporei Judges Court dated 1 Jul 2026.

I Samriddha Lodh Alias Samriddha Sengupta Lodh Alias Sammriddhya Lodh Alias Sammriddhya Sengupta Lodh D/o Samar Lodh and W/o Sumanta Sengupta R/o 5/1 Nischintapur Lane, Santipur, Nadia, West Bengal - 741404, have changed my name to Sammriddhya Sengupta Lodh

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
MATRIMONIAL
PROPERTY
RECRUITMENT
EDUCATION
NAME CHANGE
PUBLIC NOTICE
OBITUARY
REMEMBRANCE
DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | www samagya.in
230, C. R. Ave, 3rd Floor, Kolkata-700 006, Contact : 7044444522, 7044444527

### किरेन रीजीजू ने चुनाव के दौरान नकद वितरण पर जताई चिंता, कहा...

# ‘अलोकतांत्रिक प्रथा पर लगनी चाहिए रोक’

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने शुक्रवार को चुनाव के दौरान देश के कुछ हिस्सों में मतदाताओं को नकदी बांटे जाने पर चिंता जताते हुए कहा कि इस तरह की अलोकतांत्रिक प्रथा पर रोक लगनी चाहिए। विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए आयोजित प्रबोधन कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री रीजीजू ने यह भी कहा कि विधायक या सांसद के रूप में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का जीवन बेहद कठिन होता है, क्योंकि उन्हें चौबीसों घंटे अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों की समस्याओं और अपेक्षाओं का ध्यान




रखना पड़ता है। उन्होंने कहा कि भारत में एक विधानसभा क्षेत्र में तीन लाख तक मतदाता और एक लोकसभा क्षेत्र में 30 लाख तक मतदाता होते हैं, जिसके कारण चुनाव प्रचार पर काफी खर्च आता है। रीजीजू ने कहा कि अब एक नई प्रवृत्ति सामने आई है। देश के कुछ हिस्सों और कुछ राज्यों में उम्मीदवारों को मतदाताओं को पैसा देना पड़ता है। यह अच्छी बात नहीं है। इस तरह की अलोकतांत्रिक प्रथा पर रोक लगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ यूरोपीय देशों में एक संसदीय क्षेत्र में केवल 30,000 से 40,000 मतदाता होते हैं, जबकि भारत में पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों के एक विधानसभा क्षेत्र में तीन लाख तक मतदाता होते हैं। रीजीजू ने कहा कि यूरोपीय देशों में सांसदों को मतदाताओं की समस्याओं और जरूरतों की देखभाल नहीं करनी पड़ती, वे केवल बहस और चर्चा पर ध्यान केंद्रित करते हैं। उन्होंने कहा कि लेकिन भारत में सुबह हमारे उठने से पहले ही 300 लोग अपनी समस्याएं लेकर हमसे मिलने घर पहुंच जाते हैं और हमें उनकी बातें सुननी पड़ती हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विधायक और सांसद का जीवन कठिन होता है तथा उन्हें लोगों की उम्मीदों और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए चौबीसों घंटे मेहनत करनी पड़ती है। उन्होंने नवनिर्वाचित विधायकों से कहा कि यदि आप अगला चुनाव जीतना चाहते हैं या विधायक अथवा सांसद बने रहना चाहते हैं, तो आपको कड़ी मेहनत करनी होगी और लोगों के कल्याण के लिए काम करना होगा।

❑ **बंगाल विधानसभा के डिजिटलीकरण के लिए केंद्र देगा 100 प्रतिशत वित्तीय सहायता**

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने शुक्रवार को घोषणा की कि राष्ट्रीय ई-विधान अनुप्रयोग (नेवा) योजना के तहत पश्चिम बंगाल विधानसभा के पूर्ण डिजिटलीकरण के लिए केंद्र सरकार 100 प्रतिशत वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। इसके लिए केंद्र सरकार और विधानसभा के बीच समझौता ज्ञापन पर पहले ही हस्ताक्षर किए जा चुके हैं। रिजिजू ने कहा कि एक राष्ट्र-एक अनुप्रयोग पहल के अंतर्गत संसदीय कार्य मंत्रालय विधानसभा के पूर्ण डिजिटलीकरण के लिए आवश्यक धनराशि उपलब्ध करा रहा है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के पूरा होने के बाद बंगाल विधानसभा पूरी तरह डिजिटल और आधुनिक तकनीक से लैस हो जाएगी। रिजिजू ने बताया कि नेवा मंच के माध्यम से विधायक सदन की कार्यवाही, कार्यसूची, विधायी दस्तावेज और अन्य आधिकारिक अभिलेख डिजिटल रूप से प्राप्त कर सकेंगे। इससे विधायी कार्य अधिक सुगम, पारदर्शी और प्रभावी होगा। उन्होंने कहा कि अब विधायकों को आवश्यक जानकारी खोजने में कठिनाई नहीं होगी और सभी महत्वपूर्ण सूचनाएं एक ही क्लिक पर उपलब्ध होंगी।

### फर्जी पहचान से नेता-मंत्रियों को करता था फोन, युवक गिरफ्तार



**हावड़ा :** फर्जी पहचान बताकर राजनीतिक नेताओं, मंत्रियों और सरकारी अधिकारियों को फोन करने के आरोप में बाली के रामनवमीतला लेन निवासी अभिजीत मंडल (26) को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### भारतीय घरों के भविष्य का निर्माण: उद्योग का बड़े पैमाने

**कोलकाता :** होमलेन और डिजाइनकैफे की मूल कंपनी होमविस्टा ने महाराष्ट्र के भिवंडी में 56,000 वर्ग फुट में फैली नई एकीकृत मैन्युफैक्चरिंग और वेयरहाउसिंग सुविधा शुरू की है। यह यूनिट उत्तर और पश्चिम भारत में बढ़ती मांग को पूरा करेगी। साथ ही पहली बार होमलेन और डिजाइनकैफे दोनों के लिए एक साझा मैन्युफैक्चरिंग प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराएगी, जिससे उत्पादन प्रक्रिया अधिक सुव्यवस्थित होगी और गुणवत्ता व समयबद्ध डिलीवरी सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर होमलेन के सीईओ और सह-संस्थापक श्रीकांत अय्यर ने कहा, होम इंटीरियर्स उद्योग एक नए दौर में प्रवेश कर रहा है। आज ग्राहक सिर्फ बेहतर डिज़ाइन नहीं चाहते, बल्कि वे समय पर काम पूरा होने, पूरी पारदर्शिता और भरोसेमंद गुणवत्ता की भी अपेक्षा रखते हैं।

## आरकेएम आवासीय स्कूल ने अपने छात्रावासों को अनिश्चितकाल के लिए किया बंद

❑ **हेडमास्टर का इस्तीफा, तीन कर्मचारी निलंबित**

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के नरेंद्रपुर स्थित रामकृष्ण मिशन विद्यालय के एक छात्र की कथित तौर पर गर्म चाय पीने से मौत होने के कुछ दिन बाद आवासीय विद्यालय प्रशासन ने 'अपरिहार्य परिस्थितियों' का हवाला देते हुए पांच जुलाई से अपने छात्रावासों को अनिश्चितकाल के लिए बंद करने का फैसला किया है। संबंधित अधिकारियों ने घोषणा की कि अगली सूचना तक कक्षाएं स्थगित रहेंगी और कक्षा पांचवीं से दसवीं तक के सभी विद्यार्थियों को छात्रावास खाली करने के निर्देश दिए गए हैं। संस्थान की ओर से गुरुवार को जारी एक नोटिस में अभिभावकों से कहा गया है कि वे शनिवार को दोपहर 1.30 बजे के बाद अपने बच्चों को छात्रावास से घर ले जाएं। इसमें कहा गया है कि सभी भवन (छात्रावास) पांच जुलाई से बंद रहेंगे। अधिकारियों ने कहा कि बच्चों के छात्रावास में वापसी की तिथि की सूचना बाद में दी जाएगी। संस्थान के सचिव स्वामी शास्त्रज्ञानानंद द्वारा हस्ताक्षरित नोटिस में कहा गया है, इससे हुई असुविधा के लिए हमें खेद है। हम आपके सहयोग की अपेक्षा करते हैं। उल्लेखनीय है कि संस्थान के कक्षा 12वीं के छात्र दिप्तांग्शु महतो की मंगलवार को स्कूल में गर्म चाय पीने के कुछ घंटों बाद मौत हो गई थी। एक चिकित्सक ने कहा कि भोजन नली और श्वासनली में रक्तस्राव छात्र की मौत का कारण हो सकता है। उन्होंने कहा कि हालांकि, मौत के सही कारण का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। छात्र की मौत के बाद व्यापक विरोध-प्रदर्शन शुरू हो गए। इसके बाद, प्रधानाचार्य स्वामी इष्टेशानंद ने इस्तीफा देने की पेशकश की, जबकि छात्रों के उत्पीड़न के आरोपों के कारण संस्थान ने तीन कर्मचारियों सौरभ तारू बिस्वास, सोमनाथ बैरागी और समरेश धारा को निलंबित कर दिया। एक अधिकारी ने बताया कि दिप्तांग्शु के पिता द्वारा स्कूल प्रशासन के खिलाफ घोर लापरवाही का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराये जाने के बाद पुलिस ने छात्र की मौत की जांच शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ गैर-इरादतन हत्या तथा अन्य आरोपों में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## बंगाल केवल विकास नहीं, बल्कि विश्व को नई सोच और विचार देने वाला राज्य बनेगा : ओम बिरला

**कोलकाता, समाज्ञा :** राजस्थान फोरम द्वारा आयोजित 'मीट एंड ग्रीट' समारोह में देश की सांस्कृतिक, वैचारिक और सामाजिक विरासत पर महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किए गए। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि बंगाल केवल आर्थिक विकास का नहीं, बल्कि विश्व को नई सोच, चेतना और विचार देने वाला राज्य बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि बंगाल सदैव नवाचार, वैचारिक क्रांति और सांस्कृतिक चेतना की भूमि रहा है और इसकी परंपरा ने 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना को विश्व स्तर पर सशक्त किया है।




उन्होंने विश्वास जताया कि अपनी समृद्ध सांस्कृतिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक विरासत के बल पर बंगाल एक बार फिर देश और दुनिया में नेतृत्वकारी भूमिका निभाएगा तथा आने वाले समय में यह प्रदेश उद्योग, तकनीक, साहित्य और विचारों का प्रमुख केंद्र बनेगा। कार्यक्रम में राजस्थान फोरम के सह-सभापति एच. एम. बांगड़, संस्थापक संदीप भूतोड़िया तथा आरएसएस कार्यकर्ता प्रवेश खन्ना मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सच्चिदानन्द पारिख ने किया। समारोह के दौरान अतिथियों का शॉल, पुष्पमाला और पुस्तक भेंट कर सम्मान किया गया। ओम बिरला ने प्रवासी राजस्थानी समाज की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने देश और विदेश में सेवा, समर्पण, परिश्रम और नैतिक मूल्यों के आधार पर अपनी पहचान बनाई है और राष्ट्र निर्माण में महत्व-पूर्ण योगदान दे रहे हैं।

उन्होंने बंगाल की महान विभूतियों रवीन्द्रनाथ ठाकुर और राजा राममोहन राय का उल्लेख करते हुए कहा कि यह भूमि हमेशा से विचार, संस्कृति और नवाचार की प्रेरक रही है। अंत में उन्होंने समाजसेवियों और उद्योगपतियों से आह्वान किया कि वे सेवा और राष्ट्रहित की भावना के साथ कार्य करें ताकि भारत 'वसुधैव कुटुम्बकम्' के संदेश को आगे बढ़ा सके। इस कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक एवं व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समारोह का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## शिक्षक भर्ती मामले में ईडी ने दाखिल की तीसरी चार्जशीट

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को बताया कि जांच एजेंसी के कोलकाता क्षेत्रीय कार्यालय ने स्कूल में नौकरी दिलाने के नाम पर हुए घोटाले में बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने इस संबंध में राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री और तृणमूल कांग्रेस के महासचिव पार्थ चटर्जी, उनकी करीबी सहयोगी अर्पिता मुखर्जी और अन्य के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की विशेष अदालत में 26 जून को तीसरी पूरक चार्जशीट दाखिल की है। ईडी द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि यह शिकायत धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत 18 अप्रैल, 2024 की चार्जशीट और 18 अक्टूबर, 2025 की पहली पूरक चार्जशीट के क्रम में दाखिल की गई है। केंद्रीय जांच एजेंसी के अनुसार, अनुसूचित अपराध भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), 1860 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के प्रावधानों के तहत आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार से संबंधित हैं। पीएमएलए के तहत की गई जांच में पता चला है कि ओएमआर स्कोर में हेराफेरी, व्यक्तित्व परीक्षा के अंकों में हेरफेर, अयोग्य उम्मीदवारों की अवैध नियुक्ति और पैनल की समय सीमा समाप्त होने के बाद भी नियुक्तियां जारी करके बड़े पैमाने पर भर्ती घोटाला किया गया था। ईडी द्वारा जारी बयान में कहा गया कि जांच में यह भी सामने आया है कि हजारों उम्मीदवारों को निर्धारित नियमों का उल्लंघन करते हुए शिक्षण पदों पर अवैध रूप से नियुक्त किया गया या नियुक्ति के लिए अनुशंसित किया गया, जिससे योग्य उम्मीदवारों को उनकी वैध नियुक्तियों से वंचित किया गया। ईडी के अनुसार, जांच में यह भी पता चला है कि पार्थ चटर्जी ने स्कूल सेवा आयोग (एसएससी), स्कूल सेवा आयोग, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड और विभिन्न बिचौलियों के अधिकारियों के साथ मिलीभगत करके अपने आधिकारिक पद का दुरुपयोग करते हुए अवैध भर्ती प्रक्रिया को प्रभावित करने और सुविधाजनक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ईडी के बयान में कहा गया कि जांच में यह भी पता चला कि अयोग्य उम्मीदवारों से नियुक्ति और सिफारिश के बदले अवैध रिश्वत ली गई थी।

### मो. सलीम का केंद्र और राज्य सरकार पर कटाक्ष, मिड-डे मील और ‘बुलडोजर नीति’ पर उठाए सवाल

**सिलीगुड़ी :** उत्तर बंगाल में मुख्यमंत्री के दौरे के बीच सिलीगुड़ी में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में माकपा के राज्य सचिव मोहम्मद सलीम ने शुक्रवार को केंद्र और राज्य सरकार पर कटाक्ष किया है। उन्होंने देश की खराब होती आर्थिक स्थिति और बढ़ती महंगाई को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विदेश दौरों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आम जनता पर बोझ डालकर बड़े उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने डॉलर के मुकाबले रुपये की गिरती कीमत और रोजमर्रा की वस्तुओं के बढ़ते दामों पर गहरी चिंता जताई। मोहम्मद सलीम ने मिड-डे मील में सोयाबीन के उपयोग को लेकर भी केंद्र सरकार की नीति की कड़ी आलोचना की। साथ ही, देशभर में चल रही ‘बुलडोजर नीति’ पर सवाल उठाते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि अवैध अतिक्रमण हटाने के नाम पर मेहनतकश लोगों की आजीविका छीनी जा रही है। उन्होंने उत्तर बंगाल के बंद पड़े चाय बागानों को जल्द खोलने की मांग करते हुए कहा कि इससे हजारों श्रमिकों को रोजगार मिल सकेगा। सलीम ने सरकार से इस दिशा में तत्काल ठोस कदम उठाने की अपील की। हालांकि, उन्होंने नए मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के उत्तर बंगाल दौरे को सकारात्मक कदम बताया और कहा कि आम लोगों की समस्याएं सुनने के लिए नियमित रूप से क्षेत्र का दौरा किया जाना चाहिए। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि उनके दौरे अधिकतर औपचारिक ही रहे उससे कोई ठोस परिणाम नहीं निकला। सलीम ने शिक्षा क्षेत्र में कथित भ्रष्टाचार समेत तृणमूल शासनकाल के विभिन्न मामलों पर श्वेत पत्र जारी करने की मांग की और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही।

## कलकत्ता वस्त्र व्यवसायी सेवा समिति ने हजारों विद्यार्थियों को नि:शुल्क पाठ्य सामग्री वितरित की

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता वस्त्र व्यवसायी सेवा समिति की ओर से बड़ाबाजार के माला पाड़ा स्थित सत्संग भवन परिसर में कोलकाता की विभिन्न पाठशालाओं के हजारों छात्र-छात्राओं के बीच नि:शुल्क पाठ्य-पठन सामग्री एवं खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुप्रसिद्ध उद्योगपति ब्रह्मानंद अग्रवाल, सुप्रसिद्ध समाजसेवी डॉ. अशोक कुमार सिंह, समाजसेवी नारायणदास सोनी तथा पार्षद मीना देवी पुरोहित शामिल थीं। सभी अतिथियों ने समिति द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। समिति अध्यक्ष महेन्द्र कुमार चौधरी उपाध्यक्ष सीताराम वर्मा, मुरारी लाल सराफ सचिव नन्दकिशोर भूतड़ा,सह सचिव दयानंद गुप्ता, कमल चंद बैद कार्यक्रम संयोजक बजरंग लाल खेडिया, राजेश कुमार गुप्ता, मनोज कुमार जैन अतिथियों का स्वागत किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सदस्य प्रदीप कुमार चिरानिया, सुशील कुमार मिमाणी, मुकेश कुमार गुप्ता, सुरेन्द्र शर्मा, भंवरलाल बिहानी, गोवर्धनसिंह राजपुरोहित, सुनील गुप्ता, राकेश कुमार शर्मा, अनिल




गोयल, मनोज तिवारी नरेश कुमार मित्तल अमित गोयल, राम अधार प्रजापति सक्रिय रहे।

### एआई+ स्मार्टफोन ने अपने संपूर्ण उत्पाद पोर्टफोलियो में फ्लिपकार्ट गोट सेल की विशेष पेशकशों की घोषणा की

**कोलकाता :** एआई+ स्मार्टफोन ने फ्लिपकार्ट की बहुप्रतीक्षित गोट सेल के लिए अपने स्मार्टफोन और एआईओटी पोर्टफोलियो में आकर्षक मूल्य निर्धारण की घोषणा की है। फ्लिपकार्ट प्लस ग्राहकों को 3 जुलाई से सेल तक शीघ्र पहुंच प्राप्त होगी, जबकि गोट सेल 4 जुलाई से सभी ग्राहकों के लिए खुलेगी। इस वर्ष की फ्लिपकार्ट गोट सेल की प्रमुख विशेषताओं में एआई+ पल्स 2 पर अब तक की सबसे बड़ी पेशकश शामिल है, जो 8,999 रुपये के विशेष मूल्य पर उपलब्ध है। इस घोषणा पर टिप्पणी करते हुए, माधव शेठ, सीईओ, एआई+ स्मार्टफोन एवं संस्थापक, एनएक्सटीक्वांटम शिफ्ट टेक्नोलॉजीज, ने कहा, जैसे-जैसे हमारा उत्पाद पोर्टफोलियो निरंतर विस्तारित हो रहा है, हमारा ध्यान इस बात पर केंद्रित है कि अधिक से अधिक उपभोक्ता स्मार्टफोन और कनेक्टेड डिवाइस के माध्यम से एआई+ इकोसिस्टम का अनुभव प्राप्त कर सकें।

## आईआईटी खड़गपुर में आज 72वां दीक्षांत समारोह, प्लेटिनम जुबली वर्ष का गौरवपूर्ण आयोजन

❑ **केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री डॉ. सुकांत मजूमदार मुख्य अतिथि होंगे**

**खड़गपुर :** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) खड़गपुर अपना 72वां दीक्षांत समारोह 4 जुलाई को संस्थान परिसर में आयोजित करने जा रहा है। यह समारोह संस्थान के प्लेटिनम जुबली वर्ष (75 वर्ष) के अवसर पर विशेष महत्व रखता है। इस वर्ष कुल 3,936 छात्रों को विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर, डॉक्टरेट और पेशेवर कार्यक्रमों में डिग्रियां प्रदान की जाएंगी। समारोह में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री एवं उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री डॉ. सुकांत मजूमदार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे, जबकि न्यूयॉर्क एकेडमी ऑफ साइंसेज के अध्यक्ष तथा प्रसिद्ध इतिहासकार-मानवशास्त्री प्रो. निकोलस बी. डिर्क्स विशिष्ट अंतरराष्ट्रीय अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे।

दीक्षांत समारोह की पूर्व संध्या पर आयोजित प्रेस वार्ता को संस्थान के निदेशक प्रो. सुमन चक्रवर्ती ने संबोधित किया, जिसमें दीक्षांत प्रभारी प्रो. गार्गी दास भी मौजूद रहीं। उन्होंने बताया कि यह आयोजन केवल विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों का उत्सव नहीं है, बल्कि संस्थान की उस लंबी विरासत का प्रतीक है, जिसने देश और विश्व को उत्कृष्ट वैज्ञानिक, नवाचारकर्ता और नेतृत्वकर्ता दिए हैं। इस अवसर पर पश्चिम बंगाल सरकार के मंत्री, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, वैज्ञानिक, उद्योग जगत के प्रतिनिधि, पूर्व छात्र, शिक्षक और अभिभावक भी उपस्थित रहेंगे। इस वर्ष संस्थान द्वारा 539 पीएचडी, 908 एम.टेक, 801 ड्यूल डिग्री, 628 बी.टेक (ऑनर्स), 181 बी.एस., 209 एम.एससी., 163 एमबीए, 59 पीजीडीबीए, 73 एलएल.एम., 31 एलएल.बी. सहित कुल 3,936 डिग्रियां प्रदान की जाएंगी। इसके साथ ही उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन, नेतृत्व और नवाचार के लिए राष्ट्रपति स्वर्ण पदक और प्रधानमंत्री स्वर्ण पदक सहित कई प्रतिष्ठित पुरस्कार भी दिए जाएंगे।

## कलकत्ता बॉयज स्कूल का अंतर-विद्यालय सांस्कृतिक महोत्सव ‘कॉनकॉर्ड 2026’ संपन्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता बॉयज स्कूल के वार्षिक अंतर-विद्यालय सांस्कृतिक महोत्सव ‘कॉनकॉर्ड 2026’ का 44वां संस्करण शुक्रवार को तीन दिनों तक चले विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बाद भव्य समापन के साथ संपन्न हो गया। 1 से 3 जुलाई तक आयोजित इस महोत्सव में पश्चिम बंगाल के 30 से अधिक प्रतिष्ठित विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लेकर संगीत, नृत्य, कला और विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। महोत्सव का उद्घाटन कलकत्ता बॉयज ग्रुप ऑफ स्कूल्स के प्रधानाचार्य एवं सचिव राजा मैगी ने किया। उन्होंने कहा कि कॉनकॉर्ड विद्यार्थियों में रचनात्मकता, नेतृत्व क्षमता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने का एक महत्वपूर्ण मंच है। उद्घाटन समारोह में टॉलीवुड अभिनेत्री देबलीना दत्ता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों में जीत से अधिक महत्वपूर्ण सीख, अनुभव और नई मित्रताएं होती हैं।

महोत्सव के दौरान भक्ति समूहगान, वाद्य संगीत, पोस्टर निर्माण, कॉमिक स्ट्रिप और कंसोल गेमिंग सहित कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने विभिन्न विधाओं में अपनी रचनात्मकता और कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। समापन समारोह का




आयोजन पूर्वी क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र (ईजेडसीसी) में हुआ, जहां अभिनेता सौम्य मुखर्जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों की प्रतिभा और अनुशासन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में विभिन्न विद्यालयों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ कलकत्ता बॉयज स्कूल के विद्यार्थियों ने माइकल जैक्सन को समर्पित विशेष प्रस्तुति दी, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। फैशन शो भी आकर्षण का केंद्र रहा। महोत्सव का समापन लोकप्रिय बैंड 'इन-सिंक' की प्रस्तुति के साथ हुआ। तीन दिवसीय आयोजन ने एक बार फिर युवा प्रतिभाओं को अपनी सृजनात्मक क्षमता प्रदर्शित करने तथा कला, संस्कृति और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए एक प्रभावी मंच उपलब्ध कराया।

## सियालदह-कृष्णनगर रेलखंड पर कई लोकल ट्रेनों की सेवाओं का होगा विस्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल ने सियालदह-कृष्णनगर रेलखंड पर कुछ लोकल ट्रेनों की सेवाओं में अस्थायी बदलाव और विस्तार करने का निर्णय लिया है। यह व्यवस्था 6 जुलाई से 31 अगस्त 2026 तक प्रायोगिक आधार पर लागू रहेगी। जानकारी के अनुसार, 31629 सियालदह-राणाघाट लोकल का विस्तार कृष्णनगर तक किया जाएगा। सोमवार से शुक्रवार तक यह ट्रेन 31629 सियालदह-कृष्णनगर स्पेशल के रूप में चलेगी, जबकि अन्य दिनों में अपने नियमित समयानुसार संचालित होगी। ट्रेन रात 10:08 बजे सियालदह से रवाना होकर रात 12:23 बजे कृष्णनगर पहुंचेगी। राणाघाट और कृष्णनगर के बीच यह कालीनारायणपुर, बीरनगर, ताहेरपुर, बड़कुल्ला और जलालखाली हॉल्ट स्टेशनों पर रुकेगी।

इसी प्रकार, 31614 राणाघाट-सियालदह लोकल का भी विस्तार कृष्णनगर तक किया जाएगा। सोमवार से शनिवार तक यह ट्रेन 31614 कृष्णनगर-सियालदह स्पेशल के रूप में संचालित होगी, जबकि रविवार को यह अपने नियमित समयानुसार चलेगी। यह ट्रेन सुबह 5:20 बजे कृष्णनगर से रवाना होकर 7:37 बजे सियालदह पहुंचेगी। मार्ग में जलालखाली हॉल्ट, बड़कुल्ला, ताहेरपुर, बीरनगर और कालीनारायणपुर स्टेशनों पर इसका ठहराव होगा।

इसके अलावा, 31843 सियालदह-कृष्णनगर लोकल के प्रस्थान समय में भी बदलाव किया गया है। यह ट्रेन अब रात 9:00 बजे के बजाय 8:55 बजे सियालदह से रवाना होगी और 11:22 बजे के बजाय 11:17 बजे कृष्णनगर पहुंचेगी। इसके साथ ही मध्यवर्ती स्टेशनों पर ठहराव के समय में भी आवश्यक संशोधन किया जाएगा।

## मानवता के मसीहा थे आचार्य तुलसी : मुनि जिनेश कुमार

**कोलकाता :** युगप्रधान आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनि श्री जिनेश कुमार जी ठाणा-3 के सान्निध्य में राष्ट्र संत आचार्य श्री तुलसी का 30वां महाप्रयाण दिवस विसर्जन दिवस के रूप में तेरापंथ महिला मंडल, साउथ हावड़ा द्वारा तेरापंथ प्रांगण में आयोजित किया गया। जिसमें वृहत्तर कोलकाता के तेरापंथ महिला मंडलों में साउथ हावड़ा, उत्तर हावड़ा, साउथ कोलकाता, पूर्वांचल, टॉलीगंज, बेहाला, मध्य कोलकाता, लिलुआ, बाली-बेलूड़, रिसड़ा आदि कुल दस मंडलों की सहभागिता रही। इस अवसर पर दीक्षार्थी सुमन बैद भी उपस्थित रहीं।

इस अवसर पर उपस्थित धर्मसंघ को संबोधित करते हुए मुनि श्री जिनेश कुमार जी ने कहा कि आध्यात्मिक जगत के इतिहास में आचार्य श्री तुलसी इन शताब्दियों का एक दुर्लभ व्यक्तित्व हैं। आचार्य तुलसी की जी-



वनगाथा भारतीय चेतना का एक अभिनव उत्थान है। आचार्य तुलसी मानवता के मसीहा, शांति के पैगंबर, धर्म के देवता, साधना के शलाका पुरुष और अप्रमत्ता के प्रहरी थे। उनका जीवन चिंतन व अनंत संभावनाओं का पुंज था। उन्होंने मानव समाज को अणुव्रत, प्रेक्षाध्यान, जीवन विज्ञान, नशा मुक्ति, महिला जागरण, शिक्षा, कला, साहित्य आदि अवदान देकर उपकृत किया। आचार्य तुलसी का जीवन संकल्पों की वर्णमाला था। उनका जन्म लाडनूं में हुआ और उनका महाप्रयाण गंगाशहर में हुआ। उन्होंने अपने आचार्य पद का विसर्जन कर एक नया उदाहरण प्रस्तुत किया। आज उनके 30वें महाप्रयाण दिवस को विसर्जन दिवस के रूप में मनाकर अपनी श्रद्धा समर्पित करते हैं।

मुनि जी ने आगे कहा कि दीक्षा अनंत की यात्रा है, त्याग से वैराग्य की यात्रा है। दीक्षार्थी सुमन बैद व तपस्वी बहनों के प्रति मंगल कामना की। मुनि कुणाल कुमार जी ने सुमधुर गीत का संगान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ तेरापंथ महिला मंडल, साउथ हावड़ा के मंगलाचरण से हुआ। स्वागत भाषण तेरापंथ महिला मंडल, साउथ हावड़ा की अध्यक्षा अंजू चोरडिया ने दिया। इस अवसर पर कलकत्ता सभा के अध्यक्ष शिखरचंद लुनावत, साउथ हावड़ा सभा के अध्यक्ष प्रकाशचंद मालू ने अपने भावों की अभिव्यक्ति की। प्रस्तुतियों के क्रम में तेरापंथ महिला मंडल उत्तर हावड़ा, मध्य कोलकाता, साउथ कोलकाता, पूर्वांचल, टॉलीगंज, बेहाला, लिलुआ, बाली-बेलूड़, रिसड़ा ने गीत, वक्तव्य, संवाद के माध्यम से अपनी प्रस्तुतियां दीं। दीक्षार्थी सुमन बैद ने अपने भावों की प्रस्तुति दी। आभार ज्ञापन मंत्री लक्ष्मी गीड़िया ने किया। कार्यक्रम का संचालन मुनि परमानंद जी ने किया। दीक्षार्थी सुमन बैद, अठाई तप करने वाली डॉ. स्नेहा डागा व खुशी जैन का सभा द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर अच्छी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

### नवद्वीप नगरपालिका में एक साथ 18 पार्षदों ने दिया इस्तीफा

**कोलकाता, समाज्ञा :** चेयरमैन जेल में और वाइस-चेयरमैन ने भी इस्तीफा दे दिया। नवद्वीप नगरपालिका में लंबे समय से गतिरोध बना हुआ है। नवद्वीप नगरपालिका के मौजूदा पालिका बोर्ड के भविष्य को लेकर सवाल था। इसी माहौल के बीच नवद्वीप नगरपालिका के 18 पार्षदों ने एक साथ इस्तीफा दे दिया है। बता दें कि इससे पहले 3 जून को पार्षद ने इस्तीफा दे दिया था। इसके साथ ही कुल 21 पार्षद नगरपालिका छोड़ चुके हैं। जानकारी के अनुसार, नवद्वीप नगरपालिका बोर्ड कुल 24 पार्षदों के साथ बना था। इस बार, उस बोर्ड में केवल 3 पार्षद रह गए हैं। सूत्रों के मुताबिक, इस स्थिति में, प्रशासनिक गलियारों के एक हिस्से के मुताबिक, नगरपालिका की प्रशासनिक जिम्मेदारियों को संभालने के लिए प्रशासक नियुक्त करने की संभावना मजबूत हो रही है।

## स्वच्छता अभियान के तीसरे चरण में यात्रियों को जोड़ेगा पूर्व रेलवे, ‘कैप्टन क्लीन’ बनेंगे जागरूक यात्री

**कोलकाता, समाज्ञा**

पूर्व रेलवे ने स्वच्छता अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए इसके तीसरे चरण की शुरुआत करने की घोषणा की है। महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर 4 जुलाई को हावड़ा स्टेशन पर इस अभियान का शुभारंभ करेंगे। नए चरण ईस्टर्न रेलवे इज वॉचिंग यू के तहत रेलवे परिसरों में गंदगी फैलाने या थूकने वाले लोगों पर मौके पर ही जुर्माना लगाया जाएगा। स्वच्छता अभियान की शुरुआत अप्रैल में हुई थी। पहले चरण में रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों ने यात्रियों, विक्रेताओं तथा रेलवे लाइन और स्टेशन परिसर के आसपास रहने वाले लोगों से सीधे संवाद कर उन्हें पटरियों और रेलवे परिसरों में कचरा नहीं फेंकने के लिए जागरूक किया।

इसके बाद, दूसरे चरण में 30 मिनट चैलेंज अभियान चलाया गया, जिसका नारा था स्पॉट इट, रिपोर्ट इट, वी आर ऑन इट। इस पहल के तहत यात्रियों से रेलवे परिसर में कहीं भी गंदगी दिखाई देने पर उसकी तस्वीर और स्थान की जानकारी भेजने का आग्रह किया गया। पूर्व रेलवे ने दावा किया कि इस अभियान के दौरान प्राप्त 126 शिकायतों पर 30 मिनट के भीतर सफाई कराई गई।

अब तीसरे चरण में यात्रियों की भी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई है। यदि कोई व्यक्ति रेलवे परिसर में कचरा फेंकते या थूकते हुए दिखाई देता है, तो यात्री उसकी तस्वीर और स्थान की जानकारी पूर्व रेलवे के व्हाट्सएप नंबर 9002022780 पर भेज सकते हैं। शिकायत मिलने के बाद संबंधित व्यक्ति का पता लगाकर उस पर जुर्माना लगाया जाएगा। वहीं, सूचना देने वाले यात्री को कैप्टन क्लीन की उपाधि के साथ पूर्व रेलवे की ओर से प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी ने कहा कि स्वच्छता केवल रेलवे की नहीं, बल्कि प्रत्येक यात्री की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य यात्रियों को स्वच्छ रेलवे परिसर बनाए रखने में सक्रिय भागीदार बनाना और जनसहभागिता के माध्यम से स्वच्छ यात्रा वातावरण सुनिश्चित करना है।

# वॉयस सैंपल मामले में अभिषेक बनर्जी को झटका, हाई कोर्ट का फास्ट-ट्रैक सुनवाई से इनकार



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य पुलिस की सीआईडी को वॉयस सैंपल देने से छूट की मांग कर रहे तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी को कलकत्ता हाई कोर्ट से फिलहाल कोई राहत नहीं मिली है। शुक्रवार को हाई कोर्ट की एकल पीठ ने उनकी याचिका पर जल्द (फास्ट-ट्रैक) सुनवाई की मांग को खारिज कर दिया। यह मामला उस केस से जुड़ा है, जिसमें सीआईडी ने अभिषेक बनर्जी पर विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कथित तौर पर भड़काऊ और धमकी भरे बयान देने का आरोप लगाया है। इसी मामले की जांच के लिए एजेंसी उनके वॉयस सैंपल लेना चाहती है। बता दें कि इससे पहले 30 जून को न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष की एकल पीठ ने अभिषेक बनर्जी की वॉयस सैंपल देने से छूट संबंधी याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया था। बाद में, उन्होंने इस मामले की आगे की सुनवाई से स्वयं को अलग कर लिया। इसके बाद, शुक्रवार को अभिषेक बनर्जी की ओर से न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य की एकल पीठ के समक्ष जल्द सुनवाई की मांग की गई। हालांकि, अदालत ने यह मांग स्वीकार करने से इनकार करते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में इस मामले की सुनवाई 7 जुलाई से पहले नहीं हो सकती।

## डायमंड हार्बर में अभिषेक बनर्जी के खिलाफ नया मामला, 'सेवाश्रय' शिविर जांच के घेरे में

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी के खिलाफ दक्षिण 24 परगना के डायमंड हार्बर में एक नया मामला दर्ज किया गया है। इस बार, उनके द्वारा संचालित 'सेवाश्रय' स्वास्थ्य शिविरों को लेकर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। शिकायत में कहा गया है कि इन शिविरों में बिना वैध अनुमति के चिकित्सा केंद्र चलाए गए और वहां अवैध रूप से दवाइयों, चिकित्सा उपकरणों तथा अन्य मशीनों का इस्तेमाल किया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, रायनगर निवासी सुकदेव दास की शिकायत के आधार पर डायमंड हार्बर थाने की पुलिस ने कार्रवाई शुरू की है। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि शिविरों में रेडियोधर्मी पदार्थों का भी अवैध उपयोग किया गया, जिससे आम लोगों की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती थी। पुलिस ने सांसद अभिषेक बनर्जी सहित अन्य लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक साजिश जैसे आरोपों में मामला दर्ज किया है। इसके अलावा, औषधि एवं प्रसाधन अधिनियम, परमाणु ऊर्जा अधिनियम, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम, पीसीपीएनडीटी अधिनियम तथा पश्चिम बंगाल क्लिनिकल एस्टैब्लिशमेंट अधिनियम के तहत भी केस दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि अभिषेक बनर्जी और अन्य लोग सुनियोजित आपराधिक साजिश के तहत विभिन्न स्थानों पर अनधिकृत चिकित्सा केंद्र चला रहे थे, जहां नियमों के विरुद्ध इलाज, दवा वितरण और जांच संबंधी उपकरणों का उपयोग किया गया। इससे जनस्वास्थ्य और सार्वजनिक सुरक्षा को गंभीर खतरा उत्पन्न हुआ। मामले में आपराधिक साजिश और जनसुरक्षा में बाधा समेत कई धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। डायमंड हार्बर एसडीपीओ कार्यालय को जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पुलिस सभी आरोपों की सत्यता की जांच कर रही है और जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## अभिषेक बनर्जी के निजी सहायक की अग्रिम जमानत याचिका दूसरी पीठ को भेजी गई

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय की एक एकल पीठ ने कथित संदिग्ध भूमि सौदे से जुड़े मामले में तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी के निजी सहायक सुमित रॉय की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य ने रॉय की अग्रिम जमानत की याचिका को न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता की पीठ के पास भेज दिया, जिन्होंने पूर्व में इस मामले पर विस्तार से सुनवाई की थी। रॉय की ओर से शुक्रवार को न्यायमूर्ति भट्टाचार्य की अदालत में याचिका दायर कर अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई का अनुरोध किया गया। इसमें कहा गया कि न्यायमूर्ति सेनगुप्ता की पीठ फिलहाल नहीं बैठ रही है, इसलिए मामले की सुनवाई की जाए। रॉय के वकील ने दलील दी कि उन्हें राजनीतिक कारणों से भूमि सौदे के मामले में फंसाया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि संबंधित प्राथमिकी में सुमित रॉय का नाम शामिल नहीं है। शिकायतकर्ता का आरोप था कि भूखंड देने का वादा कर उससे 10 लाख रुपये की धोखाधड़ी की गई। राज्य सरकार के वकील के अनुसार, याचिकाकर्ता का नाम जांच के दौरान सामने आया। न्यायमूर्ति सेनगुप्ता ने निर्देश दिया था कि रॉय को पूरक हलफनामा दाखिल करने की स्वतंत्रता होगी, जबकि राज्य सरकार अगली सुनवाई की तारीख पर साक्ष्य संबंधी कागजात और केस डायरी प्रस्तुत करेगी।

## हस्ताक्षर जालसाजी : अदालत ने अभिषेक को दंडात्मक कार्रवाई से अंतरिम राहत 17 जुलाई तक बढ़ाई

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने विधानसभा में विपक्ष के नेता के तौर पर तृणमूल कांग्रेस की पसंद से संबंधित प्रस्ताव पर हस्ताक्षर जालसाजी के मामले में पार्टी सांसद अभिषेक बनर्जी को किसी भी दंडात्मक कार्रवाई से अंतरिम संरक्षण शुक्रवार को 17 जुलाई तक बढ़ा दिया। न्यायमूर्ति शुभ्रा घोष ने अंतरिम संरक्षण की अवधि बढ़ाई, क्योंकि जिस न्यायाधीश की अदालत में इस मामले की सुनवाई होनी है, वह फिलहाल जलपाईगुड़ी सर्किट पीठ में कार्यरत हैं। अभिषेक बनर्जी के वकील द्वारा मामले का उल्लेख किए जाने पर न्यायमूर्ति घोष ने अंतरिम संरक्षण बढ़ा दिया। इससे पहले न्यायमूर्ति कौशिक चंदा द्वारा दिया गया अंतरिम संरक्षण शुक्रवार को समाप्त हो रहा था। न्यायमूर्ति घोष ने निर्देश दिया कि मामले को 13 जुलाई को नियमित पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि समन्वय पीठ द्वारा अंतरिम संरक्षण प्रदान करते समय लगाई गई सभी शर्तें अगले आदेश तक प्रभावी रहेंगी। एकल-न्यायाधीश पीठ ने अभिषेक बनर्जी को सीआईडीकी चल रही जांच में पूर्ण सहयोग जारी रखने का निर्देश दिया।

# मुख्यमंत्री शुभेंदु ने उत्तरकन्या में की बैठक, लिए कई बड़े फैसले

❑ **बाढ़, सड़क सुरक्षा और विकास पर सरकार सख्त**




**सिलीगुड़ी :** सिलीगुड़ी स्थित मिनी शाखा सचिवालय उत्तरकन्या में मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई उच्चस्तरीय प्रशासनिक बैठक में उत्तर बंगाल के लिए कई अहम फैसले लिए गए। बैठक के बाद राज्य के पर्यटन मंत्री शंकर घोष ने पत्रकारों को जानकारी दी। बैठक में मुख्य रूप से उत्तर बंगाल में बाढ़ की तैयारियों और मानसून के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा की गई। सभी जिलों को निर्देश दिया गया है कि वे चेतावनी प्रणाली को मजबूत और आपात स्थिति में तेजी से राहत कार्य सुनिश्चित करें। बैठक में मालदह के गाजोल में उत्तर बंगाल विकास विभाग (एनबीडीडी) का एक नया क्षेत्रीय कार्यालय खोलने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा, मयनागुड़ी बस हादसे के बाद सड़क सुरक्षा को लेकर भी विस्तृत रूप से चर्चा हुई। सरकार ने उत्तर बंगाल राज्य परिवहन निगम (एनबीएसटीसी) बसों में बेहतर और उन्नत निगरानी व्यवस्था लागू करने का फैसला किया है। राष्ट्रीय राजमार्गों पर रात के समय दुर्घटनाओं के बाद लगाए गए बैरिकेड्स हटाने और बीएलआरओ कार्यालयों में सीसीटीवी कैमरे लगाने पर भी विचार किया गया। इस बैठक को उत्तर बंगाल में आपदा प्रबंधन और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

## पुनर्वास के बिना बेदखली नहीं, कोलकाता के पुलों के नीचे रह रहे परिवार अब कोर्ट का करेंगे रुख

**कोलकाता, समाज्ञा**

कोलकाता की खूबसूरती लौटाने और जर्जर हो चुके पुलों को हादसों से बचाने के लिए कोलकाता नगर निगम (केएमसी) ने शहर के 105 पुलों के नीचे अवैध रूप से रह रहे निवासियों और व्यापारियों को जगह खाली करने का नोटिस थमा दिया है। इस कार्रवाई से हड़कंप मच गया है और अब 'बिना पुनर्वास के बेदखली नहीं' की मांग को लेकर पीड़ित परिवार कलकत्ता हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाने की तैयारी कर रहे हैं।

निगम की ओर से शनिवार और रविवार को बुलडोजर चलने की आशंका के बीच बोंडेल गेट, ढाकुरिया (बीजन सेतु) और अरविंद सेतु जैसे पुराने पुलों के नीचे रहने वाले लोग अपना सामान समेटने में जुट गए हैं। कई खटाल संचालकों ने अपनी गाय-भैंसों को लॉरियों में लादकर जयनगर और हावड़ा की ओर भेजना शुरू कर दिया है। पुलों के नीचे रहने वाले कई निवासियों का नाम वोटर लिस्ट में भी दर्ज नहीं है। वे खुद भी जानते हैं कि बिना वैध दस्तावेजों के उन्हें सरकारी पुनर्वास मिलना नामुमकिन के बराबर है और उनका भविष्य पूरी तरह अनिश्चित है। इसके बावजूद, डूबते को तिनके का सहारा ढूंढते हुए ये लोग अदालत से राहत की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

## पूर्व मंत्री मनोज तिवारी के ऑफिस से मिली राहत और आपत्तिजनक सामग्री



**हावड़ा, समाज्ञा :** जिले के बालीटिकुड़ी क्षेत्र में शुक्रवार को राज्य के पूर्व मंत्री और पूर्व क्रिकेटर मनोज तिवारी से जुड़े कार्यालय तथा एक क्लब से बड़ी मात्रा में सरकारी राहत सामग्री मिलने का मामला सामने आया है। मौके से सरकारी तिरपाल, कंबल, अन्य राहत सामग्री, जमीन से जुड़े कुछ दस्तावेज तथा कंडोम का पैकेट मिलने का भी दावा किया गया है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, हावड़ा के वार्ड 50 में पूर्व पार्षद त्रिलोकेश मंडल के गोदाम से भी बड़ी मात्रा में राहत सामग्री बरामद होने का दावा किया गया। इस दौरान एक तृणमूल कार्यकर्ता के साथ मारपीट का आरोप भी लगा। इसके बाद, दासनगर-काशीपुर क्षेत्र में मनोज तिवारी के करीबी तृणमूल नेता बिप्लब दे के घर के सामने भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। भाजपा का दावा है कि बिप्लब दे से जुड़े एक क्लब से राहत सामग्री के साथ चाकू, तलवार और हाकी स्टिक भी मिली हैं। भाजपा नेता मनोज गोस्वामी ने आरोप लगाया कि आम लोगों में बांटने के बजाय सरकारी राहत सामग्री को अवैध रूप से खुले बाजार में बेचने के लिए जमा कर रखा गया था। उन्होंने यह भी दावा किया कि पूर्व मंत्री के कार्यालय की मेज की दराज से कंडोम के पैकेट मिले हैं। हालांकि, मनोज तिवारी से संपर्क करने की कोशिश की गई,लेकिन उनका पक्ष नहीं मिल सका।

## हावड़ा मैदान शक्ति दल की बैठक, 31वें भारत माता पूजन व स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों पर चर्चा

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा मैदान शक्ति दल की ओर से 31वें भारत माता पूजन एवं स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर मुख्य कार्यकारी सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा, सदस्यता अभियान के विस्तार तथा संगठन को और सशक्त बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। संस्था के मुख्य आयोजक बद्रीनारायण सिंह और संतोष सिंह ने बताया कि पिछले 31 वर्षों से शक्ति दल राष्ट्र प्रथम और राष्ट्र सर्वोपरि की भावना के साथ भारत माता पूजन का आयोजन करता आ रहा है। कार्यक्रम के तहत भारत माता की प्रतिमा स्थापित कर वैदिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना, चंडी पाठ, हवन एवं तिरंगा ध्वजारोहण किया जाता है। साथ ही शहीद वेदी पर श्रद्धांजलि, प्रतीकात्मक तोप सलामी, फानूस उड़ाकर अमर शहीदों को नमन तथा देशभक्ति गीतों, नृत्य-नाटिकाओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया जाता है। उन्होंने बताया कि संस्था वर्षभर सामाजिक और सेवा कार्यों के साथ-साथ 'प्रतिभा प्रदर्शन' कार्यक्रम के जरिए विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिभाशाली बच्चों को अपनी कला प्रस्तुत करने का मंच भी उपलब्ध कराती है। बैठक में सदस्यता अभियान को और व्यापक बनाने तथा युवाओं को संगठन से जोड़ने की रणनीति पर भी चर्चा हुई। सदस्यता अभियान के संयोजक सुनील बिहारी ने अभियान की विस्तृत जानकारी दी। वहीं, संस्था के वरिष्ठ सदस्य महेश बिनानी ने बताया कि भारत केसरी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के अवसर पर 6 जुलाई को संस्था की ओर से विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।



लोकसभा स्पीकर ओम बिरला का अपने निवास स्थान पर स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट करते उद्योगपति एवं सामजसेवी कमल दुग्गड़, तुलसी दुग्गड़, सुरेंद्र दुग्गड़, साथ में हैं पार्षद संतोष पाठक, भोला सोनकर व अन्य



लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से भाजपा पार्षद मीनादेवी पुरोहित व भोला सोनकर ने की मुलाकात

## भ्रष्टाचार के आरोपों पर उपप्रधान के घर हिंसक हमला, 10 गिरफ्तार

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा जिले के श्यामपुर थाना क्षेत्र के धुधुट्टी गांव में शुक्रवार सुबह नकोल ग्राम पंचायत के उपप्रधान सदानंद दास के आवास पर हिंसक हमला, लूटपाट और आगजनी की घटना सामने आई। उपप्रधान की पत्नी दीपा दास ने आरोप लगाया है कि हमलावरों ने उन पर पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने की कोशिश की, लेकिन समय पर पहुंची पुलिस ने उन्हें सुरक्षित बचाकर अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह बड़ी संख्या में लोग उपप्रधान के घर पहुंचे। भीड़ ने नारेबाजी करते हुए घर में तोड़फोड़ की, नकदी, आभूषण और अन्य सामान लूट लिया तथा दो मंजिला मकान, गैरेज में खड़ी एसयूवी कार और दो मोटरसाइकिलों में आग लगा दी। आग की चपेट में प्लाज्मा टीवी, फर्नीचर और घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गए। खबर मिलते ही मौके पर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों ने करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दीपा दास ने अपनी शिकायत में कहा है कि विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की गई, हाथ-पैर बांध दिए गए और पेट्रोल डालकर आग लगाने की कोशिश की गई।

पुलिस ने घटना के सिलसिले में अब तक 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की रिहाई की मांग को लेकर श्यामपुर थाने के बाहर प्रदर्शन जारी है। स्थानीय लोगों ने सदानंद दास पर भ्रष्टाचार, कटमनी वसूली, जमीन कब्जाने और चुनाव बाद हिंसा सहित कई गंभीर आरोप लगाए हैं। घटना के बाद से ही सदानंद दास फरार हैं। इस मामले की जांच जारी है और इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल, रैफ और केंद्रीय बल तैनात कर स्थिति को नियंत्रण में रखा गया है।

## चार घंटे की पूछताछ के बाद पूर्व टीएमसी सांसद अपरूपा पोद्दार को अंतरिम जमानत

**हुगली :** पूर्व आरामबाग लोकसभा क्षेत्र से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सांसद रह चुकीं अपरूपा पोद्दार शुक्रवार को काले कोट में अपने सहयोगी वकील के साथ श्रीरामपुर थाने पहुंचीं। उनके थाने पहुंचने से पहले ही पूरे इलाके को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया था, जहां स्थानीय पुलिस के साथ-साथ केंद्रीय बल के जवान भी तैनात थे।

थाने में लगभग चार घंटे तक चली गहन पूछताछ के बाद अपरूपा पोद्दार (आफरीन अली) बाहर निकलीं। बाहर आते ही उनकी तबीयत बिगड़ गई और वह अचेत हो गईं। इसके बाद उन्हें तत्काल टोटो से श्रीरामपुर वॉल्स अस्पताल ले जाया गया।



उल्लेखनीय है कि अपरूपा पोद्दार को पुलिस एवं एनआईए अधिकारियों के कार्य में बाधा डालने के आरोप में उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। इस मामले में उन्हें थाने में पेश होने के लिए समन जारी किया गया था। समन मिलने के दो दिन बाद वह शुक्रवार को पूछताछ के लिए थाने पहुंचीं।

पूछताछ के उपरांत उन्हें श्रीरामपुर थाने से अंतरिम जमानत प्रदान की गई। साथ ही उन्हें जांच में पूर्ण सहयोग करने का निर्देश भी दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि अपरूपा पोद्दार के पति रिसड़ा नगरपालिका के वार्ड संख्या 4 के पार्षद हैं। टीएमसी पार्षद शाकिर अली को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) द्वारा 2023 में हुई हिंसा मामले में संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी के दौरान अपरूपा पोद्दार पर महिला पुलिसकर्मियों और अधिकारियों के साथ कथित बहस और हस्तक्षेप करने के आरोप भी लगे थे, जिसके चलते उनके खिलाफ गैर-जमानती धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। इधर अपरूपा पोद्दार के पति शाकिर अली को भी अदालत ने जमानत मंजूर कर ली।

### 2023 रामनवमी हिंसा मामला : अदालत ने तृणमूल नेता शाकिर अली को दी सशर्त जमानत

**कोलकाता, समाज्ञा :** हुगली जिले में तीन साल पहले (2023 में) रामनवमी की शोभायात्रा के दौरान हुई हिंसा से जुड़े मामले में एनआईए द्वारा गिरफ्तार तृणमूल कांग्रेस नेता शाकिर अली को यहां की एक विशेष अदालत ने शुक्रवार को सशर्त जमानत दे दी। बता दें कि शाकिर अली रिसड़ा नगरपालिका का पूर्व पार्षद और पार्टी की आरामबाग से दो बार लोकसभा सदस्य रहीं अपरूपा पोद्दार का पति है। उसे मंगलवार को हुगली जिले स्थित उसके आवास से गिरफ्तार किया गया था। इस दिन, यहां विचार भवन की विशेष अदालत के न्यायाधीश ने अली को जमानत देते हुए निर्देश दिया कि वह हर दो हफ्ते में जांच एजेंसी के समक्ष पेश होंगे। उसके अदालत की अनुमति के बिना राज्य छोड़ने पर भी रोक लगाई गई है। अदालत ने कहा कि ये शर्तें मामले में आरोप पत्र दाखिल होने तक लागू रहेंगी।

## हावड़ा जिला परिषद में नया बोर्ड गठित, गोपा घोष बनीं सभाधिपति, तुषारकांति घोष बने उपसभाधिपति

**हावड़ा, समाज्ञा**

हावड़ा जिला परिषद के बोर्ड समाप्त होने के 23 दिनों बाद शुक्रवार को नया बोर्ड गठित कर दिया गया। इस अवसर पर आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में गोपा घोष ने नए सभाधिपति के रूप में तथा तुषारकांति घोष ने उपसभाधिपति के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। जानकारी के अनुसार, 10 जून को जिला परिषद के सदस्य तुषारकांति घोष ने तत्कालीन सभाधिपति और उपसभाधिपति पर भ्रष्टाचार और परिवारवाद के गंभीर आरोप लगाए थे। इसके बाद 25 सदस्यों के समर्थन से लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के चलते जिला परिषद का पूर्व बोर्ड भंग हो गया था। शुक्रवार को हावड़ा जिला परिषद भवन में हुए शपथ ग्रहण कार्यक्रम में परिषद के सभी सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान आधिकारिक रूप से नए नेतृत्व को जिला परिषद की जिम्मेदारी सौंपी गई। नवनियुक्त सभाधिपति गोपा घोष और उपसभाधिपति तुषारकांति घोष ने कहा कि वे जिले के विकास कार्यों को गति देने और जनहित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्राथमिकता से कार्य करेंगे। दोनों ने पारदर्शी और विकासोन्मुख प्रशासन का आश्वासन भी दिया।

# देबराज चक्रवर्ती के लैपटॉप से वित्तीय लेनदेन के दस्तावेज बरामद

❑ **डिलीट किए गए व्हाट्सएप चैट रिकवर करने की तैयारी**

**कोलकाता, समाज्ञा :** रंगदारी और वित्तीय अनियमितताओं के आरोप में गिरफ्तार तृणमूल नेता देबराज चक्रवर्ती की जांच में नए दावे सामने आए हैं। जांच सूत्रों के अनुसार, पुलिस ने उनके कब्जे से बरामद लैपटॉप की जांच शुरू कर दी है, जिसमें बड़े पैमाने पर वित्तीय लेनदेन से जुड़े दस्तावेज मिले हैं। साथ ही, 'डीसी ग्लोबल' नामक कंपनी के जरिए प्रभाव का इस्तेमाल कर जमीन की खरीद-फरोख्त से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां भी सामने आने का दावा किया गया है। जांच अधिकारी इन दस्तावेजों और बैंक ट्रांजैक्शन की विस्तार से



जांच कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, पूछताछ में उन्होंने स्वीकार किया कि उनके मोबाइल से कई महत्वपूर्ण वाट्सएप चैट डिलीट कर दिए गए थे। अब जांच एजेंसियां इन डिलीट चैट को रिकवर करने के लिए साइबर विशेषज्ञों की सहायता लेने की तैयारी कर रही हैं। अधिकारियों का मानना है कि यदि चैट बरामद हो जाती हैं तो पूरे मामले में जुड़े अन्य लोगों और कथित नेटवर्क के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है। जांच में यह भी सामने आया है कि कोलकाता से फरार होने के बाद देबराज पांच राज्यों में घूमते रहे। एसटीएफ के अनुसार, उन्होंने अकेले यात्रा की, नकद देकर दूसरे नाम से बस टिकट खरीदे और दक्षिण भारत के कई छोटे-बड़े होटलों में ठहरे।

❑ **आरोपों की जांच के लिए एसआईटी का गठन**

देबराज चक्रवर्ती के खिलाफ रंगदारी, संगठित अपराध को संरक्षण देने और अवैध तरीके से अकूत संपत्ति अर्जित करने के आरोपों की जांच तेज हो गई है। बिधाननगर पुलिस ने मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है, जिसकी अगुवाई डीसी रैंक के अधिकारी कर रहे हैं।

## कानूनी संरक्षण की मांग पर हाई कोर्ट पहुंची टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा

**कोलकाता, समाज्ञा :** कृष्णानगर से तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा पर अंडे, कीचड़ और बैंगन फेंके जाने की घटना के बाद मामला अब अदालत तक पहुंच गया है। हमले के तुरंत बाद मोइत्रा ने कलकत्ता हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और सुरक्षा कवच यानी कानूनी संरक्षण की मांग की। शुक्रवार को न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य की अदालत में महुआ की ओर से याचिका दायर करने की अनुमति मांगी गयी। उनकी तरफ से अदालत को बताया गया कि उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर पर पुलिस तेजी से कार्रवाई कर रही है, लेकिन मोइत्रा द्वारा दर्ज करायी गयी शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा। इसी आधार पर उन्होंने अदालत से संरक्षण की मांग की। अदालत ने मामले में याचिका दायर करने की अनुमति दे दी। बता दें कि यह पूरा विवाद एक जुलाई को नदिया जिले के कालीगंज में हुई तृणमूल की एक कार्यकर्ता सभा से जुड़ा है। सभा के दौरान पार्टी कार्यालय के बाहर राष्ट्रीय राजमार्ग पर काले झंडे लेकर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गये। प्रदर्शनकारियों ने महुआ के खिलाफ 'हाय-हाय' और 'गो बैक' के नारे लगाने शुरू कर दिये। आरोप है कि प्रदर्शनकारियों ने पार्टी कार्यालय की खिड़की से मोइत्रा को देखते ही सड़क से उन पर एक के बाद एक अंडे फेंकने शुरू कर दिये। अंडों के साथ कीचड़ और बैंगन भी फेंके गये। इतना ही नहीं, मोइत्रा और तृणमूल कार्यकर्ताओं को घेरकर बाहर निकलने से रोकने का भी आरोप लगाया गया। घटना के बाद मोइत्रा ने सोशल मीडिया पर कई वीडियो साझा किये। इन वीडियो में उन्होंने राज्य की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदर्शनकारी भाजपा समर्थक थे और पुलिस पूरे घटनाक्रम के दौरान मूकदर्शक बनी रही।

## मॉनसून में तटीय इंफ्रास्ट्रक्चर को जंग से बचाने के लिए टिकाऊ निर्माण पर जोर

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण-पश्चिम मानसून के साथ तटीय क्षेत्रों में बढ़ती नमी, भारी वर्षा और खारे वातावरण को देखते हुए विशेषज्ञों ने जंग (कोरोजन) से सुरक्षित और टिकाऊ बुनियादी ढांचे के निर्माण पर विशेष जोर दिया है। इंटरनेशनल जिंक एसोसिएशन (इंडिया) के निदेशक डॉ. राहुल शर्मा ने कहा कि भारत का 7,500 किलोमीटर लंबा समुद्री तट अत्यधिक नमी और क्लोराइड युक्त हवाओं के कारण पुलों, बंदरगाहों, रेलवे, हवाई अड्डों, बिजली परियोजनाओं तथा अन्य सार्वजनिक परिसंपत्तियों के लिए चुनौतीपूर्ण वातावरण प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचे का डिजाइन केवल भार क्षमता नहीं, बल्कि स्थानीय जलवायु और पर्यावरणीय परिस्थितियों को ध्यान में रखकर तैयार किया जाना चाहिए।

डॉ. शर्मा के अनुसार, भारत में अधिकांश स्थानों पर एक समान निर्माण मानकों का पालन किया जाता है, जबकि विकसित देशों में पर्यावरणीय जोखिम के आधार पर अलग-अलग कोरोजन सुरक्षा मानक अपनाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि बेहतर सामग्री, गुणवत्तापूर्ण इंजीनियरिंग, जिंक-आधारित गैल्वनाइजेशन तथा लाइफ-साइकल आधारित योजना से रखरखाव लागत कम करने, सार्वजनिक सुरक्षा बढ़ाने और दीर्घकालिक निवेश को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है।

### बंगाल की खाड़ी के पास मौजूद निम्नदाब प्रणाली से दक्षिण बंगाल में भारी बारिश का अनुमान

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल की खाड़ी के आसपास बनी निम्न दाब प्रणाली से छह जुलाई तक दक्षिण बंगाल के कुछ जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश होने का अनुमान है, जिसके कारण क्षेत्र के निचले इलाकों में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो सकती है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। आईएमडी ने कहा कि कल दक्षिण 24 परगना, पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर, झाड़ग्राम, पुरुलिया, बांकुड़ा और हावड़ा जिलों में बहुत भारी स्तर की बारिश होने का अनुमान है। आईएमडी ने बताया कि बंगाल की खाड़ी के उत्तर-पश्चिम क्षेत्र में मौजूद निम्नदाब प्रणाली अगले दो दिन में जोर पकड़ सकती है, जिसकी वजह से दक्षिण बंगाल के अधिकतर जिलों में भारी बारिश होगी। आईएमडी ने संभावित भारी बारिश के कारण निचले इलाकों में जलभराव होने के प्रति आगाह किया है। आईएमडी ने कहा है कि सात से नौ जुलाई तक दार्जिलिंग और कालिम्पोंग समेत उत्तर बंगाल के सभी जिलों में भारी बारिश हो सकती है।

## खान सर की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई सात जुलाई तक टली, गिरफ्तारी पर रोक बरकरार

**पटना:** बिहार में चर्चित शिक्षक फैसल खान उर्फ खान सर की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई शुक्रवार को पटना की एक अदालत ने सात जुलाई तक के लिए स्थगित कर दी। इस बीच उनकी गिरफ्तारी पर लगी रोक भी सात जुलाई तक बढ़ा दी गई है। यह मामला जून की शुरुआत में हुई उस गोलीबारी की घटना से जुड़ा है, जब खान सर के कोचिंग संस्थान में कथित तौर पर कुछ असामाजिक तत्वों ने तोड़फोड़ की थी। आरोप है कि इस दौरान उनके सुरक्षा कर्मियों ने गोली चलाई थी। अदालत को खान सर के दोनों सुरक्षा कर्मियों की जमानत याचिकाओं पर भी सुनवाई करनी थी। दोनों फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

## उत्तर प्रदेश: मदरसों की एटीएस जांच के मामले में हस्तक्षेप करने से इलाहाबाद उच्च न्यायालय का इनकार

**प्रयागराज:** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने उत्तर प्रदेश में संचालित 4,000 से अधिक गैर सहायता प्राप्त मदरसों के वित्तपोषण की आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) द्वारा की जा रही जांच के मामले में हस्तक्षेप करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति नीरज तिवारी और न्यायमूर्ति विवेक शरण की खंडपीठ ने मदरसा प्रबंधन समिति और टीचर्स एसोसिएशन, मदरसा अरबिया की ओर से दायर याचिका खारिज कर दी। याचिकाकर्ताओं ने अदालत से नौ दिसंबर, 2025 के आदेश को रद्द करने की मांग की थी, जिसके तहत उत्तर प्रदेश सरकार ने एटीएस के माध्यम से उनके संस्थानों के वित्त-पोषण की जांच शुरू की थी। याचिकाकर्ताओं ने अदालत से कहा कि इससे पहले भी लगभग इसी आधार पर दो जांच बार की जा चुकी हैं, जिनमें उनके खिलाफ कुछ भी प्रतिकूल नहीं मिला था। उन्होंने यह भी कहा कि मौजूदा जांच याचिकाकर्ताओं को परेशान करने की एक कोशिश मात्र है, इसलिए यह जांच गलत है और इसपर रोक लगनी चाहिए। वहीं, अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल ने अदालत को बताया कि विभिन्न स्रोतों से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर यह जांच केवल याचिकाकर्ताओं के खिलाफ नहीं, बल्कि राज्य के 4,000 संस्थानों के खिलाफ की जा रही है।

# उत्तर प्रदेश की नौकरशाही अब नहीं है 'नीतिगत पंगुता' की शिकार : योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि यहां नौकरशाही अब नीतिगत पंगुता की शिकार नहीं है, बल्कि पूरी तेजी के साथ विकसित उत्तर प्रदेश के लक्ष्य को हासिल करने के लिए दौड़ने को तैयार है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को यहां 22 एकड़ से ज्यादा क्षेत्र में डॉ. राम मनोहर लोहिया उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी के 464 करोड़ रुपये से अधिक लागत से निर्मित अत्याधुनिक नवीन परिसर का लोकार्पण करने के उपरांत प्रशासनिक अधिकारियों और प्रशिक्षुओं को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भवन का उद्घाटन किया और परिसर का निरीक्षण कर विभिन्न सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत की आधारशिला उत्तर प्रदेश बनेगा और इसके लिए



प्रदेश के प्रत्येक गांव, कस्बे और वार्ड को आत्मनिर्भर बनाना होगा। उन्होंने कहा, राजनीतिक नेतृत्व केवल विजन दे सकता है, लेकिन उसे धरातल पर उतारने की पूरी ताकत प्रशासनिक मशीनरी के पास होती है। इसलिए प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण और सकारात्मक कार्यसंस्कृति बेहद जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अकादमी को भारत के अग्रणी 'स्कूल ऑफ पब्लिक लीडरशिप' के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ज्ञान से विकास, विकास से जनविश्वास और जनविश्वास से राष्ट्रनिर्माण की संकल्पना को साकार करने में यह संस्थान महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा तथा इसी उद्देश्य से आधुनिक सुविधाओं से युक्त इस अकादमी का निर्माण कराया गया है। उन्होंने कहा कि 'एकला चलो' की सोच या टीम को कमजोर करने की मानसिकता से अच्छे परिणाम नहीं मिल सकते क्योंकि टीमवर्क, सकारात्मक सोच और नवाचार ही सफलता का आधार हैं। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों को लगातार सीखते रहने, तकनीक आधारित सुशासन, संवेदनशील प्रशासन और नवाचार को अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि 2017 से पहले दो-तीन दशकों तक उत्तर प्रदेश की छवि बेहद नकारात्मक हो गई थी क्योंकि लोग मानने लगे थे कि देश की कोई भी योजना उत्तर प्रदेश में सफल नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि इसके लिए केवल प्रशासनिक अधिकारी ही नहीं, बल्कि राजनीतिक नेतृत्व भी जिम्मेदार था। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने अपनी नई पहचान बनाई है, आज प्रदेश देश की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में अपनी जगह बना चुका है।

## राजस्थान में नियमों का पालन नहीं करने पर 18 हजार से अधिक वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई

**जयपुर:** राजस्थान पुलिस ने राज्यव्यापी विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत नियमों का पालन नहीं करने पर 18,477 चालकों के खिलाफ कार्रवाई की है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार पुलिस ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, यातायात व्यवस्था को सुरक्षित एवं अनुशासित बनाने तथा आमजन में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से राज्यव्यापी विशेष प्रवर्तन अभियान दो जुलाई से शुरू किया। यह अभियान 16 जुलाई तक चलेगा और इसके तहत बिना हेलमेट वाहन चलाने, तेज गति से वाहन चलाने, राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों एवं अन्य सड़कों पर अवैध पार्किंग करने तथा राष्ट्रीय राजमार्गों पर लेन अनुशासन का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

## न्यूज अपडेट

### राजस्थान पहुंचा मानसून, कई दिन जारी रहेगा बारिश का दौर



**जयपुर:** राजस्थान में मानसून की बारिश शुरू हो गई है और इसके अगले कई दिन जारी रहने की पूरी उम्मीद है। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी। इसके अनुसार दक्षिण-पश्चिम मानसून सामान्य से सात दिन की देरी से बृहस्पतिवार को राज्य के पूर्वी भागों में पहुंच गया है। मानसून की उत्तरी सीमा टोंक, जयपुर, अलवर से होकर गुजर रही है। आगामी दिनों में राज्य के कुछ और भागों में मानसून के आगे बढ़ की प्रबल संभावना है। मौसम विभाग ने बताया कि मानसून के असर से शुक्रवार सुबह तक के चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उदयपुर, कोटा, अजमेर, भरतपुर व जयपुर संभाग के कुछ भागों में मध्यम से भारी बारिश हुई। सर्वाधिक 84.0 मिलीमीटर बारिश सांभर (जयपुर) में दर्ज की गई। हालांकि राज्य के पश्चिमी भागों में तेज गर्मी का दौर जारी है, जहां गंगानगर में अधिकतम तापमान 43.0 डिग्री सेल्सियस रहा। इसके अनुसार राज्य के जयपुर, भरतपुर, कोटा, उदयपुर, अजमेर संभाग के कुछ भागों में आगामी 5-7 दिन मानसून सक्रिय रहने व अधिकांश भागों में बारिश की गतिविधियां जारी रहने की संभावना है। इस दौरान पूर्वी व दक्षिण-पूर्वी भागों में कहीं-कहीं भारी व कहीं-कहीं अति भारी बारिश होने की संभावना है। इसी तरह पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर, बीकानेर संभाग के कुछ भागों में भी आगामी दिनों में आंधी बारिश की गतिविधियां में बढ़ोतरी होने की संभावना है।

### सहारनपुर में शादी वाले दिन दूल्हे ने लगाई फांसी, बिना पोस्टमार्टम अंतिम संस्कार

**सहारनपुर (उप्र):** सहारनपुर जिले में देवबंद थानाक्षेत्र के मोहिउद्दीनपुर गांव में शुक्रवार को कथित तौर पर अपनी शादी के दिन ही एक युवक ने आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। गंगोह के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) शैलेंद्र प्रताप गौतम ने बताया कि मामला संज्ञान में आने पर पुलिस अपने स्तर पर जानकारी जुटा रही है तथा जांच कराई जाएगी। पुलिस सूत्रों के अनुसार मोहिउद्दीनपुर गांव के अमित (28) की शुक्रवार शाम बारात जानी थी तथा बृहस्पतिवार रात घर में शादी से जुड़ा एक कार्यक्रम था। सूत्रों के अनुसार कार्यक्रम के बाद अमित घर की छत पर बने कमरे में सोने चला गया तथा शुक्रवार सुबह देर तक नीचे न आने पर परिजन जब उसके कमरे में गए तो वह फांसी पर लटका मिला। सूत्रों के मुताबिक घटना से शादी की खुशियां मातम में बदल गईं तथा परिजनों ने दोपहर में ही बिना पुलिस को सूचित किए शव का अंतिम संस्कार कर दिया। गांव वालों के मुताबिक अमित पिछले छह साल से रेलवे में नौकरी कर रहा था और अपनी शादी को लेकर बहुत खुश था। वह रेलवे में लोको पायलट था और फिलहाल लुधियाना में तैनात था।

### कौशांबी में एलपीजी टैंकर में आग लगने से मृतक संख्या बढ़कर पांच हो गई, दो और टोल कर्मियों की मौत



**कौशांबी :** उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले के कोखराज टोल प्लाजा पर पिछले हफ्ते एलपीजी टैंकर में लगी आग में दो टोल कर्मियों की इलाज के दौरान मौत के बाद मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कोखराज टोल प्लाजा प्रबंधक अनूप कुमार पांडे ने बताया कि रायबरेली निवासी हीरामणि सिंह (29) और मध्य प्रदेश के सीधी निवासी कृष्ण पाल मौर्य (23) की बृहस्पतिवार को प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल में मौत हो गई। दुर्घटना 26 जून को सुबह सात बजे के आसपास हुई जब एक एलपीजी टैंकर कोखराज पुलिस स्टेशन क्षेत्र के तहत कोखराज टोल प्लाजा पर एक दीवार से टकरा गया, जिससे बड़े पैमाने पर गैस रिसाव हुआ और उसके बाद विनाशकारी आग लग गई, जिससे टोल प्लाजा जलकर राख हो गया। घटना का सीसीटीवी फुटेज अब सामने आया है। इसमें देखा जा सकता है कि गैस से भरा टैंकर टोल प्लाजा के पास पहुंचा और वह वहां से निकल पाता, उससे गैस का रिसाव शुरू हो गया और सफेद धुआं तेजी से पूरे क्षेत्र में फैल गया। इस दौरान अन्य वाहन दोनों दिशाओं में टोल बैरियर से गुजर रहे थे, तो अचानक आग की लपटें उठने लगीं, जिसने कुछ ही क्षणों में टैंकर और आसपास के टोल बूथों को अपनी चपेट में ले लिया।

## भारत-नेपाल सीमा पर गैरकानूनी गतिविधियों को रोकने के लिए सभी एजेंसियां मिलकर काम करें: चौधरी

**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को कहा कि भारत-नेपाल सीमा पर गैरकानूनी एवं अनैतिक गतिविधियों को रोकने के लिए सभी एजेंसिया आपसी समन्वय से कार्य करें और विशेष सतर्कता बरतें। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ)द्वारा जारी बयान के मुताबिक पटना सचिवालय स्थित 'संवाद' में भारत-नेपाल सीमा से जुड़े सुरक्षा, प्रशासनिक एवं विकासात्मक विषयों पर आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में प्रभावी ढंग से कार्य करें और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न होने दें। उन्होंने कहा कि भारत-नेपाल के मैत्रीपूर्ण संबंधों को बनाए रखते हुए सीमावर्ती क्षेत्र की सभी गतिविधियों पर पूर्ण निगरानी रखी जाए तथा सभी जांच चौकियों से 15 किलोमीटर की



परिधि तक प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने उर्वरक एवं मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन, पुलिस तथा सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के बीच नियमित समन्वय बैठकें आयोजित करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीमावर्ती जिलों में थाना स्तर पर विशेष टीम का गठन कर ऐसे लोगों की पहचान एवं सत्यापन किया जाए, जिनकी संपत्ति में आय के ज्ञात स्रोतों की तुलना में अचानक वृद्धि हुई। ऐसे मामलों की पूरी जानकारी संकलित कर विधिसम्मत कार्रवाई की जाए।

### झारखंड के वित्तमंत्री ने पुलिस विभाग से 'नाराज' होकर सुरक्षा वापस की

**झारखंड:** झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सुरक्षा में अतिरिक्त गाड़ी की तैनाती की मांग पर पुलिस विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं किए जाने से नाराज होकर अपनी सरकारी सुरक्षा और गाड़ियां लौटा दी हैं। राज्य के संसदीय मामलों का विभाग भी संभाल रहे मंत्री ने शुक्रवार को स्वयं सुरक्षा वापस करने की जानकारी दी। किशोर ने बताया कि उन्हें 16 सुरक्षाकर्मी और आने-जाने के लिए तीन गाड़ियां मुहैया कराई गई हैं। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ''तीन गाड़ियों में 16 पुलिसकर्मियों को बिठाना व्यावहारिक नहीं है और किसी संकट के समय सुरक्षा के नजरिये से भी यह ठीक नहीं है।

## भरत तिवारी की कथित हत्या के दोषी अधिकारियों को सख्त सजा दिलाई जाएगी: चिराग पासवान

**भोजपुर:** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण एवं उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने शुक्रवार को कहा कि बिहार के भोजपुर जिले में भरत तिवारी की कथित हत्या के लिए जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों को सख्त सजा दिलाई जाएगी। भोजपुर के बिलौटी गांव में चिराग ने कथित पुलिस मुठभेड़ में मारे गए भरत तिवारी के परिजनों के साथ मुलाकात की और गहरी संवेदना व्यक्त की। केंद्रीय मंत्री ने परिजनों को भरोसा दिलाया कि उन्हें न्याय दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जायेंगे। उन्होंने कहा कि पीड़ित



परिवार की आवाज को पूरी मजबूती के साथ संबंधित मंचों तक पहुंचाया जाएगा और न्याय सुनिश्चित कराने की दिशा में हर आवश्यक पहल की जाएगी। स्थानीय सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता भरत तिवारी को प्रशासन ने 'मानसिक रूप से अस्थिर' बताया था। 17 जून को सोशल मीडिया पर उनकी पोस्ट के संबंध में पूछताछ के लिए पुलिस दल उनके घर पहुंचा था, जहां कथित मुठभेड़ में उनकी मौत हो गई। इस मुठभेड़ के बाद व्यापक जनाक्रोश पैदा हो गया। इसके चलते बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मामले की न्यायिक जांच के आदेश दिए। वहीं, विपक्षी दल जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने मांग की है कि जांच पटना उच्च न्यायालय के किसी न्यायाधीश से कराई जाए, न कि सेवानिवृत्त न्यायाधीश से। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि यह मांग नहीं मानी गई तो आंदोलन शुरू किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री ने महंत नृत्य गोपाल दास का अस्पताल में हाल चाल जाना

**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को मेदांता अस्पताल पहुंचकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास के स्वास्थ्य का हाल जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। अयोध्या स्थित राम मंदिर से जुड़े श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास का स्वास्थ्य खराब होने के बाद उन्हें यहां मेदांता अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। अस्पताल के मुताबिक महंत नृत्य गोपाल दास (89) को 29 जून को दोपहर लगभग 1:30 बजे आपातकालीन विभाग में लाया गया था। उस समय वे अचेत अवस्था में थे। प्रारंभिक जांच में उन्हें मूत्र मार्ग में संक्रमण की पुष्टि हुई है। वर्तमान में उनका उपचार क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ डॉ. दिलीप एवं उनकी टीम की निगरानी में चल रहा है। उन्हें आईसीयू में भर्ती किया गया है, जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम 24 घंटे सतत निगरानी रख रही है। उनकी स्थिति पर लगातार नज़र रखी जा रही है तथा आवश्यक उपचार किया जा रहा है। एक सरकारी बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को मेदांता अस्पताल पहुंचकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास के स्वास्थ्य का हाल जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।



## सोने में 3,300 रुपये का उछाल, चांदी 5,000 रुपये मजबूत

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत फिर से 1.5 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गई। लगातार दूसरे सत्र में इसमें 3,300 रुपये की बढ़ोतरी हुई, क्योंकि वैश्विक बाजार में मजबूती और कमजोर डॉलर ने सर्राफा की मांग को बढ़ा दिया। दिल्ली में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 3,300 रुपये या 2.2 प्रतिशत बढ़कर 1,50,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) हो गई, जबकि पिछले सत्र में यह 1,47,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। चांदी की कीमत में भी लगातार चौथे सत्र में बढ़ोतरी हुई और यह 5,000 रुपये या 2.08 प्रतिशत बढ़कर 2,45,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) हो गई। पिछले सत्र में चांदी 2,40,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

## आरबीआई ने बैंक ऑफ बड़ौदा पर 63.6 लाख रुपये का जुर्माना लगाया

**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को कहा कि नियामकीय मानकों के कुछ प्रावधानों के अनुपालन में कमी पाए जाने पर बैंक ऑफ बड़ौदा (बॉब) पर 63.6 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा कि 31 मार्च, 2025 तक की वित्तीय स्थिति के आधार पर बैंक का वैधानिक निरीक्षण किया गया था और इसके बाद उसे नोटिस जारी किया गया। बैंक से मिले जवाब पर विचार करने के बाद आरबीआई ने पाया कि कुछ ऋण खातों में बैंक ने तय ब्याज दर से अधिक ब्याज वसूला। इसके अलावा, बैंक ने कुछ ग्राहकों के केवाईसी रिकॉर्ड को निर्धारित समयसीमा के भीतर 'सेंट्रल केवाईसी रिकॉर्ड्स रजिस्ट्री' पर अपलोड भी नहीं किया था। आरबीआई ने एक अन्य बयान में कहा कि जीआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड पर भी केवाईसी दिशानिर्देशों के उल्लंघन के लिए 3.1 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

# सरकार ने बारिश की कमी और संभावित सूखे की स्थिति की समीक्षा की, तालमेल के निर्देश



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को एक उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक के बाद कहा कि सरकार देश के कुछ हिस्सों में सामान्य से कम बारिश और संभावित सूखे की स्थिति पर लगातार नजर रख रही है। शाह ने सभी केंद्रीय विभागों को सतर्क रहने और खरीफ फसलों की बुवाई के बारे में किसानों को सही सलाह देने के लिए राज्यों के साथ तालमेल सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, शाह ने कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ 'अल नीनो के कारण देश के कुछ हिस्सों में सामान्य से कम बारिश और उसके असर की समीक्षा की।' बैठक में मंत्रियों ने किसानों को पर्याप्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने, सभी जलाशयों में जल स्तर पर बारीकी से नजर रखने और कम पानी वाली फसलों को बढ़ावा देने की जरूरत पर जोर दिया। जून के दौरान पूरे भारत में बारिश में लगभग 40 प्रतिशत की कमी देखी गई, जिसमें मध्य भारत सबसे बुरी तरह प्रभावित हुआ, जहां 50.4 प्रतिशत की कमी रही। जुलाई में भी मासिक औसत बारिश सामान्य से कम रहने की उम्मीद है। कम बारिश के कारण 25 जून तक खरीफ फसलों की बुवाई 23 प्रतिशत घटकर 182.72 लाख हेक्टेयर रह गई। शाह ने कहा, सरकार अल नीनो के कारण देश के कुछ हिस्सों में सामान्य से कम बारिश और संभावित सूखे की स्थिति पर लगातार नजर रख रही है। उन्होंने कृषि मंत्रालय तथा अन्य मंत्रालयों को मौजूदा स्थिति के बारे में सतर्क रहने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे राज्य सरकारों के साथ तालमेल बिठाएं और किसानों को सही फसलें बोने की सलाह दें।

## मध्यम वर्ग भारत की वृद्धि का इंजन, 500 शहर बनेंगे नए आर्थिक केंद्र: सीतारमण

**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि भारत का मध्यम वर्ग देश की आर्थिक वृद्धि का मुख्य इंजन है और लगभग 500 शहर देश के नए आर्थिक गतिविधि केंद्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। फ्रांस के प्रमुख आर्थिक मंच 'रॉन्कोंट्रेस इकोनॉमिक द एक्स-एन-प्रोवेन्स' में 'नए मध्यम वर्ग के उदय को कैसे बढ़ावा दिया जाए' विषय पर आयोजित चर्चा में सीतारमण ने कहा कि वर्तमान में भारत की लगभग 31 प्रतिशत आबादी मध्यम वर्ग में शामिल है। उन्होंने बताया कि भारत में आर्थिक उदारीकरण के बाद से मध्यम वर्ग सालाना आधार पर लगभग 6.3 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। वित्त मंत्री ने कहा, भारत में कुल खर्च का लगभग 93 प्रतिशत हिस्सा मध्यम वर्ग और अपेक्षाकृत संपन्न उपभोक्ताओं द्वारा किया जाता है।

## मध्यम वर्ग भारत की वृद्धि का इंजन, 500 शहर बनेंगे नए आर्थिक केंद्र: सीतारमण



**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि भारत का मध्यम वर्ग देश की आर्थिक वृद्धि का मुख्य इंजन है और लगभग 500 शहर देश के नए आर्थिक गतिविधि केंद्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। फ्रांस के प्रमुख आर्थिक मंच 'रॉन्कोंट्रेस इकोनॉमिक द एक्स-एन-प्रोवेन्स' में 'नए मध्यम वर्ग के उदय को कैसे बढ़ावा दिया जाए' विषय पर आयोजित चर्चा में सीतारमण ने कहा कि वर्तमान में भारत की लगभग 31 प्रतिशत आबादी मध्यम वर्ग में शामिल है। उन्होंने बताया कि भारत में आर्थिक उदारीकरण के बाद से मध्यम वर्ग सालाना आधार पर लगभग 6.3 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। वित्त मंत्री ने कहा, भारत में कुल खर्च का लगभग 93 प्रतिशत हिस्सा मध्यम वर्ग और अपेक्षाकृत संपन्न उपभोक्ताओं द्वारा किया जाता है। यह वर्ग केवल महानगरों तक सीमित नहीं है, बल्कि दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में भी तेजी से फैल रहा है।उन्होंने कहा कि इसलिए, संपत्ति का वितरण अपने-आप ही महानगरों से आगे के शहरों तक फैलता हुआ दिखाई देता है। वित्त मंत्री ने कहा, इसलिए हम मानते हैं कि मध्यम वर्ग मात्र वृद्धि का लाभार्थी नहीं बल्कि असल में वृद्धि का इंजन है। उनकी खपत ही अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ा रही है।उन्होंने ओईसीडी अध्ययन का हवाला देते हुए कहा कि सरकार की विभिन्न नीतियों के चलते भारत वर्ष 2030 से 2035 के बीच मध्यम वर्ग की जनसंख्या के मामले में चीन से आगे निकल सकता है।

## शेयर बाजार में लगातार तीसरे सत्र में तेजी, सेंसेक्स 262 अंक चढ़ा

**मुंबई :** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों में तेजी और अमेरिका के कमजोर रोजगार आंकड़ों से मौद्रिक सख्ती की उम्मीद कम होने के बीच घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को लगातार तीसरे सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 262 अंक और निफ्टी में 95 अंक की तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 261.79 अंक यानी 0.34 प्रतिशत चढ़कर 77,763.91 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 655.4 अंक चढ़कर 78,157.52 अंक तक पहुंच गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक निफ्टी 95.15 अंक यानी 0.39 प्रतिशत बढ़कर 24,270.85 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से एचसीएल टेक में सर्वाधिक 5.79 प्रतिशत की तेजी रही जबकि टेक महिंद्रा 1.81 प्रतिशत चढ़ा।

## 'यूजरनेम' फीचर से साइबर अपराध का गंभीर खतरा: आईटी सचिव कृष्णन

**नयी दिल्ली :** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सचिव एस. कृष्णन ने शुक्रवार को कहा कि सरकार ने किसी अन्य व्यक्ति का रूप धारण करने (इम्पर्सनेशन) और साइबर अपराध की ''गंभीर'' आशंकाओं के मद्देनजर व्हाट्सऐप और अन्य संदेश मंचों से उनके 'यूजरनेम' फीचर पर स्पष्टीकरण मांगा है। यह टिप्पणी इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि सरकार ने इस सप्ताह व्हाट्सऐप, टेलीग्राम और सिग्नल को 'यूजरनेम' फीचर को लेकर नोटिस जारी किए हैं। इस सुविधा के जरिये लोग अपना फोन नंबर साझा किए बिना संदेश मंच पर संवाद (चैट) सकते हैं। 'यूजरनेम' फीचर शुरू करने की योजना की घोषणा के कुछ ही दिन बाद मेटा के स्वामित्व वाले व्हाट्सऐप को सरकार ने नोटिस जारी कर पूछा कि उसके खिलाफ सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम और संबंधित नियमों के तहत कार्रवाई क्यों न की जाए। केंद्र सरकार ने कहा है कि इन मुद्दों पर उसकी संतुष्टि होने और परामर्श प्रक्रिया पूरी होने से पहले इस सेवा को लागू नहीं किया जाना चाहिए। टेलीग्राम और सिग्नल पर 'यूजरनेम' फीचर पहले से उपलब्ध है, उन्हें भी बाद में नोटिस जारी किए गए। भारत में व्हाट्सऐप के करीब 50 करोड़ उपयोगकर्ता हैं, जबकि टेलीग्राम की पहुंच इससे काफी कम है। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सचिव एस. कृष्णन ने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के साइबर सुरक्षा सम्मेलन से इतर कहा, '' हमने 'यूजरनेम' का मुद्दा इसलिए उठाया है क्योंकि किसी अन्य व्यक्ति का रूप धारण करने की गंभीर आशंका है और यह साइबर अपराध करने के लिए प्रोत्साहन या सुविधा प्रदान करता है। यह बहुत गंभीर मामला है।''

## ई-रिक्शा को ऐप के जरिये बंद करने के मामले में तीन चीनी ऐप हटाने का आदेश

**नयी दिल्ली :** सरकार ने ई-रिक्शा को दूर से ही बंद कर देने के मामले में तीन चीनी मोबाइल ऐप बैट-बीएमएस, लॉसिजी और एऑक-आई-आयन को ऐप स्टोर से हटाने का आदेश दिया है। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह कदम सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो सामने आने के बाद उठाया गया है। इन वीडियो में बैट-बीएमएस ऐप के जरिये चलते हुए ई-रिक्शा को दूर रहकर बंद करते हुए दिखाया गया था। वीडियो सामने आने के बाद इंटरनेट से जुड़े वाहनों में साइबर सुरक्षा खामियों को लेकर चिंता बढ़ गई। सूत्रों ने कहा कि इन ऐप का दुरुपयोग बैटरी से चलने वाले वाहनों को दूर से निष्क्रिय करने के लिए किया जा रहा था। इसी आधार पर इन्हें ऐप स्टोर से हटाने का निर्देश दिया गया है। सरकार ने यह भी कहा है कि इस तरह के फीचर वाले किसी अन्य ऐप की पहचान होने पर उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। सरकार ऐप स्टोर संचालकों के साथ भी संपर्क में है ताकि ऐसे एप्लिकेशन के वितरण को रोका जा सके, जो साइबर सुरक्षा के लिए जोखिम पैदा कर सकते हैं। बैट-बीएमएस एक ब्लूटूथ-आधारित बैटरी प्रबंधन प्रणाली (बीएमएस) ऐप है, जिसे चीन की कंपनी शेन्जेन ग्रीनजॉय टेक्नोलॉजी ने विकसित किया है। यह ऐप बैटरी के चार्ज, वोल्टेज, करंट और तापमान जैसे मानकों की निगरानी और नियंत्रण की सुविधा देता है। लॉसिजी और एऑक-आई-आयन ऐप भी अन्य कंपनियों की ब्लूटूथ-सक्षम लिथियम बैटरियों के साथ उपयोग होने वाले इसी तरह के बीएमएस ऐप हैं। हालांकि, कम लागत वाले ई-रिक्शा में इस्तेमाल होने वाले कुछ बीएमएस में पर्याप्त प्रमाणीकरण व्यवस्था नहीं होने से ब्लूटूथ की सीमा (करीब 15 मीटर) के भीतर कोई भी व्यक्ति बैटरी से कनेक्ट होकर उसे बंद कर सकता था।

# दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का एक हिस्सा धंसने के मामले में दो अधिकारी निलंबित

**नयी दिल्ली :** दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे के एक हिस्से के धंसने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने कड़ी कार्रवाई करते हुए प्राधिकरण अभियंता की टीम के प्रमुख और ठेकेदार के परियोजना प्रबंधक को निलंबित कर दिया है। प्राधिकरण के अनुसार, बारिश के बाद पानी जमा हो जाने के कारण सड़क का हिस्सा धंस गया था। एनएचएआई ने बयान में कहा कि संबंधित परियोजना निदेशक, प्राधिकरण अभियंता और ईपीसी (इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट एंड कंस्ट्रक्शन) ठेकेदार को कारण बताओ नोटिस भी जारी किए गए हैं। प्राधिकरण ने कहा कि एक जुलाई, 2026 को दिल्ली-देहरादून आर्थिक गलियारे पर सड़क की सतह धंसने की घटना सामने आई थी। यह घटना 30 जून की रात हुई बारिश के कारण एक स्थान पर पानी जमा होने और वहां स्थायी जल निकासी प्रणाली चालू नहीं हो पाने की वजह से हुई थी। एनएचएआई ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी पोस्ट में कहा, ''बारिश के बाद दिल्ली-देहरादून आर्थिक गलियारे पर सड़क की सतह धंसने से राष्ट्रीय राजमार्ग के यात्रियों को हुई असुविधा के लिए हमें खेद है। प्रभावित हिस्से की मरम्मत कर उसे सामान्य यातायात के लिए खोल दिया गया है।''

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.65 अरब डॉलर घटकर 666.93 अरब डॉलर पर

**मुंबई :** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 26 जून को समाप्त सप्ताह में 5.65 अरब डॉलर घटकर 666.93 अरब डॉलर रह गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इसके एक सप्ताह पहले विदेशी मुद्रा भंडार 96.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 672.58 अरब डॉलर हो गया था। पश्चिम एशिया संघर्ष शुरू होने से पहले 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 728.49 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। इसके बाद रुपये पर दबाव बढ़ने और आरबीआई द्वारा डॉलर बेचकर विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप किए जाने के कारण इसमें लगातार कई हफ्तों तक गिरावट दर्ज की गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी 11 मई से कई बार सार्वजनिक रूप से देशवासियों से विदेशी मुद्रा की बचत करने की अपील की। उन्होंने विदेश यात्राएं कम करने, ईंधन की खपत घटाने और एक वर्ष तक सोने की खरीदारी से परहेज करने का आग्रह किया।

### मदरसा शिक्षक को पॉक्सो मामले में 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई

**हैदराबाद:** हैदराबाद की एक अदालत ने 2022 में 11 वर्षीय बच्चे का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में एक मदरसा शिक्षक को 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। बालापुर थाने में 23 मार्च 2022 को एक व्यक्ति द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, उसका 11 वर्षीय बेटा शाहीन नगर स्थित मदरसा जामिया नूरुल अनवर में नियमित रूप से पढ़ने जाता था, लेकिन शिकायतकर्ता ने देखा कि उसका बेटा एक सप्ताह से मदरसा नहीं जा रहा था और काफी परेशान दिख रहा था, तो उसने उससे इसकी वजह पूछी। पुलिस द्वारा बृहस्पतिवार देर रात जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, बच्चे ने अपने पिता को बताया कि उसके मदरसे का शिक्षक सैयद नदीम (22) लगभग एक महीने पहले उसे जबरदस्ती अपने घर लेकर गया जहां उसने उसके कपड़े उतारे और उसका यौन उत्पीड़न किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने पीड़ित को धमकी भी दी कि अगर उसने यह बात किसी को बताई तो वह उसे मार डालेगा।

### इसरो मुख्यालय को बम से उड़ाने की धमकी देने का आरोपी हिरासत में

**बेंगलुरु:** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु स्थित भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के मुख्यालय को बम से उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल भेजने के आरोप में उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान सामने आया कि व्यक्ति मानसिक बीमारी से ग्रस्त है। पुलिस के अनुसार, इसरो मुख्यालय को एक ईमेल मिला जिसमें दावा किया गया था कि इमारत में बम रखा गया है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए, पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और परिसर की गहन तलाशी ली। पुलिस ने बताया कि तलाशी के दौरान परिसर में कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली और ई-मेल में किया गया दावा झूठा साबित हुआ। इसरो के प्रशासनिक अधिकारी की शिकायत पर संजय नगर पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई और ई-मेल भेजने वाले का पता लगाने के लिए एक विशेष जांच टीम गठित की गई। पुलिस ने बताया कि तकनीकी विश्लेषण और डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर ई-मेल भेजने वाले की पहचान गाजियाबाद के व्यक्ति के तौर पर की गई और उसे हिरासत में ले लिया गया।

### झारखंड : महिला ने चलती ट्रेन में बच्चे को जन्म दिया


**देवघर:** झारखंड के देवघर जिले के मधुपुर रेलवे स्टेशन के नजदीक 25-वर्षीय एक महिला ने शुक्रवार को एक चलती रेलगाड़ी में बच्चे को जन्म दिया। रेलवे के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मधुपुर रेलवे स्टेशन के अधीक्षक राज शेखर ने बताया कि फराह नशीन नामक महिला अपने भाई आफताब आलम के साथ हावड़ा-नयी दिल्ली पूर्वा एक्सप्रेस के वातानुकूलित डिब्बे में सवार होकर हावड़ा से बिहार के जमुई स्थित अपने मायके जा रही थी। रेलवे अधिकारी ने बताया, 'नशीन को अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। जब उनकी हालत बिगड़ने लगी, तो दूसरे यात्रियों ने उनकी निजता और सुरक्षा का ध्यान रखते हुए कपड़ों से एक अस्थायी आड़ बना दी।' उन्होंने बताया कि इसके बाद, कोच अटेंडेंट ने रेलवे नियंत्रण कक्ष को मामले की जानकारी दी, जिसने मधुपुर स्टेशन मास्टर को सूचित किया और यात्री के लिए उचित चिकित्सा सुविधा का प्रबंध करने का निर्देश दिया। स्टेशन मास्टर ने मधुपुर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) को सतर्क किया।

### गूगल सर्च की मदद से सिंधुदुर्ग की लापता महिला अपने परिवार से मिली

**ठाणे:** महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले से दो महीने पहले लापता हुई एक मानसिक रूप से बीमार महिला को गूगल सर्च और महाराष्ट्र की एक सामाजिक संस्था की कोशिशों से उसके परिवार से मिला दिया गया है। संस्था से जुड़े लोगों ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि सिंधुदुर्ग जिले के वाजरे गांव की रहने वाली पूजा भगवान गावस मई में अपने घर से लापता हो गई थीं और बाद में सावंतवाड़ी कस्बे की सड़कों पर भटकती हुई मिलीं। पुलिस ने उन्हें जीवन आनंद संस्था द्वारा संचालित संविता आश्रम में भर्ती कराया। अधिकारी ने बताया कि उपलब्ध सीमित जानकारी के आधार पर जीवन आनंद संस्था के न्यासी किसन चौरे ने 'गूगल' की मदद से महिला के परिजनों की तलाश शुरू की और गांव के प्राधिकारियों के सहयोग से उनका परिवार का पता लगाया। अधिकारी ने बताया कि महिला के परिजनों ने उसकी तस्वीर से उसकी पहचान की, जिसके बाद बृहस्पतिवार को महिला को उसके परिवार से मिला दिया गया।

## राममंदिर ट्रस्ट से जुड़े दस्तावेज 'गोपनीय', सीआईसी ने सूचना देने से इनकार को सही ठहराया

**नई दिल्ली:** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के गठन से संबंधित सरकारी योजना और उससे जुड़े आदेशों को 'गोपनीय' श्रेणी में रखा है। केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) ने भी वर्ष 2024 के अपने आदेश में इस निर्णय को सही ठहराते हुए सूचना का अधिकार (आरटीआई) के तहत संबंधित दस्तावेज उपलब्ध कराने से इनकार को उचित माना।यह मामला आरटीआई कार्यकर्ता नीरज शर्मा द्वारा दायर आवेदन से जुड़ा है। उन्होंने 5 फरवरी 2020 को केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत उस योजना और संबंधित सरकारी आदेशों की प्रमाणित प्रतियां मांगी थीं, जिनके आधार पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का गठन किया गया था। 18 जून 2024 को आयोग में हुई सुनवाई के दौरान गृह मंत्रालय ने दलील दी कि ट्रस्ट के गठन से जुड़े सभी दस्तावेज अत्यंत संवेदनशील हैं और इन्हें गोपनीय श्रेणी में रखा गया है। मंत्रालय के अनुसार इन दस्तावेजों के सार्वजनिक होने से संबंधित व्यक्तियों की सुरक्षा को खतरा उत्पन्न हो सकता है। इसी आधार पर सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 8(1)(जी) के तहत सूचना देने से इनकार किया गया।तत्कालीन मुख्य सूचना आयुक्त हीरालाल सामरिया ने मंत्रालय की दलीलों को स्वीकार करते हुए कहा कि लोक सूचना अधिकारी ने विधिसम्मत उत्तर दिया है और आयोग के हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है। इसके साथ ही अपील का निस्तारण कर दिया गया।मंत्रालय ने आयोग को यह भी बताया कि श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट एक स्वतंत्र एवं स्वायत्त संस्था है, जिसमें केंद्र या राज्य सरकार का कोई वित्तीय, प्रशासनिक अथवा अन्य प्रकार का नियंत्रण नहीं है। केंद्र सरकार की भूमिका केवल उच्चतम न्यायालय के अयोध्या फैसले के अनुपालन में ट्रस्ट के गठन तक सीमित रही।इससे पहले 4 जून 2024 को जारी एक अन्य आदेश में सीआईसी ने यह भी स्पष्ट किया था कि ट्रस्ट सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 2(एच) के तहत 'सार्वजनिक प्राधिकरण' नहीं माना जा सकता। आयोग ने कहा कि ट्रस्ट का गठन उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में ट्रस्ट विलेख के माध्यम से किया गया था, न कि सरकार की किसी अधिसूचना से। साथ ही, ट्रस्ट को सरकार से कोई प्रत्यक्ष या परोक्ष वित्तीय सहायता अथवा प्रशासनिक नियंत्रण प्राप्त नहीं है।आयोग ने अपने फैसले में निष्कर्ष निकाला कि उपलब्ध तथ्यों के आधार पर ट्रस्ट को सार्वजनिक प्राधिकरण का दर्जा नहीं दिया जा सकता। इसलिए यह आरटीआई अधिनियम के दायरे में नहीं आता और उससे संबंधित गोपनीय दस्तावेज सार्वजनिक करने का कोई आधार नहीं बनता।



### एसआईटी मंदिर ट्रस्ट के पिछले पांच साल के खातों का दोबारा ऑडिट करेगी अयोध्या

अयोध्या में राम मंदिर में दान के कथित गबन की जांच कर रहा विशेष जांच दल (एसआईटी) श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पिछले पांच वर्षों के खातों का फिर से ऑडिट करेगा क्योंकि प्रारंभिक जांच में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताओं का संकेत मिला है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि पुन: ऑडिट में निर्माण-संबंधी व्यय के साथ-साथ दान के रूप में प्राप्त आभूषण और सोने तथा चांदी की अन्य वस्तुओं को भी शामिल किया जाएगा। सूत्रों ने कहा कि प्रारंभिक जांच के दौरान सामने आए कथित गबन के सबूतों के बाद एसआईटी पूरे पांच साल के ट्रस्ट के वित्तीय रिकॉर्ड की विस्तृत जांच करेगी। एक और घटनाक्रम में, अयोध्या पुलिस ने मुख्य आरोपी अविनाश शुक्ला को हिरासत में लेने के बाद उससे पूछताछ की।

### राम मंदिर में चढ़ावा चोरी से 'बहुत दुखी' हूं, दोषियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए : होसबाले



**नयी दिल्ली:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरकार्यवाह (महासचिव) दत्तात्रेय होसबाले ने शुक्रवार को कहा कि अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी की घटना ने राम भक्तों और पूरे समाज की आस्था को 'गहरी ठेस' पहुंचाई है और विशेष जांच दल को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि दोषियों को कठोर सजा मिले। होसबाले ने 'एक्स' पर एक बयान में कहा, 'इस घटना से हम सभी बहुत दुखी और आक्रोशित हैं।' राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी पर संगठन की ओर से यह पहली प्रतिक्रिया है। इस मामले में आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है और श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी अनिल मिश्रा के इस्तीफे भी हुए हैं। होसबाले ने दावा किया कि 'हिंदू विरोधी और राष्ट्रविरोधी ताकतें' इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना का फायदा उठाकर हिंदू धर्म को बदनाम करने की कोशिश कर रही हैं।

## अमेज़न प्राइम डे पर सेनहाइज़र के प्रीमियम ऑडियो उत्पादों पर 40% तक की छूट




**कोलकाता:** ऑडियो उपकरण निर्माता सेनहाइज़र ने 4 जुलाई से शुरू होने वाले अमेज़न प्राइम डे 2026 के दौरान अपने प्रीमियम ऑडियो उत्पादों पर आकर्षक ऑफर की घोषणा की है। कंपनी के अनुसार ग्राहकों को चुनिंदा हेडफ़ोन, ईयरबड्स और माइक्रोफ़ोन पर 40 प्रतिशत तक की छूट, नो-कॉस्ट ईएमआई तथा चुनिंदा बैंक कार्डों पर अतिरिक्त छूट का लाभ मिलेगा। ऑफर में मोमेंटम 4 वायरलेस स्पेशल एडिशन, मोमेंटम ट्रू वायरलेस 4, एचडी 490 प्रो प्लस, एचडी 630, प्रोफाइल वायरलेस 1-चैनल और 2-चैनल सेट तथा प्रोफाइल यूएसबी माइक्रोफ़ोन जैसे उत्पाद शामिल हैं। इनकी शुरुआती कीमत 6,990 रुपये से शुरू होकर 44,990 रुपये तक है। कंपनी का कहना है कि यह ऑफर प्रीमियम ऑडियो अनुभव को अधिक किफायती बनाने के उद्देश्य से लाया गया है। सभी ऑफर 4 से 6 जुलाई तक

### अमेज़न इंडिया का 10वां प्राइम डे 4 जुलाई से, 72 घंटे मिलेंगी बड़ी छूट

**कोलकाता:** अमेज़न इंडिया का 10वां प्राइम डे सेल 4 जुलाई से शुरू होकर 6 जुलाई रात 11:59 बजे तक चलेगा। तीन दिवसीय इस विशेष सेल में प्राइम सदस्य स्मार्टफोन, इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन, ब्यूटी, होम एंड किचन, ग्रॉसरी सहित विभिन्न श्रेणियों के उत्पादों पर आकर्षक छूट और 500 से अधिक नए उत्पादों के लॉन्च का लाभ उठा सकेंगे। कंपनी के अनुसार नए ग्राहकों को वार्षिक प्राइम सदस्यता मात्र 999 रुपये में मिलेगी, जबकि अन्य सदस्यता योजनाओं पर भी विशेष छूट दी जा रही है। एसबीआई और एक्सिस बैंक कार्डधारकों को 10 प्रतिशत तक की अतिरिक्त छूट तथा अमेज़न पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड पर 5 प्रतिशत अनलिमिटेड कैशबैक मिलेगा। सेल के दौरान स्मार्टफोन पर 40 प्रतिशत, इलेक्ट्रॉनिक्स पर 80 प्रतिशत, स्मार्ट टीवी पर 65 प्रतिशत, होम अप्लायंसेज़ पर 60 प्रतिशत तथा फैशन और ब्यूटी उत्पादों पर 80 प्रतिशत तक की छूट उपलब्ध होगी। इसके अलावा अमेज़न नाउ के माध्यम से चुनिंदा शहरों में ग्रॉसरी और अन्य आवश्यक सामान की अल्ट्रा-फास्ट डिलीवरी का भी लाभ मिलेगा।

### प्राइम डे पर ऑनलाइन उपलब्ध होगी नई येज़्दी स्क्रैम्बलर

**कोलकाता:** जावा-येज़्दी मोटरसाइकिल्स 4 से 6 जुलाई तक आयोजित प्राइम डे के दौरान अपनी नई येज़्दी स्क्रैम्बलर को विशेष रूप से अमेज़न के न्यू लॉन्च स्टोर पर उपलब्ध कराएगी। कंपनी के अनुसार 350 सीसी के तरल-शीतित इंजन से लैस यह देश की सबसे हल्की स्क्रैम्बलर मोटरसाइकिल है, जिसे शहर और लंबी यात्राओं दोनों के लिए तैयार किया गया है। मोटरसाइकिल की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 1,99,950 रुपये रखी गई है। प्राइम डे के दौरान ग्राहकों को ब्याज-मुक्त मासिक किस्त, चुनिंदा बैंक कार्डों पर 3,000 रुपये तक की तत्काल छूट तथा अमेज़न पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड पर 5 प्रतिशत तक कैशबैक का लाभ मिलेगा। ग्राहक ऑनलाइन बुकिंग के बाद देशभर में कंपनी के 400 से अधिक बिक्री एवं सेवा केंद्रों के माध्यम से पंजीकरण, बीमा और वाहन की डिलीवरी की प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे।

## हायर ने पेश की नई एचक्यूएलईडी पी7 प्रो स्मार्ट टीवी श्रृंखला

**मुंबई:** हायर इंडिया ने अपनी नई एचक्यूएलईडी पी7 प्रो स्मार्ट टीवी श्रृंखला लॉन्च की है। कंपनी का दावा है कि यह श्रृंखला दमदार ध्वनि, उत्कृष्ट चित्र गुणवत्ता और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित सुविधाओं के साथ बेहतर घरेलू मनोरंजन का अनुभव देगी। इसकी शुरुआती कीमत 35,990 रुपये रखी गई है।नई टीवी श्रृंखला में 50 वॉट का 2.1 चैनल ध्वनि तंत्र इन-बिल्ट सबवूफर के साथ दिया गया है। साथ ही डॉल्बी एटमॉस, डॉल्बी विज़न, एचडीआर10+ और एआई चित्र गुणवत्ता जैसी आधुनिक तकनीकों का समावेश किया गया है, जो बेहतर रंग, स्पष्टता और गहराई के साथ सिनेमा जैसा अनुभव प्रदान करती हैं।यह टीवी गूगल टीवी और जेमिनी आधारित स्मार्ट प्रणाली पर कार्य करता है तथा बिना रिमोट के आवाज़ के माध्यम से संचालन की सुविधा देता है। इसमें 2 जीबी रैम और 32 जीबी आंतरिक संग्रहण उपलब्ध है। यह श्रृंखला 43, 50, 55, 65 और 75 इंच के विभिन्न आकारों में देशभर के प्रमुख बिक्री केंद्रों पर उपलब्ध है। कंपनी का कहना है कि इस नई श्रृंखला के माध्यम से अत्याधुनिक तकनीक को अधिक से अधिक उपभोक्ताओं तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है।

## सोनम रघुवंशी को जमानत देने के आदेश पर रोक से उच्चतम न्यायालय का इनकार



**नयी दिल्ली:** उच्चतम न्यायालय ने 2025 में मेघालय में हनीमून के दौरान अपने पति की हत्या के आरोप में गिरफ्तार सोनम रघुवंशी को जमानत देने से संबंधित मेघालय उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति एम. एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति शील नागू की पीठ ने उच्च न्यायालय के फैसले पर प्रथम दृष्टया कुछ आपत्ति जताई लेकिन जमानत पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। अदालत ने इस तथ्य पर गौर किया कि रघुवंशी जेल से रिहा हो चुकी है और निचली अदालत की जमानत की शर्तों के अनुसार शिलांग में रह रही है। राज्य सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि रघुवंशी पर लगे आरोप बहुत गंभीर हैं और उसे सिर्फ तकनीकी कारणों के आधार पर जमानत नहीं दी जा सकती। मेहता ने कहा कि यह मामला वाकई बहुत चौंकाने वाला है। उन्होंने उच्च न्यायालय के जमानत आदेश पर रोक लगाने का अनुरोध करते हुए कहा कि जमानत इस आधार पर दी गई कि गिरफ्तारी के सभी कारण नहीं बताए गए थे।

## अमरनाथ यात्रा: पुलिस उपमहानिरीक्षक ने जम्मू में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की



**जम्मू:** पुलिस उपमहानिरीक्षक श्रीधर पाटिल ने जम्मू में जारी वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए तैनात सुरक्षा एजेंसियों की तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्था और आपसी समन्वय की समीक्षा की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने अमरनाथ यात्रा के लिए बृहस्पतिवार को जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से श्रद्धालुओं के पहले जत्थे को रवाना किया था। दक्षिण कश्मीर हिमालय में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा के लिए 57 दिवसीय यात्रा शुक्रवार सुबह अनंतनाग जिले के पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबे नुनवान-पहलगाम मार्ग और गांदरबल जिले के छोटे लेकिन अधिक दुर्गम 14 किलोमीटर लंबे बालटाल मार्ग से एक साथ शुरू हुई। यात्रा 28 अगस्त को संपन्न होगी। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू, सांबा और कठुआ- तीन सीमावर्ती जिलों के अभियानगत क्षेत्र की जिम्मेदारी संभाल रहे पुलिस उपमहानिरीक्षक पाटिल ने बृहस्पतिवार रात जम्मू की जिला पुलिस लाइन में सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने बताया कि बैठक का उद्देश्य अमरनाथ यात्रा के लिए तैनात सुरक्षा एजेंसियों की तैयारियों का आकलन करना और उनके बीच समन्वय को मजबूत करना था। बैठक में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के पुलिस उपमहानिरीक्षक, जम्मू के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जोगिंदर सिंह, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के अधिकारी, क्षेत्रीय पुलिस अधीक्षक, सेक्टर अधिकारी और यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े अन्य पुलिस अधिकारी शामिल हुए।

## स्कूलों के आधा किमी. के दायरे में स्टिंग एनर्जी ड्रिंक की बिक्री पर रोक लगाई जाएगी: महाराष्ट्र सरकार

**मुंबई** : महाराष्ट्र सरकार ने स्कूलों के 500 मीटर के दायरे में 'स्टिंग' एनर्जी ड्रिंक और इस तरह के अन्य पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने की शुक्रवार को घोषणा की। इस ड्रिंक में मौजूद कुछ ऐसे तत्वों को लेकर चिंता जताई गई है, जिन्हें बच्चों के लिए उचित नहीं माना जाता। विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक विक्रम पाचपुते के सवाल का जवाब देते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) मंत्री नरहरि झिरवाल ने कहा कि यह निर्णय स्कूली बच्चों पर एनर्जी ड्रिंक के प्रभाव को लेकर व्यक्त की गईं चिंताओं के कारण लिया गया है। मंत्री ने बताया कि इस प्रतिबंध को लागू करने के लिए एफडीए को निर्देश दिए गए हैं। साथ ही स्कूलों से भी कहा गया है कि वे छात्रों को एनर्जी ड्रिंक पीने से होने वाले स्वास्थ्य संबंधी नुकसान के बारे में जागरूक करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, ज्यादातर एनर्जी ड्रिंक में कैफीन और चीनी की मात्रा अधिक होती है। झिरवाल ने कहा, स्कूलों के आसपास 'स्टिंग' एनर्जी ड्रिंक की बिक्री को लेकर माननीय सदस्य द्वारा व्यक्त की गई चिंता कुछ हद तक सही है। यदि किसी स्कूल परिसर के 500 मीटर के दायरे में ऐसे एनर्जी ड्रिंक या किसी नशीले पदार्थ की बिक्री होने का पता चला, तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

## भारत-जापान शिखर सम्मेलन बेहद सफल रहा, 2027 में मनाएंगे राजनयिक संबंधों का 75वां वर्ष: विदेश मंत्रालय



**नयी दिल्ली:** जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची ने शुक्रवार को भारत की अपनी आधिकारिक यात्रा संपन्न की। इस अवसर पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस यात्रा ने भारत और जापान की साझा प्रगति तथा समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण साझेदारी को और मजबूत करने की दोनों पक्षों की प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत-जापान साझेदारी हिंद-प्रशांत क्षेत्र और उससे आगे शांति, समृद्धि और स्थिरता को बढ़ावा देने का भी एक महत्वपूर्ण आधार है। मंत्रालय ने नयी दिल्ली में आयोजित 16वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन को 'बेहद सफल' बताया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'एक यादगार यात्रा का समापन हुआ, जिसने भारत-जापान साझेदारी को साझा लक्ष्यों की ओर आगे बढ़ाया। जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची 16वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन की अत्यंत सफल बैठक के बाद भारत से रवाना हो गईं। उन्हें केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने विदाई दी।' उन्होंने नयी दिल्ली में विदाई समारोह की कुछ तस्वीरें भी साझा कीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर ताकाइची एक से तीन जुलाई तक भारत की यात्रा पर आई थीं। इस दौरान उन्होंने 16वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लिया। दोनों नेताओं ने बृहस्पतिवार को हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करने के उद्देश्य से व्यापक वार्ता की। प्रधानमंत्री मोदी और ताकाइची के बीच हुई शिखर वार्ता के दौरान भारत और जापान ने कई महत्वपूर्ण कदमों की घोषणा की। इनमें आर्थिक साझेदारी रूपरेखा, सैन्य उपकरणों के संयुक्त विकास के लिए रक्षा समझौता तथा तेल आपूर्ति संबंधी झटकों से निपटने के लिए ऊर्जा सहयोग को मजबूत करने के उपाय शामिल हैं। दोनों नेताओं ने वैश्विक अनिश्चितताओं का प्रभावी ढंग से सामना करने के लिए आपसी विश्वास को और मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया। जायसवाल ने कहा, ''इस यात्रा ने दोनों देशों की साझा प्रगति और समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण साझेदारी को आगे बढ़ाने तथा हिंद-प्रशांत क्षेत्र और उससे आगे शांति, समृद्धि एवं स्थिरता को बढ़ावा देने वाले मजबूत आधार के रूप में इसे विकसित करने की दोनों पक्षों की प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि की।''

### विदेश मंत्रालय और लद्दाख के प्रतिनिधियों ने बैठक के विवरण को लेकर मतभेद सुलझाए


**लेह:** लेह शीर्ष निकाय (एलएबी) और कारगिल लोकतांत्रिक गठबंधन (केडीए) के नेताओं ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने गृह मंत्रालय के साथ पिछली बैठक के विवरण पर मतभेदों को सुलझा लिया है। उन्होंने इसे केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के लिए प्रस्तावित लोकतांत्रिक ढांचे पर औपचारिक बातचीत की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया। यह घटनाक्रम लद्दाख के नागरिक समाज समूहों द्वारा 23 जून को किए गए बंद के दो सप्ताह से भी कम समय में सामने आया है। यह बंद 22 मई की बैठक के विवरण में अहम समझौतों को कथित तौर पर शामिल न करने और जमीन, शराब, बिजली, परिवहन और पर्यटन जैसे मुद्दों पर उप राज्यपाल के नेतृत्व वाले प्रशासन के 'एकतरफा'' फैसलों के विरोध में किया गया था। लद्दाख को राज्य का दर्जा दिलाने और इस क्षेत्र में छठी अनुसूची के तहत संवैधानिक सुरक्षा उपाय लागू करने की मांग को लेकर संयुक्त रूप से आंदोलन चला रहे एलएबी और केडीए ने 2021 से केंद्र सरकार के साथ कई दौर की बातचीत की है।

## चंद्रयान-3 के विश्लेषण से मिट्टी का संबंध चंद्रमा के सबसे पहले ज्ञात उल्कापिंड से जुड़ा



**नयी दिल्ली:** चंद्रमा के दक्षिणी उच्च अक्षांशों में चंद्रयान-3 के प्रज्ञान रोवर ने जिस मिट्टी का विश्लेषण किया, उसकी भू-रासायनिक संरचना उस पहले उल्कापिंड से काफी मिलती-जुलती है, जिसका मूल चंद्रमा से होने की पुष्टि हुई थी। यह बात एक नए अध्ययन में कही गई है। उदाहरण के लिए, एएलएचए 81005 नाम के उल्कापिंड और 'शिव शक्ति' क्षेत्र (चंद्रयान का लैंडिंग स्थल) की मिट्टी, दोनों में ही एल्युमीनियम ऑक्साइड और आयरन ऑक्साइड व मैग्नीशियम ऑक्साइड का मिश्रण लगभग एक जैसी मात्रा में है। अहमदाबाद स्थित भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (पीआरएल) के वैज्ञानिकों ने अध्ययन ''चंद्रयान-3 एपीएक्सएस मापों से चंद्रमा के ऊंचे इलाकों की बनावट में विविधता और उल्कापिंडों से उनके संबंध का पता चलता है' को अंजाम दिया। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि अध्ययन रिपोर्ट 'एनपीजे स्पेस एक्सप्लोरेशन'' पत्रिका में प्रकाशित हुई है। हालांकि, अध्ययन में कहा गया कि इन नतीजों का मतलब यह नहीं है कि 'चंद्रमा का उल्कापिंड शिव शक्ति स्थल से आया है; बल्कि, इससे पता चलता है कि दोनों ही मैग्नीशियम से भरपूर चंद्रमा की सतह (क्रस्ट) और रेगोलिथ (चंद्रमा की सतह पर पाया जाने वाला ढीला-ढाला पदार्थ) के एक जैसे प्रकार को दर्शाते हैं।' एएलएचए 81005 की खोज 1981-1982 के अभियान के दौरान अंटार्कटिका के एलन हिल्स इलाके में हुई थी। विश्लेषण से यह भी पता चलता है कि शिव शक्ति स्टेशन पर मौजूद मिट्टी, चंद्रमा की सतह की अलग-अलग परतों से आए पदार्थों का मिश्रण है। इसरो ने कहा, 'चंद्रयान-3 मिशन ने शिव शक्ति स्टेशन को चंद्रमा के पहले पहचाने गए उल्कापिंड से जोड़कर, चंद्रमा की प्राचीन सतह (क्रस्ट) के बनने की प्रक्रिया को समझने के लिए नए रास्ते खोल दिए हैं।'

## मनोज बाजपेयी ने लॉन्च किया 'उत्तर दा पुत्तर' का ट्रेलर




मुंबई। अभिनेता मनोज बाजपेयी ने आगामी कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 'उत्तर दा पुत्तर' का ट्रेलर लॉन्च किया। फिल्म हास्य, पारिवारिक भावनाओं और आस्था व किस्मत के अनोखे मेल पर आधारित है।फिल्म में अनु कपूर मुख्य भूमिका में हैं। वह ऐसे व्यक्ति का किरदार निभा रहे हैं, जिसे विश्वास हो जाता है कि सही दिशा उसके भाग्य को बदल सकती है। इसी विश्वास के साथ शुरू होने वाली उसकी यात्रा कई हास्यपूर्ण और भावनात्मक घटनाओं से गुजरती है। फिल्म में रुखसार रहमान, बृजेंद्र काला, पवन मल्होत्रा, इश्तियाक खान, जीवेशु अहलूवालिया, राजेंद्र सेठी, सुमित गुलाटी और नितिन अरोड़ा भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।फिल्म का निर्माण संदीप कपूर और प्रिया कपूर ने प्रोमोडोम मोशन पिक्चर्स के बैनर तले किया है। कहानी संदीप कपूर की है, जबकि निर्देशन रविंदर सिवाच ने किया है।निर्माता संदीप कपूर ने कहा कि यह फिल्म मनोरंजन के साथ जीवन में सही निर्णय और खुशियों की तलाश का सरल संदेश देती है। वहीं निर्देशक रविंदर सिवाच ने कहा कि ट्रेलर फिल्म की दुनिया की झलक भर है, जबकि पूरी कहानी दर्शकों को सिनेमाघरों में देखने को मिलेगी।'करम बड़े या किस्मत?' की थीम पर आधारित 'उत्तर दा पुत्तर' 24 जुलाई 2026 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी

### असम में बाढ़ की स्थिति में सुधार, प्रभावित लोगों की संख्या घटकर 6,678 हुई

**गुवाहाटी:** असम में बाढ़ की स्थिति में शुक्रवार को उल्लेखनीय सुधार हुआ और बाढ़ से प्रभावित लोगों की कुल संख्या घटकर 6,678 रह गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) की ओर से जारी बुलेटिन के अनुसार, राज्य में अब केवल धेमाजी जिला ही बाढ़ से प्रभावित है, जहां 2,495 पुरुष, 2,399 महिलाएं और 1,784 बच्चे अब भी बाढ़ की चपेट में हैं। इसमें कहा गया कि बृहस्पितावर को धेमाजी और डिब्रूगढ इन दो जिलों में 25,100 लोग बाढ़ से प्रभावित थे। बुलेटिन में कहा गया है कि फिलहाल धेमाजी जिले में तीन राहत शिविरों में 129 लोग रह रहे हैं। इसमें यह भी बताया गया है कि बाढ़ के मौजूदा दौर में 4,765 पशु भी प्रभावित हुए हैं। इसमें कहा गया कि किसी नई मौत या किसी के लापता होने की कोई रिपोर्ट नहीं है। इस साल की बाढ़ में अब तक दो लोगों की मौत हो चुकी है।

## 'तुम जैसे हजार पति रख सकती हूं'वाले कथन पर पत्नी की जान लेने वाले व्यक्ति की कैद की सजा घटायी गयी

**जबलपुर:** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने गर्भवती पत्नी की हत्या के दोषी एक व्यक्ति की उम्रकैद की सजा घटाकर सात वर्ष के सश्रम कारावास में बदल दी है। उच्च न्यायालय ने कहा कि यह हत्या पूर्वनियोजित नहीं थी, बल्कि पत्नी द्वारा 'तुम जैसे हजार पति रख सकती हूं' कहे जाने से उत्पन्न ''अचानक और गंभीर उकसावे' का परिणाम थी। न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल और न्यायमूर्ति अवनींद्र कुमार सिंह की खंडपीठ ने 18 जून को अपने फैसले में कहा कि पत्नी की यह टिप्पणी पति की 'निरर्थकता'' की ओर परोक्ष संकेत करती है, जिसका अर्थ है कि एक इंसान और पति के रूप में उसकी कोई कीमत नहीं है। अभियोजन ने बताया कि छिंदवाड़ा जिले के चौरई विकासखंड निवासी के शिवा कहार ने 18 सितंबर 2021 को सात माह की अपनी गर्भवती पत्नी किरण की सिर पर पत्थर मारकर हत्या कर दी थी। अभियोजन ने बताया कि घटना के बाद कहार ने स्वयं अपने ससुर को फोन कर घटना की जानकारी दी और थाने को भी सूचित किया, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। कहार ने अपने बयान में कहा था कि घटना वाले दिन उसका पत्नी से विवाद हुआ था। इस दौरान पत्नी ने कहा, 'मैं तुम्हारे जैसे हजार पति रख सकती हूं।' इससे क्रोधित होकर उसने पास में पड़े पत्थर से पत्नी के सिर पर वार कर दिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। छिंदवाड़ा की जिला अदालत ने कहार को हत्या के जुर्म में आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। इस फैसले के खिलाफ उसने उच्च न्यायालय में अपील दायर की थी। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा, 'मामले के तथ्यों और परिस्थितियों को देखते हुए हमें लगता है कि यह पूर्वनियोजित अपराध नहीं था। पास में पड़े पत्थर का इस्तेमाल किरण को चोट पहुंचाने के लिए किया गया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। घटना के बाद आरोपी ने स्वयं पुलिस और किरण के परिजनों को इसकी सूचना दी।' खंडपीठ ने कहा, 'जब पत्नी अपने पति से कहती है कि 'वह उसके जैसे हजार पति रख सकती है', तो यह पति की निरर्थकता की ओर परोक्ष संकेत है, जिसका अर्थ है कि एक इंसान और पति के रूप में उसकी कोई कीमत नहीं है। इसलिए इसे अचानक और गंभीर उकसावा माना जा सकता है।'



### ओसाका शानदार जीत के साथ विम्बलडन के चौथे दौर में पहुंची

**लंदन :** चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका शुक्रवार को यहां डारिया कासात्किना पर 6-1, 6-3 की आसान जीत के साथ पहली बार विम्बलडन महिला एकल के चौथे दौर में जगह बनाने में सफल रही। ओसाका ने मैच के के बाद कोर्ट पर हुए साक्षात्कार में अपनी बेटी शाई के तीसरे जन्मदिन से जुड़ा एक मजेदार किस्सा भी साझा किया। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार को बेटी को जन्मदिन के मौके पर पास के पार्क ले जाने की योजना थी, लेकिन वह उम्मीद के मुताबिक पूरी नहीं हो सकी। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, ''शायद मुझे यह नहीं बताना चाहिए, लेकिन कल वह थोड़ी शरारती थी। हम उसे पार्क ले गए थे, लेकिन उसे 'टाइमआउट' देना पड़ा। अब आज फिर उसे पार्क ले जाने की कोशिश करेंगे।'' ओसाका अब शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी आर्यना सबालेंका और येलेना ओस्टापेंको के बीच होने वाले मुकाबले की विजेता से भिड़ेंगी।

### गुकेश ग्रैंड शतरंज टूर क्रोएशिया में संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर

**जाग्रेब (क्रोएशिया) :** विश्व चैंपियन डी गुकेश ने अपने सफेद मोहरों का अच्छा उपयोग करते हुए दिन के अंतिम गेम में नीदरलैंड के ग्रैंडमास्टर अनीश गिरी को हराया और यहां ग्रैंड शतरंज टूर के ज़ाग्रेब चरण के दूसरे दिन के बाद संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर पहुंच गए। ईरान के ग्रैंडमास्टर अलीरेजा फिरोजा ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 12 में से 10 अंक हासिल करके अपनी बढ़त तीन अंक तक पहुंचा दी है। जर्मनी के विन्सेंट कीमर, फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव, रोमानिया के डिएक बोगदान-डैनियल और गुकेश के समान सात अंक हैं और वह संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं। भारत के आर प्रज्ञाननंदा, गिरी और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव उनसे आधा अंक पीछे हैं, जबकि क्रोएशिया के इवान सारिक और नीदरलैंड के जॉर्डन वैन फोरेस्ट सिर्फ दो-दो अंकों के साथ तालिका में सबसे नीचे हैं। रूय लोपेज़ एक्सचेंज वेरिएशन में गिरी के खिलाफ मिले अवसरों का गुकेश ने भरपूर फायदा उठाया। भारतीय खिलाड़ी ने उनके राजा पर हमला किया और इसके बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा। प्रज्ञाननंदा के लिए दिन और भी बेहतर हो सकता था, लेकिन आखिर में उन्हें अलीरेज़ा के खिलाफ एक गलती भारी पड़ी और आखिर में वह हार गए।

# दूसरे टी20 से पहले सैमसन की फॉर्म, सूर्यवंशी के पदार्पण की संभावना पर नजरें

**मैनचेस्टर :** वैभव सूर्यवंशी के पदार्पण की बढती मांग के बीच इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार को दूसरे टी20 मैच में संजू सैमसन पर अच्छे प्रदर्शन का दबाव रहेगा जो इस दौरे पर लगातार नाकाम साबित हो रहे हैं। पहला मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था जिसमें भारत ने अभिषेक शर्मा और कप्तान श्रेयस अय्यर के अर्धशतकों की मदद से सात विकेट पर 189 रन बनाये थे। अगले कुछ मैचों में फोकस सैमसन पर रहेगा कि वह सूर्यवंशी को पदार्पण का मौका दिये जाने की बढती मांग के बीच अपनी उपयोगिता साबित कर पाते हैं या नहीं। भारत की टी20 विश्व कप में खिताबी जीत के सूत्रधार रहे सैमसन को कम से कम एक साल तक मौका




दिया जा सकता था लेकिन अब जबकि भारतीय क्रिकेट को सूर्यवंशी के रूप में एक असाधारण प्रतिभाशाली क्रिकेटर मिल गया है। ऐसे में सैमसन के लिये गलती की कोई गुंजाइश नहीं रह गई है और टी20 विश्व कप का शानदार प्रदर्शन भी टीम में उनकी जगह की गारंटी नहीं हो सकता। अभिषेक शर्मा ने पिछले तीन मैचों में से दो में 49 और 59 रन बना लिये हैं जिससे सारा दबाव अब सैमसन पर है। बारिश के कारण रद्द हुए पहले मैच में सैमसन ने सात गेंद में एक रन बनाया था और एक बार भी नहीं लगा कि वह आक्रामक खेलने के मूड में हैं। सीम लेती पिचों पर तकनीक के मामले में उनकी कमजोरी सामने आती है। राजस्थान के टोंक के रहने वाले आयरलैंड के गुमनाम से तेज गेंदबाज जय मूंदड़ा ने उनकी कमजोरी का फायदा उठाकर उनका विकेट लिया। टीम प्रबंधन 15 वर्ष के सूर्यवंशी को लेकर कोई हड़बड़ी नहीं करना चाहता लेकिन अगले कुछ मैचों में उन्हें नहीं उतारा गया तो इस फैसले पर सवाल उठने तय हैं। सैमसन के अलावा तिलक वर्मा को भी मध्यक्रम में तेज खेलना होगा। स्पिनरों के आने के बाद वह तेजी से रन नहीं बना पाते हैं। इस साल 12 टी20 में वह सिर्फ 12 छक्के लगा सके हैं और एक फिनिशर के लिये यह खराब आंकड़ा है।

## विम्बलडन में रूस के क्वालीफायर सफीउलिन ने जोआओ फोंसेका को हराकर उलटफेर किया

**लंदन :** रूस के क्वालीफायर रोमन सफीउलिन ने शुक्रवार को विम्बलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम में ब्राजील के उभरते सितारे जोआओ फोंसेका को 6-3, 6-3, 6-3 से हराकर चौथे दौर में जगह बनाई। रैंकिंग में 132वें स्थान पर मौजूद सफीउलिन पिछले साल घुटने की चोट से जूझ रहे थे, लेकिन इस हफ्ते उन्होंने ऑल इंग्लैंड क्लब में दो वरीय प्रतिद्वंद्वियों को बाहर कर दिया। उन्होंने पहले दौर में 12वें वरीय एंड्री रुबलेव को हराकर उलटफेर किया। फोंसेका को 24वीं वरीयता मिली थी। अठाईस साल के सफीउलिन 2023 में विम्बलडन क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे थे। उन्होंने मैच के बाद अपनी शर्ट से आंसू पोंछे। क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए सफीउलिन का सामना नोवाक जोकोविच और आर्थर रिंडरकनेच के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा। गत चैंपियन यानिक सिनर का मुकाबला अमेरिका के जेनसन ब्रूक्सबी से होगा। महिलाओं के ड्रॉ में शीर्ष रैंकिंग खिलाड़ी आर्यना सबालेंका का सामना सेंटर कोर्ट पर येलेना ओस्टापेंको से होगा।

## सुदर्शन का शतक, देवदत्त के 94 रन, भारत ए ने बनाए एक विकेट पर 247 रन

**गॉल (श्रीलंका) :** सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए सीरीज में लगातार दूसरा शतक जड़ा जिससे भारत ए ने शुक्रवार को यहां दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के दूसरे दिन एक विकेट पर 247 रन बना लिए। भारत ए अब श्रीलंका ए से 119 रन से पीछे है। मेजबान टीम पहली पारी में 366 रन पर आउट हो गई। मेहमान टीम के शानदार प्रदर्शन का श्रेय सुदर्शन (नाबाद 104 रन) को जाता है जिन्होंने 166 गेंद पर अपना 10वां प्रथम श्रेणी शतक बनाया। देवदत्त पडिक्कल ने भी उतना ही शानदार प्रदर्शन किया और वह 151 गेंद पर 94 रन बनाकर खेल रहे हैं। अमन मोखाड़े के 38 रन पर आउट



होने के बाद बाएं हाथ के दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिए अब तक 181 रन जोड़ लिये हैं। सुदर्शन और मोखाड़े ने पहले विकेट के लिए 66 रन की साझेदारी बनाई। ऑफ-स्पिनर केशर नुवांथा ने मोखाड़े को आउट किया, लेकिन धीमी टर्निंग पिच पर मेजबान टीम को दिन में बस यही एकमात्र सफलता मिली। इसके बाद सुदर्शन और देवदत्त ने आसानी से श्रीलंकाई गेंदबाजों के खिलाफ रन जुटाए। तमिलनाडु के इस बल्लेबाज ने तेज गेंदबाज असंका मनोज की गेंद पर चौका लगाकर 85 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया और बाद में बिना ज्यादा परेशानी के शतक पूरा किया। सुदर्शन ने ड्रॉ हुए पहले अनौपचारिक टेस्ट में भी शतक बनाया था और पूरी उम्मीद हे कि श्रीलंका के खिलाफ होने वाली दो मैच की टेस्ट श्रृंखला के लिए जल्द ही घोषित होने वाली भारतीय टीम में जगह पक्की कर ली है।

### केप वर्दे के साहस का सामना अब मेस्सी और अर्जेंटीना के कौशल से

**मियामी गार्डंस :** अर्जेंटीना के पास विश्व कप खिताब हैं, दुनिया का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी है, फुटबॉल का समृद्ध इतिहास है और सितारों से भरी टीम भी। लेकिन केप वर्दे के पास इनमें से कुछ नहीं है। विश्व कप में अंतिम 32 के इस बेमेल मुकाबले में हार्ड रॉक स्टेडियम पर गत चैम्पियन अर्जेंटीना एक ऐसी टीम से भिड़ेगी जिसके पास खोने के लिये कुछ नहीं है। उसे अपेक्षाओं के बोझ से भी नहीं जूझना है। केप वर्दे के बैकअप डिफेंडर लानिक दोस सांतोस तावारेस ने कहा, ''मुझे लगता है कि हम यहां कमाल कर सकते हैं।'' अगर केप वर्दे जीत जाता है तो यह फुटबॉल ही नहीं बल्कि खेल के इतिहास के सबसे बड़े उलटफेर में से एक होगा। इससे पहले मॉस्को ओलंपिक 1980 में ऐसा ही चमत्कार देखने को मिला था जब अमेरिका की युवा आइस हॉकी टीम ने अपराजेय मानी जा रही सोवियत संघ की टीम को हराकर स्वर्ण पदक जीता था।

## रामोस और रोनाल्डो के गोल से पुर्तगाल ने क्रोएशिया को 2-1 से हराया

**टोरंटो :** गोनकालो रामोस ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में राफेल लीओ के पास पर हेडर से गोल किया, जबकि क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने पेनल्टी किक को गोल में बदला जिससे पुर्तगाल ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए क्रोएशिया को 2-1 से हराकर विश्व कप फुटबॉल के अंतिम 16 में प्रवेश किया। अंतिम सीटी बजने से पहले मैच विवादों में घिर गया क्योंकि क्रोएशिया को लगा कि उसने आखिरी क्षणों में स्कोर 2-2 से बराबर कर लिया है, लेकिन वीडियो समीक्षा के बाद मारियो पासालिच को ऑफसाइड करार दिया और गोल को अमान्य घोषित कर दिया गया। क्रोएशिया के प्रशंसकों ने मैदान पर बोतलें फेंकीं और विरोध में सीटी बजाई। क्रोएशिया ने 53वें मिनट में इवान पेरिसिच के गोल से बढ़त बनाई, जो उन्होंने जोसिप सानिसिच के क्रॉस पर किया था। रोनाल्डो ने पहले 68वें मिनट में पेनल्टी किक पर गोल करके स्कोर बराबर किया जो विश्व कप में नॉकआउट चरण का उनका पहला गोल था। लेकिन पुर्तगाल की जीत के



नायक रामोस रहे जिन्होंने इंजरी टाइम के चौथे मिनट में तब गोल किया जब लग रहा था कि मैच अतिरिक्त समय तक खिंच जाएगा। उस समय रोनाल्डो बेंच पर बैठे हुए थे। उन्हें 81वें मिनट में सब्स्टीट्यूट कर दिया गया था। पुर्तगाल सोमवार को राउंड ऑफ 16 में स्पेन का सामना करेगा। इस मैच में दो ऐसे खिलाड़ी आमने-सामने थे जिनकी उम्र 40 वर्ष से अधिक थी।


## एम्बोलो और एनदोये के गोल से स्विट्ज़रलैंड अंतिम 16 में



**वैंकूवर :** ब्रिल एम्बोलो और डैन एनदोये के गोल की मदद से स्विट्ज़रलैंड ने अल्जीरिया को 2-0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम 16 में जगह बनाई। स्विट्ज़रलैंड अगला मुकाबला कोलंबिया और घाना के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। राउंड ऑफ 16 का मैच अगले मंगलवार को वैंकूवर में खेला जाएगा। स्विट्ज़रलैंड ने 1938 में फ्रांस में खेले गए विश्व कप के बाद नॉकआउट राउंड का कोई मैच नहीं जीता था, लेकिन 1954 में उसकी टीम ने प्लेऑफ मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी। स्विट्ज़रलैंड की टीम पिछले तीन विश्व कप में अंतिम 16 में पहुंची थी लेकिन इससे आगे बढ़ने में नाकाम रही। अल्जीरिया 2014 के बाद पहली बार विश्व कप में भाग ले रहा था। वह 2014 में नॉकआउट राउंड तक पहुंचा था, लेकिन तब जर्मनी से हार गया था। अल्जीरिया ने बृहस्पतिवार की रात को खेले गए मैच में शुरुआती 10 मिनट तक दबदबा बनाए रखा था, लेकिन यहां पर स्विट्ज़रलैंड ने बढ़त बनाई और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। बेहतरीन फॉर्म में चल रहे योहान मंज़ाम्बी गेंद लेकर दाहिनी ओर से तेजी से आगे बढ़े और उन्होंने एम्बोलो को शानदार क्रॉस दिया। एम्बोलो को उस पर गोल करने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। एम्बोलो ने अपने 26वें अंतरराष्ट्रीय गोल का जश्न घुटनों के बल फिसलते हुए मनाया।

### स्पेन के गोलकीपर साइमन ने विश्व कप में लगातार 519 मिनट तक गोल न खाने का रिकॉर्ड बनाया

**इंगलवुड :** स्पेन के गोलकीपर उनाई साइमन ने विश्व कप फुटबॉल के इतिहास में सबसे लंबे समय तक गोल न खाने का 36 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है। उन्होंने बृहस्पतिवार को ऑस्ट्रिया के खिलाफ 3-0 की जीत में मौजूदा विश्व कप में लगातार चौथी बार क्लीन शीट (एक भी गोल नहीं खाना) हासिल की। साइमन के इस रिकॉर्ड की शुरुआत पिछले विश्व कप से हुई थी और उन्होंने अभी तक विश्व फुटबॉल के सर्वोच्च मंच पर 519 मिनट तक कोई गोल नहीं होने दिया है। इस तरह से उन्होंने इटली के मशहूर गोलकीपर वाल्टर ज़ेंगा का 1990 में बनाया गया रिकॉर्ड तोड़ दिया, जिन्होंने तब लगातार 517 मिनट तक कोई गोल नहीं होने दिया और पांच मैचों में लगातार क्लीन शीट रखीं थी। साइमन को मौजूदा विश्व कप में सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर में शामिल नहीं किया गया लेकिन इस 29 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने शानदार खेल से विश्व कप की रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कर दिया। स्पेन ने इस विश्व कप में अभी तक एक भी गोल नहीं खाया है, और उसके गोलकीपर को केवल चार बचाव करने पड़े हैं।







वर्ष 11, पूर्णांक 3642 अंक 108 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in